लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 203, पृष्ठ 18+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 9 जून 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सहेजना होगा वर्षा का कीमती जल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम** 45.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 19 : 01



इगा स्वियातेक ने लगाई खिताबी हैट्रिक...13

MISSION COACHING INSTITUTE ★ MISSION-NEET/IIT-JEE ★ ABM SIR

# MISSION COACHING INSTITUTE

Your Dream. Our Mission..

AN EXCELLENT INSTITUTE FOR : NEET/IIT-JEE /FOUNDATION/ XI/XII

## मिशन एक नाम नहीं विश्वास है।

बरेली टॉपर NEET-2023



सानिध्य सिंह ने तोड़े ये बरेली मण्डल के कई रिकॉर्ड किया था अपने माता पिता और टीचर्स का मण्डल में नाम रोशन

AFMC-(PUNE) MARKS-675

NEET-2024



मो. अज़ीज़ अपने पिता, भाई और टीचर्स के साथ रिजल्ट की खुशी मनाते हुए।

MARKS - 668

NEET-2024



स्नेहा पटेल ने किया अपने माता-पिता और टीचर्स का नाम बरेली मण्डल में रोशन

MARKS - 671

## *ABM SIR हैं तो मुमकिन है

## OUR STAR PERFORMERS OF NEET-UG-2024

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Marks - 680 | Marks - 671 | Marks - 670 | Marks - 668 | Marks - 667 | Marks - 661 | Marks - 660 | Marks - 659 |
| Mohd. Sarfaraz | Sneha Patel | Abhi Gupta | Mohd. Aziz | Veera Sharma | Manu Sharma | Nihal Mustafa | Kashvi Singh |
| Marks - 658 | Marks - 656 | Marks - 655 | Marks - 654 | Marks - 645 | Marks - 642 | Marks - 642 | Marks - 600 (UK) |
| Mohd. Imran | Mahak | Mohd Kafeel | Keerti | Amit Gangwar | Shahnawaz Rizvi | Anas Siddiqui | Mohd. Imran |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Rank - 897 (Cat.) | Rank - 1866 (Cat.) | Rank - 3801 (Cat.) | Rank - 8201 (Cat.) | Rank - 9536 (Cat.) | Rank - 11174 (Cat.) |
| Mohd Shavez | Arun Verma | Rahul Singh | Yogendra Singh | Swati Singh | Anmol Singh |

MANY MORE..

TOP RESULT OF PREVIOUS YEAR

| NEET-2021 | NEET-2022 | NEET-2023 |
|---|---|---|
| RML (LUCKNOW) | AMU (ALIGARH) | GMC (MEERUT) |
| SANOBAR BARKATI | SHAHZIL ANSARI | SALMAN HAIDAR |

HOSTEL & LIBRARY FACILITY AVAILABLE

हिन्दी मीडियम के छात्रों के लिए अलग बैच की सुविधा उपलब्ध।

NEW BATCHES FOR NEET - 2025 STARTING FROM 10 JUNE & 17 JUNE

OPP. MJP ROHILKHAND UNIVERSITY MAIN GATE, NEAR PETROL PUMP, PASHUPATI VIHAR, BAREILLY

Enquiry Contact : 9045295622, 9045427704

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

42.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक संबोधन का मंचन शाम 5 :15 बजे
- सेक्रेट हार्ट्स स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड पर बरेली टी-20 लीग टूर्नामेंट शाम 4 बजे
- बरेली कॉलेज में संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे
- कवि गोष्ठी आयोजन समिति की ओर से शास्त्री नगर स्थित नीतीश कपूर के आवास पर सरस काव्य संध्या शाम 4 :30 बजे
- माधोबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शाम 6 :30 बजे
- भारत विकास परिषद की ओर से प्रांतीय दायित्व ग्रहण एवं कार्यशाला रोटरी भवन में सुबह 9 बजे से

## बरेली से दिल्ली और लखनऊ के किराये में दो रुपये की वृद्धि

**बरेली, अमृत विचार :** टोल प्लाजा की नई दरें लागू होने के बाद लंबे रूट की रोडवेज बसों के किराये में इजाफा किया गया है। लखनऊ और दिल्ली के किराये में दो रुपये की वृद्धि की गई है। बरेली से आसपास के स्थानों का किराया नहीं बढ़ा है। बरेली से लखनऊ का किराया 383 से 385, दिल्ली का 441 से 443, फर्रुखाबाद का 186 से 187, कानपुर का 396 से 399, सीतापुर का 256 से 258, गाजियाबाद का 399 से 401, हरिद्वार का 407 से 408, देहरादून का 523 से 524 रुपये कर दिया गया है। इन रूटों पर एसी बसों के किराये में भी वृद्धि की गई है। वहीं बरेली से रामपुर, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर आदि स्थानों का किराया नहीं बढ़ाया गया है।

# मामला 360 करोड़ की जमीन का... बजट के इंतजाम के बिना ही अनाथालय बंद कर बनाने चले गुरुकुल

### दो साल से खाली कराने की चल रही है कवायद, बाकी बची तीन लड़कियों को 30 जून तक निकलने का अल्टीमेटम

**प्रशांत पांडेय, बरेली**

**अमृत विचार :** शहर के बीच 360 करोड़ से ज्यादा अनुमानित कीमत की 42 बीघा जमीन पर स्थापित 140 साल पुराना आर्य समाज अनाथालय जून का महीना गुजरने के साथ बंद हो जाएगा। इस कीमती जमीन का आगे क्या होगा, यह फिलहाल अनिश्चित है। अनाथालय प्रबंधन आगे चलकर इस जमीन पर गुरुकुल स्थापित करने का दावा जरूर कर रहा है, लेकिन इसके लिए बजट के नाम पर उसकी झोली फिलहाल खाली है। आगे बजट का इंतजाम कहां से होगा, इसकी भी कोई योजना नहीं है। इसी वजह से अनाथालय प्रबंधन के इस फैसले पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

किसी समय आर्य समाज अनाथालय में 80-90 अनाथ बच्चों की परवरिश होती थी, लेकिन अब यहां सिर्फ तीन अनाथ लड़कियां ही रह गई हैं। इन्हें भी 30 जून तक अनाथालय खाली करने का अल्टीमेटम दे दिया गया है। मानसिक दबाव बनाने के लिए इनसे बाकायदा एग्रीमेंट भी करा लिया गया है। वार्डन समेत 12-13 लोगों के बाकी स्टाफ को फरवरी में ही हटा दिया गया था। अनाथालय को बंद करने के साथ यहां गुरुकुल शुरू करने का पूरा फैसला अनाथालय प्रबंध कमेटी की ओर से ही लिया गया है। सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि 42 बीघा क्षेत्रफल में गुरुकुल स्थापित करने के लिए बजट के नाम पर फिलहाल प्रबंध कमेटी के पास कुछ नहीं है। बजट के




- 140 साल पहले आए महर्षि दयानंद की पहल पर बना था आर्य समाज अनाथालय
- खाली कराने को वार्डन समेत दर्जन भर कर्मचारियों की पहले ही की जा चुकी है छुट्टी

इंतजार में कब तक यह जमीन खाली पड़ी रहेगी और फिर उस पर गुरुकुल ही शुरू होगा या कुछ और, यह ऐसा सवाल है जिसका कोई स्पष्ट जवाब अभी किसी के पास नहीं है।

इस्लामिया मार्केट के नजदीक 42 बीघा जमीन में आर्य समाज अनाथालय के मुख्य भवन के साथ पीलीभीत रोड पर सनराइज एन्क्लेव में भी अनाथालय की तीन सौ गज जमीन है। इसके अलावा चाहबाई में करीब एक बीघा और नौमहला मस्जिद के पास करीब एक बीघा जमीन है जो अनाथालय को दान की गई थी। शहर और शहर से बाहर भी अनाथालय की कई और भू संपत्तियां बताई जाती हैं जो करोड़ों की कीमत की हैं। सारी भूसंपत्तियां उदार लोगों ने अनाथालय में बेघर बच्चों की अच्छी परवरिश के लिए इस संस्था को दान की थीं लेकिन अब अनाथालय प्रबंधन ने अनाथालय का अस्तित्व ही खत्म करने की तैयारी शुरू कर दी है।

### कहां जाएंगी अनाथालय में रह रहीं जवान लड़कियां, कोई मतलब नहीं

अनाथालय में फिलहाल जो तीन लड़कियां रह रही हैं, उनका भविष्य अनिश्चित हो गया है। इनमें से एक बीएड की पढ़ाई कर रही है और दूसरी स्नातक। तीसरी लड़की की शादी तय हो चुकी है। प्रबंध कमेटी की ओर से उनसे अनाथालय छोड़ने का एग्रीमेंट तो करा लिया है लेकिन उनके भरण-पोषण और जीवनयापन के लिए कोई इंतजाम नहीं किया है। तीनों लड़कियां बचपन से ही यहां रह रही हैं और उनकी समझ में नहीं आ रहा है कि वे कहां रहेंगी और खाने-पीने समेत दूसरी जरूरतें कैसे पूरी करेंगी।

### अनाथालय के प्रधान बोले- गुरुकुल बनाने के लिए फिलहाल बजट नहीं, दानदाताओं से सहयोग लेंगे

आर्य समाज अनाथालय के प्रधान ओमकार आर्य का कहना है कि अनाथालय में गुरुकुल शिक्षण पद्धति से शिक्षण कार्य कराया जाएगा। गुरुकुल में बालक-बालिकाओं के अलग-अलग रहने और शिक्षण की व्यवस्था विकसित की जाएगी। ओमकार ने बताया कि गुरुकुल के निर्माण के लिए कमेटी के पास फिलहाल कोई बजट नहीं है। जो भी है, वह दान से ही जुटाया गया। गुरुकुल के निर्माण के लिए दानदाताओं का सहयोग लिया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी है, इसीलिए अनाथालय खाली कराया जा रहा है। संस्थान की कमेटी के पास अनाथालय का स्वरूप बदलने का अधिकार है।

> अनाथालय की सभी संपत्तियां सार्वजनिक है। अनाथालय को बंद नहीं किया जा सकता है। दान की भूसंपत्ति और दूसरी संपत्तियों का उपयोग सिर्फ अनाथालय के लिए किया जा सकता है। उनका उपयोग बदलने के लिए कई न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पूरा करना होगा। इसके अलावा समिति अपने नियमों के अनुसार ही इन संपत्तियों का उपयोग कर सकती है। - **रविंद्र पाल सिंह कालरा**, दीवानी अधिवक्ता

### सवाल : अनाथालय ही नहीं रहेगा तो उसकी कमेटी की क्या मान्यता

अनाथालय को बंद करके गुरुकुल शुरू करने की योजना पर कई सवाल उठाए जा रहे हैं। बजट के इंतजाम के बगैर गुरुकुल बनाने के इरादे पर तो सवाल है ही, यह भी कहा जा रहा है कि जो कमेटी अनाथालय बंद करने जा रही है, उसे उसी के लिए ही चुना गया था। जब अनाथालय नहीं रहेगा तो कमेटी और उसके निर्णय कैसे मान्य हो सकते हैं। यह भी कहा जा रहा है कि कमेटी के पास अनाथालय और उसकी संपत्ति की स्वामित्व नहीं है तो वह कैसे कोई निर्णय ले सकती है।

### आठ साल की बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में जेल गए, लौटकर फिर बन गए प्रधान

जुलाई 2023 में अनाथालय के प्रधान ओमकार आर्य पर आठ साल की एक बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करने के आरोप में केस दर्ज हुआ था। इस मामले में तत्कालीन महिला सीओ ने सीसीटीवी फुटेज और बच्ची के बयानों के आधार पर आरोपों को पुष्ट माना था। इसके बाद पुलिस ने ओमकार आर्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कहा जा रहा था कि ओमकार आर्य के जेल जाने के बाद कमेटी दूसरे प्रधान का चयन करेगी लेकिन लोगों को तब आश्चर्य हुआ जब ओमकार जेल से लौटकर आर्य समाज अनाथालय के प्रधान की कुर्सी पर काबिज हो गया। बता दें कि अनाथालय का संरक्षण आर्य समाज बिहारीपुर की समिति करती है। समिति के सदस्य ही पदाधिकारियों का चयन करते हैं। कई बार अनाथालय की संपत्ति पर लोगों की निगाह होने का मामला भी चर्चा में रहा है।

### बाल शोषण रोकने को ही महर्षि दयानंद ने स्थापित कराया था अनाथालय

अनाथालय का इतिहास जानने वाले लोगों के मुताबिक आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती 1883-84 में बरेली आए थे। उन दिनों वह बच्चों की चोरी, बाल शोषण और उनकी अशिक्षा दूर करने के लिए अभियान चला रहे थे। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने यहां दान की जमीन पर अनाथालय की स्थापना कराई गई थी। करीब 140 बरसों में हजारों अनाथ बच्चों को अनाथालय में रहकर आत्मनिर्भर होने के लिए सहारा मिला लेकिन 2022 के बाद यहां गठित हुई कमेटी ने अनाथालय का स्वरूप बदलकर गुरुकुल स्थापित करने की योजना पर काम शुरू कर दिया। दिसंबर 2022 तक यहां 55- 60 अनाथ और बाल विकास समिति में पंजीकृत लड़के और लड़कियां थे जिन्हें भरण पोषण के साथ शिक्षा भी मुहैया कराई जा रही थी। अब अनाथालय प्रबंधन के मुताबिक यहां युवाओं को शिक्षित करने और धर्म शास्त्रों का ज्ञान देने के लिए गुरुकुल बनाया जाएगा।

## गर्मी से राहत नहीं, पारा 41 पर बरकरार

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी से लोगों को राहत मिलती नहीं दिख रही है। तीन दिन से लगातार अधिकतम तापमान 41 डिग्री पर स्थिर रहने से लोगों को सुबह से ही गर्मी का अहसास हो रहा है। मौसम वैज्ञानिकों की ओर से अभी तापमान में बढ़ोतरी की बात कही जा रही है। शनिवार को जिले में अधिकतम 41.0 और न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान सुबह के समय 46 प्रतिशत और शाम को 26 प्रतिशत आर्द्रता दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डा. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सप्ताह भर मौसम साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम 42 और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री के आसपास दर्ज होने का पूर्वानुमान है। वहीं, 12 जून से फिर गर्म हवाएं चलने से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। जिससे तापमान 43 डिग्री तक पहुंचेगा।

School Education ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

साई पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एण्ड साई अस्पताल
(UP State Medical Faculty Lucknow)
प्रवेश सत्र : 2024-25
छात्रवृत्ति उपलब्ध
• Diploma OT • Diploma Dialysis • Diploma Cardio
Stadium Road, Bareilly
Call us : 9399449913, 7253077077

EXCELLENT IAS ACADEMY
अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
IAS/PCS
नये बैच शीघ्र प्रारम्भ
उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा 2023 में चयनित
7983948124, 9935264849 FULLY AC SMART CLASS ROOMS
L/2A35, रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE Learn - Assimilate - Transcend
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm. BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Bareilly office: D-46, 2nd Floor, Butlar Plaza Ph.: 9012313333
Aonla : Pragati Nagar Gate, Shahbad Road. Ph.: 9105050471
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9917480040 | www.futureinstitutions.org

# अब स्मार्ट सिटी की खिल्ली उड़ाएंगे... और क्या करें

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** अफसर सुन नहीं रहे और ज्यादातर जनप्रतिनिधियों ने भी जवाबदेही से बचने के लिए हवाई दावों के साथ दिखावे का रास्ता पकड़ लिया है, लिहाजा शहर के लोगों ने भी शिकायतें करने के बजाय सिस्टम की पोल खोलने के दूसरा रास्ता अख्तियार करना शुरू कर दिया है। वार्ड 55 में कीचड़ से अटी टूटी-फूटी नर्सरी रोड की वजह से दिक्कत झेल रहे लोगों ने स्मार्ट सिटी पर तंज कसते हुए पोस्टर चस्पा कर दिए हैं।

कागजों में करोड़ों का बजट जारी हो चुका है लेकिन ज्यादातर इलाकों में दुर्दशाग्रस्त सड़कों की हालत सुधर नहीं पा रही है। नगर निगम के निर्माण विभाग की कार्यशैली पर पहले से सवाल खड़े हो रहे हैं। अब शिकायतें भी गंभीरता से न सुने जाने के कारण लोगों का विश्वास ही उठने लगा है। वार्ड 55 में नर्सरी रोड पर चस्पा किए गए पोस्टर इसकी गवाही दे रहे हैं। इस इलाके के लोगों के मुताबिक वे चोक नाली, टूटी सड़क और अतिक्रमण की कई बार शिकायत नगर निगम के अफसरों से कर चुके है लेकिन कोई समस्या देखने को तैयार नहीं है। इस इलाके में करीब 20 हजार की आबादी है और उसके लिए नर्सरी रोड ही मुख्य मार्ग है। इसी सड़क से लोग मिनी बाईपास और सिद्धार्थनगर आते-जाते है। यहां रहने वाले वीरेंद्र मिश्र और परम गंगवार ने बताया कि लोग काफी दिक्कत झेल रहे हैं। राजू और रजनीश ने बताया कि गोबर की वजह से नाली चोक हो गई है। बदबू के कारण लोग घर के बाहर भी नहीं खड़ा होना चाहते। अफसरों ने फिर भी स्मार्ट सिटी का मेडल लगा रखा है।



लंबे समय से यह हाल है नर्सरी रोड का, लोगों को आवाजाही में हो रही है दिक्कत। अमृत विचार

- कीचड़ से अटे नर्सरी रोड पर दिक्कतें झेल रहे लोगों ने स्मार्ट सिटी के खिलाफ चिपकाए पोस्टर
- नगर निगम के अफसरों-नेताओं पर कई बार शिकायतों के बाद भी न सुनने का आरोप




### कई और इलाकों में भी नाला चोक होने से भरा है पानी

जलभराव भी शहर की सड़कों के टूटने का कारण है लेकिन नगर निगम बेपरवाह बना हुआ है। शनिवार को साहू गोपीनाथ, राजेंद्रनगर, हजियापुर समेत कई जगहों पर जलभराव से लोग परेशान दिखे। हजियापुर में खजूर वाली मस्जिद के पास लोगों ने बताया किनाले की सफाई नहीं हुई है। इसकी शिकायत नगर निगम अधिकारियों के साथ पोर्टल पर भी की है, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हो सका है।

वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग
ग्राम कैमुआ, आँवला, बदायूं रोड, बरेली, पिन-243402
यू.पी. स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा सम्बद्ध
इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आई.एन.सी.) दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
हेल्थकेयर क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
संस्थान में संचालित पाठ्यक्रम
जी.एन.एम. | ए.एन.एम. | ओ.टी. टैक्नीशियन
कॉल करें-0581-2510507, 9412193065, 9720282723
नगर कार्यालय
वरदान हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, ईसाईयों की पुलिया, श्यामगंज, बरेली-243001
ई-मेल : vardancollege1@gmail.com | वेबसाइट : www.vardangroupofinstitution.com

## रामलीला गौंटिया में दो महीने से पानी नहीं, लोग बेहाल

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- इलाके के लोग नगर निगम के अफसरों को दे चुके हैं ज्ञापन
- शिकायत के बाद भी समस्या का नहीं हुआ समाधान

**अमृत विचार :** वार्ड नं 46 के रामलीला गौटिया मोहल्ले में समस्याओं के अंबार लगे हैं, जिससे मोहल्लेवासी काफी परेशान हैं। उन लोगों के अनुसार दो महीनों से यहां पर पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। इसकी वजह से पूरी आबादी प्रभावित है। इन लोगों ने बताया कि पिछले दो महीनों से टंकिया सूखी पड़ी हैं। घरों के हैंडपंप कभी भी अचानक पानी छोड़ देते हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। बार-बार अवगत कराने के बाद भी जिम्मेदार उनकी समस्या का समाधान कराने को लेकर गंभीर नजर नहीं आते।

मोहल्लावासियों का कहना है कि मोहल्ले में केवल सड़क ही बन पायी है, लेकिन नालियों का कहीं कोई पता नहीं है। मोहल्ले के पानी की निकासी प्लॉटों में ही होती है। लोगों का कहना है कि जब इन प्लॉटों पर निर्माण हो जाएगा तो जलभराव की स्थिति पैदा होना स्वाभाविक है। इसके साथ ही मोहल्लावासियों ने बताया कि न तो यहां पर कूड़ा निस्तारित होता है, न ही कोई सफाई कर्मचारी ही आता है। सरकारी नल की भी यहां पर कोई व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा और भी कई समस्याएं यहां पर हैं, लेकिन इन समस्याओं की ओर ध्यान देने के लिए जिम्मेदार जरा भी तैयार नहीं हैं। यहां के भजन लाल का कहना है कि दो महीनों से पानी का सप्लाई ठप पड़ी है। 30-40 घर समस्या से प्रभावित हैं। पूरे मोहल्ले में एक सरकारी नल तक नहीं है। इसी हफ्ते नगर आयुक्त के कार्यालय में ज्ञापन भी दिया, पर अब तक कोई नहीं आया।

नंदू लाल का कहना है कि इतनी गर्मी में पानी की जरूरत बढ़ जाती है। आठ माह पहले ही पाइप लाइन डाली गयी है। उसके बाद कोई भी पलट कर नहीं आया।

लक्ष्मी के अनुसार दो महीनों से पानी नहीं आ रहा है। मोहल्ले के कई लोग तो शिकायत करना भी नहीं चाहते, क्योंकि उन्हें पता है कि केवल इलेक्शन के समय में ही नेताओं को हमारी याद आती है, उसके बाद कोई सुनवाई नहीं होती। पानी जैसी बेसिक जरूरत भी पूरी नहीं हो पा रही। वेदप्रकाश बोले-मोहल्ले के लोगों ने समस्या को लेकर नगर निगम में शिकायत की, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। ऋषिपाल का कहना है कि पेयजल समस्या का निदान अभी तक नहीं किया गया है। लोगों को दिक्कत हो रही है। पार्षद तक हमारी बात नहीं सुनते हैं। शांति का कहना है कि मुझे लगता है कि जब तक मोहल्ले के सभी लोग समस्याओं को लेकर नगर निगम की चौखट पर नहीं पहुंचेंगे तब तक हमारी समस्याएं नहीं सुलझेंगी। सड़कों, नाली निकासी, जलभराव व उसमें भी गायों का डुबकी लगाना जैसी समस्याएं यहां पर आम हो गयी हैं। इनका समाधान किया जाना चाहिये।

## नगर निगम कार्यकारिणी के चुनाव की कशमकश शुरू

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- संख्या बल के लिहाज से पांच पर भाजपा और एक पर सपा का दावा पुख्ता
- क्लीन स्वीप करना चाहती है भाजपा, सपा भी दो सदस्य बनाने की फिराक में

**अमृत विचार :** नगर निगम की कार्यकारिणी के 12 सदस्यों में से 6 का कार्यकाल पूरा हो चुका है। चुनाव आचार संहिता खत्म होने के बाद नए सदस्यों के चयन के लिए 22 जून को बैठक बुलाई गई है। मतदान हुआ तो एक कार्यकारिणी के सदस्य के चयन के लिए 14 वोट चाहिए होंगे। फिलहाल संख्या बल कम होने के कारण सपा को एक ही सीट मिलती दिख रही है। बाकी पांच अपने खाते में मान रही भाजपा छठवीं सीट भी हथियाने की कोशिश में जुटी हुई है।।

नगर निगम की कार्यकारिणी का कार्यकाल 1 जून को खत्म हो गया था। इसके बाद नए सदस्यों के चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। नगर निगम में फिलहाल 80 पार्षद और 4 पदेन सदस्य है। इनमें 52 भाजपा, पांच सपा और दो कांग्रेस के हैं। निर्दलीय चुने गए 20 पार्षदों में भी कुछ भाजपा में जा चुके हैं। इससे भाजपा खुद को मजबूत मान रही है। बदले राजनीतिक परिदृश्य में सपा भी दो पार्षदों को कार्यकारिणी में भेजने की योजना बना रही है। कार्यकारिणी के कुल 12 सदस्यों में से 10 भाजपा और दो सपा के है।

ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि बैठक में भाजपा और सपा के कितने सदस्य कार्यकारिणी से बाहर होंगे। पार्षदों की संख्या बल पर गौर किया जाए तो 52 भाजपा के पार्षद है। जबकि सपा के 5, कांग्रेस 3 है। कहा जा रहा है कि अगर निर्दलीय, कांग्रेस और छोटे दलों के पार्षदों का साथ मिला तो सपा अपने मंसूबे में सफल हो सकती है। फिलहाल भाजपा और सपा दोनों खेमों में तैयारी शुरू हो गई है।

### ऐसे होगा कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव

नियमानुसार हर साल 6 नए सदस्य कार्यकारिणी में शामिल होते हैं। इसके लिए छह पर्ची निकाली जाती हैं। इनमें जिसका नाम होता है, वह बाहर हो जाता है। उन्हीं की जगह नए सदस्य आते हैं। अगर निर्विरोध निर्वाचन न हुआ तो सभी 84 सदस्य मतदान कर छह सदस्यों का चुनाव करेंगे। इसके लिए एक सदस्य को 14 वोट चाहिए होंगे। नाम की पर्ची निकलने के बाद भी कोई सदस्य फिर कार्यकारिणी में आना चाहता है तो वह चुनाव में शामिल हो सकता है। अगर पर्ची में उपसभापति का नाम निकला तो उन्हें भी दोबारा चुनकर आना पड़ेगा।

www.anacollege.org
ANA Group of Institutions
•BAMS •B.Sc.Nur. •GNM •B.Pharma •D.Pharma •Polytechnic •M.Tech •B.Tech •M.B.A. •B.B.A. •B.C.A.
ADMISSION OPEN 2024-25
Best Placements in the Region
Campus: 13.5 Km. Bareilly-Delhi Highway, Near Rubber Factory, Agras Road, Bareilly U.P. (243501)
8937002800/8937002805

SHRI SIDDHI VINAYAK GROUP OF INSTITUTIONS
Creating Winners for Life
Enroll Now
ADMISSION OPEN 2024-25
B.TECH | M.TECH | MBA | BBA / BCA | B.Com/B.Com(H) | Polytechnic | B.Sc (PCM/ZBC) | B.Sc (Biotech) | B.Sc (Home Sci.) | GNM/ANM | B.PHARMA | D.PHARMA
Paramedical courses
Diploma in Optometry / Emergency & Trauma
X-Ray Tech/ Dialysis/ Physiotherapy / O.T. Technician
7599471144, 7599471145
10th km, Bareilly - Nainital Rd, U.P.




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सहेजना होगा वर्षा का कीमती जल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 203, पृष्ठ 18+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 9 जून 2024



आज का मौसम: 43.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 19 : 01

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 49 वर्ष की हुईं...14

## मुरादाबाद में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने गोली मारकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- लोकसभा चुनाव से पहले ही प्रदेश नेतृत्व ने पद से हटाया था

**अमृत विचार :** सपा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने शनिवार सुबह खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार को मझोला थाना क्षेत्र में बुद्धि विहार में उनके आवास पर हुई। उनका शव आवास के निचले तल पर बने कमरे में मिला है। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता अवाक हैं। घटना सुबह सवा आठ से 8.30 बजे के बीच की बताई जा रही है।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि सुबह करीब 9.30 बजे थाना प्रभारी मझोला को सूचना मिली कि सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव (धर्मपाल यादव) ने लाइसेंसी रिवाल्वर से आत्महत्या कर ली है। सूचना पर थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा, एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार व सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि मकान के ग्राउंड फ्लोर पर स्टोर रूम में पूर्व जिलाध्यक्ष ने दाएं हाथ से दाईं कनपटी पर गोली मारकर खुदकुशी की है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली है। पूर्व जिलाध्यक्ष ने गोली मारकर आत्महत्या क्यों की, इसका कोई स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। घटनास्थल पर जांच में कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। वह अभी लोकसभा चुनाव के दौरान जिलाध्यक्ष पद से हटाए गए थे। डीपी यादव के पास तीन शस्त्र लाइसेंस हैं। इसमें एक शस्त्र इनकी पत्नी के नाम पर था, जो इन्हीं के पास था। दो अन्य शस्त्र चुनाव आचार संहिता के कारण जमा थे। बताया गया कि वह डिप्रेशन में थे।

## देश को मिले 355 जांबाज अफसर



भारतीय सैन्य अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने पासिंग आउट परेड के बाद जश्न मनाते कैडेट्स। ● एजेंसी

ब्यूरो, देहरादून

- आईएमए की पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर

**अमृत विचार :** देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी के इतिहास में शनिवार को एक और गौरवमयी पल जुड़ गया। 355 नौजवान युवा कैडेट्स भारतीय सेना में बतौर अफसर शामिल हो गए। अकादमी से 394 जेंटलमैन कैडेट्स पास आउट हुए, इसमें मित्र देशों के भी 39 जेंटलमैन कैडेट सैन्य अफसर बन गए। पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर मिला। परेड के बाद जेंटलमैन कैडेट ने जब परिजनों के हाथों से बैज पहने तो उनकी खुशी देखने लायक थी।

इस बार रिव्यूइंग अफसर के रूप में उत्तरी कमांड के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार पहुंचे थे जिन्होंने परेड की सलामी ली। उन्होंने युवा अफसरों को हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। इस दौरान सेना के हेलीकॉप्टरों ने सेना में इन जांबाज अफसरों का स्वागत करते हुए आसमान से पुष्प वर्षा की। पीओपी सेरेमनी में भारतीय सैन्य अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन और डिप्टी कमांडेंट मेजर जनरल आलोक नरेश भी उपस्थित रहे। आईएमए में 154वां नियमित और 137वां तकनीकी ग्रेजुएट कोर्स संपन्न हुआ।







# आज तीसरी बार मोदी

**शाम 7:15 बजे** प्रधानमंत्री पद की लेंगे शपथ, सजा राष्ट्रपति भवन

नेहरू के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे नेता बन जाएंगे

शपथ समारोह में शामिल होंगे सात देशों के राष्ट्राध्यक्ष व 8000 अतिथि

नई दिल्ली, एजेंसी

नरेन्द्र मोदी रविवार को गठबंधन सरकार के प्रमुख के रूप में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू शाम 7:15 बजे राष्ट्रपति भवन प्रांगण में शपथ दिलाएंगी। इसको लेकर भव्य तैयारियां की गई हैं।

मोदी (73) प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे नेता होंगे। नेहरू ने 1952, 1957 और 1962 के आम चुनावों में जीत हासिल की थी। समारोह में कई पड़ोसी देशों के राष्ट्राध्यक्षों के अलावा देश के विभिन्न क्षेत्रों के आठ हजार प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होंगे। समारोह के मंच और अतिथियों के लिए बैठने के मंच की साज सज्जा के बारे में राष्ट्रपति भवन की ओर से शनिवार को एक वीडियो जारी किया गया। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचीं। समारोह में सात देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी पहुंचेंगे। वहीं समारोह में पहली लोको पायलट सुरेखा यादव समेत दल के 10 लोको पायलटों को नई दिल्ली में आमंत्रित किया गया है।



शपथ समारोह के लिए सजाया गया राष्ट्रपति भवन। ● एजेंसी



### कांग्रेस ने कहा- नहीं मिला निमंत्रण

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने शनिवार शाम को कहा कि उसके नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह के लिए अभी तक कोई निमंत्रण नहीं मिला है। कांग्रेस ने कहा कि वह बिना बुलाए शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत नहीं करेगी। वहीं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने घोषणा की कि उनकी पार्टी इस समारोह में शामिल नहीं होगी। उन्हें भी इस बाबत कोई निमंत्रण मिला है।

### मत्रिपरिषद में 40 चेहरे शामिल, 20 नए

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में करीब 40 सदस्यों को शामिल किया गया है। जिनमें गठबंधन के सहयोगी दलों के 20 नए चेहरों को शामिल किया गया है। वहीं, महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने अनुभवी चेहरे सरकार के संचालन की रफ्तार को सुचारु रूप से बढ़ाएंगे। सूत्रों के अनुसार राजग के सबसे बड़े घटक तेलुगू देशम पार्टी को मंत्रिमंडल में तीन स्थान एवं जनता दल यूनाइटेड को दो स्थान मिल सकते हैं। बाकी दलों को एक-एक स्थान दिये जाने की चर्चा है। ऐसी स्थिति में अनुभव एवं नवीनता दोनों का सामन्जस्य मोदी के मंत्रिमंडल में दिखायी देने की संभावना है। भाजपा के नये चेहरों में मध्य प्रदेश, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के कुछ पुराने अनुभवी चेहरे भी होंगे। गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सड़क परिवहन, सूचना एवं प्रसारण, नागरिक उड्डयन जैसे मंत्रालय भारतीय जनता पार्टी के पुराने बड़े चेहरों के पास ही रहने की संभावना है।

## वीआईपी कल्चर छोड़ फील्ड में उतरें मंत्री



लखनऊ में बैठक लेते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री बोले- जनता के लिए है सरकार, उनकी समस्याएं निपटाएं
- लोकसभा चुनाव में निराशाजनक परिणामों के बाद सीएम की दो टूक

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से आए निराशाजनक परिणामों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने मंत्रियों के साथ बैठक की। लोकभवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने जहां पार्टी के कमजोर प्रदर्शन के कारणों का फीडबैक लिया वहीं मंत्रियों को वीआईपी कल्चर छोड़कर फील्ड में उतरकर आमजन से संवाद रखने और उनकी समस्याएं निपटाने की सख्त हिदायत दी। मंत्रिपरिषद की इस बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य मौजूद नहीं थे। दोनों ही दिल्ली दौरे पर है।

बैठक में मुख्यमंत्री ने चुनाव बाद नये सिरे से जनहित के काम में जुट जाने को उत्साहित करते हुए मंत्रियों को संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता का मंत्र देकर जनता के बीच जाने को कहा। उन्होंने कहा है कि सरकार जनता के लिए हैं, हमारे लिए जनहित सर्वोपरि है, ऐसे में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का समाधान होना ही चाहिए। जहां भी समस्या हो, मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराएं।

### एक नजर

**न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल बने पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश**

**पटना।** न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल ने शनिवार को पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह के दौरान उन्हें शपथ दिलाई। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## सपा संसदीय दल के नेता होंगे अखिलेश यादव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- दिल्ली में बैठक के बाद की जाएगी औपचारिक घोषणा

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी संसदीय दल के नेता होंगे। यह प्रस्ताव दिल्ली में होने वाली अगली बैठक में लाया जाएगा, औपचारिक घोषणा की जाएगी। यह जानकारी शनिवार को नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों की बैठक के बाद पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने दी।

पार्टी कार्यालय में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की अध्यक्षता में संपन्न बैठक की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि चुने सांसदों को बधाई देने के साथ ही पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया है। बड़े पैमाने पर जनता का समर्थन मिलने से पार्टी की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है। जनता की समस्याओं को उठाना, उनके हित में अपनी बात रखने को समाजवादियों का संघर्ष लोकसभा में जारी रहेगा। उन्होंने कहा, सकारात्मक राजनीति का दौर शुरू हुआ है, जनता के मुद्दों की जीत हुई है।

## बाहर से हटा तो गुरुद्वारे के भीतर लगाया भिंडरावाला का पोस्टर

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

- तहसीलदार ने गुरुद्वारे पहुंचकर कमेटी से वार्ता की तो फिर हटाया

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा में भिंडरा वाला के पोस्टर को लेकर प्रशासन के साथ आंख-मिचौली थमने का नाम नहीं ले रही। शुक्रवार को गुरुद्वारा के बाहर से हटाए जाने के बाद पोस्टर गुरुद्वारा परिसर के अंदर लगा दिया गया। तहसीलदार मौके पर पहुंचे और कमेटी से वार्ता की। इसके बाद पोस्टर हटा दिया गया।

पूरनपुर-खुटार रोड पर स्थित रूरिया गुरुद्वारा के बाहर जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर लगा था। पुलिस ने पोस्टर हटाने को कहा था। निर्धारित समय में पोस्टर न हटाए जाने पर गुरुद्वारा के प्रधान सहित तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। बुधवार रात अज्ञात लोगों ने पोस्टर हटा दिया। इससे आक्रोशित सिख समाज के लोगों ने शुक्रवार को भिंडरावाला का दूसरा पोस्टर लगा दिया था। देर शाम पहुंचे एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने कमेटी से बातचीत की। उसके बाद पोस्टर हटा दिया गया। इसके बाद कमेटी ने पोस्टर को गुरुद्वारे के अंदर लगा दिया। शनिवार शाम तहसीलदार वीरेंद्र कुमार गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होंने कमेटी से बात की। सहमति के बाद अंदर से भी पोस्टर हटा दिया गया।

## राहुल गांधी बन सकते हैं विपक्ष के नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस कार्य समिति ने पार्टी नेता राहुल गांधी को सर्वसम्मति से लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित किया और कहा कि गांधी ही लोकसभा में पार्टी के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठा सकते हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल व पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने समिति की बैठक के बाद यह जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने कहा कि कार्य समिति ने सर्वसम्मति से राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद संभालने का अनुरोध किया गया है, जिस पर उन्होंने कहा है कि वह कार्यसमति के निर्णय पर बहुत जल्द फैसला लेंगे। यह पूछे जाने पर कि गांधी रायबरेली या वायनाड में से अपने पास कौन सी सीट रखेंगे उन्होंने कहा कि इस बारे में तीन-चार दिन में फैसला लिया जाएगा। चर्चा हैकि वह वायनाड की सीट को छोड़ सकते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश को इंडिया समूह की तरफ से प्रधानमंत्री बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।



बैठक के लिए जाते राहुल और सोनिया।

- कांग्रेस कार्यसमिति ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव किया पारित

### सोनिया फिर बनीं कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को शनिवार को एक बार फिर से पार्टी संसदीय दल (सीपीपी) का प्रमुख चुना गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर करारा प्रहार किया और कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई है तथा उन्होंने नेतृत्व करने का अधिकार खो दिया है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में हुई कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी को सीपीपी प्रमुख नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका पार्टी के तीन सांसदों ने अनुमोदन किया।

## एसआईटी प्रज्वल को जांच के लिए घर लेकर पहुंची

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सेक्स वीडियो कांड में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में एसआईटी पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को हासन जिले के होलेनरासीपुर स्थित उनके आवास पर जांच के लिए लेकर पहुंची। जनतादल-एस के पूर्व सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल को विवेक बनाए रखने के लिए एफएसएल के अधिकारियों के साथ क्यूआरटी वाहन में उनके घर ले जाया गया। इस बीच, प्रज्वल की प्रेमिका के बारे में खुलासे सामने आए, जिसने कथित तौर पर जर्मनी में 34 दिनों से अधिक समय तक रहने के दौरान उसकी मदद की थी। एसआईटी ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठोर कानून यथाशीघ्र लाए जाने के दिए संकेत**

## साल्वर गैंग, पेपर लीक के लिए होगा कठोर कानून

- योगी ने रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने को चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** पेपर लीक अथवा साल्वर गैंग जैसी अराजक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठोर कानून यथाशीघ्र लाए जाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस तरह के अपराध में संलिप्त हर अपराधी के खिलाफ ऐसी कठोरतम कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने। उन्होंने कहा कि चयन आयोगों को परीक्षा से पूर्व, परीक्षा के दौरान और परीक्षा के बाद शासन स्तर के शीर्ष अधिकारियों तथा एसटीएफ के संपर्क में रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक के बाद विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया तेज करने के लिए शनिवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ बैठक की।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान चयन प्रक्रियाओं में व्यापक सुधार पर जोर दिया, साथ ही चयन प्रक्रिया की समयबद्धता तय करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपर सेट करने की प्रक्रिया, उनकी छपाई से लेकर परिणाम तैयार करने सहित पूरी व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग एजेंसियों को उनका भलीभांति रिकॉर्ड जांच करने के बाद दायित्व दें। हर पाली में दो या अधिक पेपर सेट जरूर होने चाहिए। हर सेट के प्रश्नपत्र की छपाई भी अलग-अलग एजेंसी का माध्यम से करायी जानी चाहिए। तलाशी लेने के लिए महिला कर्मियों की तैनाती जरूर हो। योगी ने चयन आयोगों से उम्मीद जतायी कि वे भर्ती परीक्षाओं के लिए कैलेंडर समय से जारी करें।

### शहरी क्षेत्र में ही हों परीक्षा केन्द्र

योगी के अनुसार तमाम पदों के लिए शैक्षिक अर्हता निर्धारण में समकक्ष योग्यता के संबंध में विसंगतियों की सूचना मिली है। ऐसे प्रकरणों का समाधान कर आयोग को सही जानकारी दी जाए। चयन परीक्षाओं के केन्द्र के लिए राजकीय माध्यमिक, डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज अथवा साफ-सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड वाले शैक्षिक संस्थान ही सेंटर बनाए जाएं। सीसीटीवी से लैस सभी परीक्षा केंद्र शहरी क्षेत्र में ही हों और इसे तय करते वक्त महिलाओं और दिव्यांगों की सुविधा का ध्यान रखा जाए।

### शिक्षा सेवा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति शीघ्र

प्राथमिक, माध्यमिक, प्राविधिक, व्यावसायिक आदि शिक्षण संस्थानों में शिक्षक चयन की प्रक्रिया में बड़ा सुधार करते हुए हाल ही में शिक्षा सेवा आयोग का गठन किया गया है। इसके सदस्य नामित किए जा चुके हैं, अध्यक्ष की नियुक्ति भी यथाशीघ्र कर दी जाएगी। सभी विभाग नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। भर्ती प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो।

## युवक की गोली मारकर हत्या, बाइक लूटी

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर



- हत्यारों ने दो गोली मारीं, एसपी ने घटना स्थल का किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** दो बदमाशों ने बाइक पर लिफ्ट लेने के बाद युवक की गोली मारकर हत्या कर दी और बाइक लूट ले गए।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव चित्ती निवासी विश्राम सिंह का पुत्र 22 वर्षीय गोविंद सिंह शनिवार की दोपहर मदनापुर बाजार में एजेंसी पर बाइक की किश्त जमा करके शाम पांच बजे गांव आ रहा था। रास्ते में दो युवकों ने उसे रोका और चित्ती गांव से पहले छोड़ने को कहा। गोविंद ने दोनों को बाइक पर बैठा लिया। चित्ती गांव से पहले दोनों युवक बाइक से उतरे और गोविंद के दो गोली मार दीं, इसके बाद आरोपी बाइक लेकर फरार हो गए। एसओ अश्वनी गांव पहुंचे और पूछताछ के बाद अधिकारियों को सूचना दी। एसओ ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

> बदमाश युवक की बाइक पर बैठकर आए या रोककर गोली मारी। इसकी जांच की जा रही है। घटना के खुलासे के लिए एसओजी तथा थाने की दो टीमों को लगाया गया है।
> – **अशोक कुमार मीणा** एसपी

# स्नातक में प्रवेश के लिए अब 30 तक होंगे पंजीकरण

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। अब छात्र 30 जून तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकेंगे। अब तक करीब 58 हजार पंजीकरण हुए हैं। अब महाविद्यालय भी 30 जून तक पंजीकरण कराकर मेरिट के आधार पर प्रवेश ले सकेंगे।

विश्वविद्यालय ने स्नातक में प्रवेश के लिए पंजीकरण 15 मई से शुरू किए थे। इसके लिए अंतिम तिथि 9 जून निर्धारित की थी। अभी ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है और पंजीकरण भी काफी कम हुए हैं, इसलिए अब तिथि बढ़ा दी गयी है। इसके लिए पंजीकरण का शुल्क 150 रुपये निर्धारित किया गया है। कुलसचिव संजीव कुमार ने सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।




Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India | Medical Council Of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## चुनाव खत्म, बिजली चोरों पर कार्रवाई शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** चुनाव खत्म होते ही बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। शनिवार सुबह विजिलेंस टीम ने इज्जतनगर के फरीदापुर और शिकारपुर में तीन घरों में बिजली चोरी पकड़ी। वहीं, मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने शनिवार को जिले के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की, जिसमें उन्होंने निर्देश दिए कि सप्ताह में दो दिन मॉस रेड कर बिजली चोरी पकड़ी जाए। वहीं पैसे लेकर बिजली चोरी के मामले छोड़ने पर उन्होंने नाराजगी जताई और सुधार के निर्देश दिए।

# शाहदाना में ओवरलोडिंग से बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सिविल लाइंस सबस्टेशन से कुछ इलाकों को की जाएगी सप्लाई**
- **शांति विहार में हुआ फाल्ट, कई इलाकों में ट्रिपिंग से दिक्कत**

**अमृत विचार :** शाहदाना सबस्टेशन ओवरलोड होने से क्षेत्र में बिजली कटौती की जा रही है। अफसर ओवरलोडिंग दूर कराने के लिए सिविल लाइंस सब स्टेशन से कुछ इलाकों की आपूर्ति जोड़ने को लाइन डलवा रहे हैं। सोमवार तक आपूर्ति में सुधार की उम्मीद है। वहीं, महानगर और जगतपुर सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में ट्रिपिंग से लोग परेशान होते रहे।

ओवरलोडिंग के चलते स्टेडियम रोड फीडर से शाहदाना को आपूर्ति दी जा रही है। जेई रवि भटनागर के अनुसार ओवरलोडिंग दूर करने के लिए सिविल लाइंस तृतीय उपकेंद्र से लाइन को जोड़ा जा रहा है। सुभाषनगर के शांति विहार में लोकल फाल्ट से बिजली कटौती की गई। किला सबस्टेशन के कई इलाकों में पूरे दिन एक फेस नहीं होने की शिकायत लोग अफसरों से करते रहे।

किला उपकेंद्र के रेती चौराहे पर लगा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर अधिक गर्म हो गया। शनिवार शाम उसके स्थान पर ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति को बहाल कराया गया। वहीं, मुख्य अभियंता ने अफसरों के साथ बैठक कर उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति देने के निर्देश दिए हैं।




# तो बिथरी में भी पप्पू-डब्बू-बब्बू की कहानी के रंग छलके

## पार्टी विधायक का क्षेत्र होने के बाद भी भाजपा प्रत्याशी को 65 बूथों पर सौ और आठ बूथों पर मिले 10 से भी कम वोट

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** आंवला लोकसभा सीट के लिए सपा और भाजपा के बीच हुए कांटे के मुकाबले की गवाही बूथों के नतीजे दे रहे हैं। बिथरी चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में भी पप्पू-डब्बू और बब्बू की कहानी का असर भाजपा प्रत्याशी के वोटों पर दिखाई दे रहा है। यहां भाजपा का विधायक होने के बावजूद 65 बूथों पर भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर पाए। सात बूथों पर उन्हें 10 वोट भी नहीं मिले। भाजपा और सपा के बीच मुकाबला कितना कड़ा था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई बूथों पर बसपा को एक भी वोट नहीं मिला।



- **सपा और भाजपा के बीच कड़े मुकाबले में कई बूथों पर शून्य हुई बसपा**
- **समाजवादी पार्टी प्रत्याशी भी 57 बूथों पर पार नहीं कर पाए दहाई की संख्या**

सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य ने 4,92,515 वोट पाकर निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के दो बार सांसद रहे धर्मेंद्र कश्यप को 15,969 वोटों से हराया है। बिथरी चैनपुर में भाजपा के डॉ. राघवेंद्र शर्मा के विधायक होने के बाद भी सपा के प्रत्याशी को भाजपा प्रत्याशी की तुलना में 1811 वोट ज्यादा मिले। धर्मेंद्र कश्यप को पूरे विधानसभा क्षेत्र में 1,11,774 तो सपा प्रत्याशी को 1,13,585 वोट मिले। विधानसभा क्षेत्र में 426 बूथ हैं जिनमें से तमाम बूथों के आंकड़े हैरान करने वाले हैं। स्थिति यह है कि धर्मेंद्र कश्यप बूथ 30 से 37 तक 10 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाए। 65 बूथों पर भाजपा प्रत्याशी को सिर्फ दहाई में वोट मिले। सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य को 57 बूथों पर दहाई के अंक वोट मिले हैं लेकिन किसी भी बूथ पर धर्मेंद्र कश्यप की तरह नीरज मौर्य 10 वोटों से कम पर नहीं सिमटे। बता दें कि चुनाव के दौरान धर्मेंद्र कश्यप ने टिप्पणी की थी कि पप्पू, डब्बू और बब्बू कुछ नहीं कर पाएंगे। इस टिप्पणी को आंवला के तीन विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख नेताओं पर कटाक्ष माना गया था।

बसपा प्रत्याशी आबिद अली को भले ही चुनाव में उम्मीद से ज्यादा वोट मिले लेकिन बिथरी चैनपुर में उनका प्रदर्शन भी दयनीय रहा। उन्हें 212 बूथों पर दहाई के अंक में वोट मिले हैं। यानी इनमें किसी बूथ पर वह सौ की संख्या को पार नहीं कर पाए। इसके अलावा 154 बूथों पर उन्हें 10 वोट भी नहीं मिल पाए। पांच बूथों पर बसपा का खाता तक नहीं खुल सका। निर्दलीय और छोटे दलों के छह प्रत्याशियों में से कोई किसी एक बूथ पर 20 वोट तक नहीं ले पाया। दहाई का आंकड़ा भी वे इक्का-दुक्का बूथों पर ही छू सके। अधिकतर बूथों पर उनका खाता तक नहीं खुल सका।

### आंवला में 65 बूथों पर भाजपा को मिले सौ से कम वोट

आंवला विधानसभा क्षेत्र के 342 बूथों में से भी 65 बूथों पर भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप सौ वोटों का आंकड़ा नहीं छू पाए। हालांकि बिथरी की तरह ऐसा कोई बूथ नहीं है जहां उन्हें 10 से कम वोट मिले हों। सपा प्रत्याशी को 74 बूथों पर दहाई के अंक में वोट मिले। बसपा को 107 बूथों पर 10 से ज्यादा वोट नहीं मिले। 159 ऐसे बूथ हैं, जहां वह दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकी। सात बूथों पर बसपा को एक भी वोट नहीं मिला।

### फरीदपुर : भाजपा को 70, सपा को 42 पर सौ से कम वोट

फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र के 360 बूथों में से 70 बूथों पर भाजपा प्रत्याशी को सौ से कम वोट मिल पाए। सपा प्रत्याशी के ऐसे बूथों की संख्या 42 ही है। बसपा प्रत्याशी 150 बूथों पर 100 वोट के अंदर सिमट गए। 133 ऐसे बूथ हैं, जहां वह 10 का आंकड़ा नहीं पार कर पाए। यहां भी कई बूथों पर बसपा का खाता नहीं खुल पाया। अन्य प्रत्याशियों में से कोई भी किसी बूथ पर कुल मिलाकर 10 से ज्यादा वोट नहीं पा सका।

## कार पलटने से दरोगा समेत दो पुलिस कर्मी घायल

**देवरनियां, अमृत विचार :** लड़की को बरामद करने गए देवरनियां कोतवाली के एक दरोगा समेत दो पुलिस कर्मी घायल हो गए। जिनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा हैं। क्षेत्र के एक गांव से भागी एक लड़की को बरामद करने मुरादाबाद देवरनियां कोतवाली के दरोगा तेजपाल सिंह, अंकित कुमार और सिपाही सचिन और एक महिला सिपाही कार से मुरादाबाद गए थे। लौटते समय कार के चालक को नींद आने से मुरादाबाद के पास पाखबाड़ा में पलट गई। इसमें दरोगा तेजपाल सिंह गंभीर घायल हो गए, जबकि अंकित कुमार, सिपाही सचिन को मामूली चोटें आई है।

नर्सिंग एवं डॉक्टरी में है अधिक रोगजार
B.Sc. Nursing
B.A.M.S.
महेन्द्र गायत्री ग्रुप ऑफ कॉलेज
धन्वन्तरी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली
Mob.: 9410405769, 7599203105
● A.N.M. ● D.P.T. ● DIPLOMA O.T.
● D. PHARMA ● D.OPT. ● G.N.M.
Clinical Training
★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली

# सर्वर ठप, राशन लिए बगैर लौटे लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली :

- **सुबह छह बजे से ही कोटेदारों की दुकानों पर जुटने लगी थी भीड़**
- **प्रदेश भर में सर्वर की दिक्कत होने से प्रभावित हुआ राशन वितरण**

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्न का वितरण शनिवार को शुरू होना था। सुबह से ही सर्वर ठप होने के कारण कार्डधारकों को निराश होकर लौटना पड़ा। दोपहर तक कोटेदार और कार्डधारक सर्वर ठीक होने का इंतजार करते रहे, लेकिन ई-पॉस मशीन बेजान पड़ी रहीं। अब रविवार को राशन लेने के लिए कार्डधारकों की भीड़ राशन की दुकानों पर जुटेगी।



कोटे की दुकान पर राशन लेने के लिए लगी कार्डधारकों की भीड़।

दरअसल, शासन की तरफ से खाद्यान्न वितरण की तिथि आठ से 25 जून के बीच रखी गई है। जिले के लगभग 1790 राशन की दुकानों पर वितरण शुरू किया जाना था। शहर से लेकर देहात तक सुबह छह बजे से कोटेदार मशीनें चालू करके बैठ गए, मगर सर्वर में दिक्कत आ गई। मशीनें नहीं चलने के कारण कोटेदारों ने पूर्ति विभाग के अधिकारियों को फोन करना शुरू कर दिया। उनकी तरफ से बताया गया कि आसपास के जिलों के अलावा पूरे प्रदेश में यह समस्या सामने आ रही है। इस बार राशन वितरण के साथ कार्ड के प्रत्येक लाभार्थी का केवाईसी भी किया जाना है। इसके चलती सिस्टम में कुछ नए विकल्प जोड़े गए हैं। अधिकारियों का मानना है कि इस वजह से ही समस्या आई होगी।

**शाम को ठीक हुआ सर्वर पर नहीं हो सका राशन का वितरण:** शनिवार शाम को सर्वर ठीक हो पाया, लेकिन तब तक अधिकतर कोटेदारों की लेबर जा चुकी थी। लिहाजा राशन का वितरण नहीं हो सका। कोटेदारों ने इक्का-दुक्का ई-केवाईसी जरूर की। शासन की तरफ से इस बार वितरण के साथ-साथ कार्ड में शामिल सभी लाभार्थियों का सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं इस बार गेहूं और चावल के साथ-साथ कार्डधारकों को बाजरा का वितरण भी किया जाएगा।

> सर्वर की समस्या पूरे प्रदेश के अंदर एक साथ आई, क्योंकि प्रदेश भर की ई-पॉस मशीन एक ही सर्वर से चलती हैं। सिस्टम में कुछ नए विकल्प जोड़े गए हैं, जिसके कारण दिक्कत हो सकती है।
> **-नीरज सिंह,** जिलापूर्ति अधिकारी



सूचना
प्रिय पाठक,
यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।
मो. : 9149383028, 8171573817
8218557116, 9627606999, 7017495144
9410632807
पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-

### जिनका नहीं हो पाता बायोमेट्रिक, उनके सत्यापन में आएगी समस्या

**बरेली, अमृत विचार :** शासन की तरफ से निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक कार्ड के लाभार्थी को ई-केवाईसी कराना जरूरी है। 30 जून तक यह प्रक्रिया चलेगी। ई-केवाईसी नहीं होने पर जांच के बाद लाभार्थी का नाम कार्ड से काट दिया जाएगा, लेकिन ऐसे लोगों की संख्या अधिक है, जिनके बायोमेट्रिक ई-पॉस मशीन नहीं लेती या परिवार का कोई दूसरा सदस्य अंगूठा लगाकर राशन लेता है। अक्सर बुजुर्गों का बायोमेट्रिक नहीं हो पाता। जिले में ऐसे 1200 के आसपास कार्ड हैं, जिनमें हर महीने ओटीपी के जरिए राशन लिया जाता है। लेकिन इनका सत्यापन बायोमेट्रिक के जरिए ही कराना होगा, लेकिन जब अंगूठा ही नहीं आयेगा तो सत्यापन कैसे होगा। इस पर जिलापूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि समस्या का हल निकाला जाएगा। सत्यापन के बाद जो यूनिट काटे जाएंगे, उनके स्थान पर लंबित आवेदनों को स्वीकृति देने में भी आसानी होगी और अधिक संख्या में जरूरतमंदों के कार्ड बन सकेंगे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

## मोदी के शपथ ग्रहण में जाएंगे तीनों भाजपा जिलाध्यक्ष

**बरेली, अमृत विचार :** तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए प्रमुख नेताओं के साथ संगठन के कई पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। इनमें बरेली के तीनों जिलाध्यक्ष भी शामिल हैं जो रविवार सुबह दिल्ली रवाना होंगे। बरेली जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना और आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का आमंत्रण शुक्रवार शाम पहुंचा था। बरेली से सांसद चुने गए छत्रपाल सिंह गंगवार पहले से ही दिल्ली में हैं।

### रामगोपाल भी जाएंगे शपथ ग्रहण में



पार्टी की ओर से भाजपा के उन नेताओं को भी समारोह में बुलाया गया है जिन्होंने लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी क्रम में प्रदेश कार्य समिति के सदस्य व पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रामगोपाल मिश्रा को भी बुलाया गया था। उन्हें भाजपा के केंद्रीय कार्यालय व प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री संगठन की ओर से आमंत्रित किया गया है। रामगोपाल मिश्रा को लोकसभा चुनाव के दौरान शाहजहांपुर का प्रभारी बनाया गया था, जहां से कशमकश भरे चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को विजय मिली है।

## रोडवेज : 50 प्रतिशत से कम लोड फैक्टर वाले परिचालकों को काम से रोकेंगे

**बरेली, अमृत विचार :** रोडवेज बसों में 50 प्रतिशत से कम लोड फैक्टर होने पर संविदा परिचालकों को काम से रोके जाने के निर्देश क्षेत्रीय प्रबंधक ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों दिए हैं। ऐसे परिचालकों का कैश भी बिना सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक की अनुमति के जमा नहीं किया जाएगा। बरेली रीजन की समीक्षा में रीजन के चारों डिपो में कमियां पाए जाने पर क्षेत्रीय प्रबंधक ने सुधार की हिदायत दी है। भीषण गर्मी के बीच रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या कम होने पर बसों का 50 प्रतिशत से कम लोड फैक्टर परिचालकों के लिए मुसीबत बनने लगा है। क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी की ओर से चारों डिपो के एआरएम को निर्देशित किया गया कि 50 प्रतिशत से कम लोड फैक्टर पर कैश जमा नहीं किया जाएगा। पहले परिचालक एआरएम से मिलेगा और लोड फैक्टर कम होने के बारे में बताएगा। एआरएम की अनुमति के बाद ही कैश जमा किया जाएगा।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामबाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 09 जून 2024, रविवार
07 जुलाई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# बीडीए टीम ने तीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अवैध कॉलोनी को ध्वस्त करता बुलडोजर।

**अमृत विचार :** बीडीए की टीम ने शनिवार को लाल फाटक रोड पर तीन अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया।

टीम लाल फाटक पर बदायूं रोड के पास दूरदर्शन केंद्र के सामने पहुंची, जहां पर राजकुमार यादव, वीरू शर्मा लाल करीब 30 बीघा क्षेत्रफल में बिना विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के सड़क, भूखंडों का चिन्हांकन, बाउंड्रीवाल का निर्माण करा रहे थे।

इसी के पास में प्रमोद कुमार मिश्रा और सूरज यादव की करीब 20 बीघा क्षेत्रफल में बिना मानचित्र स्वीकृति के प्लाटिंग कर कालोनी बसाने की तैयारी थी। इसी तरह सुलेमान, विनोद कुमार मिश्रा करीब 25 बीघा क्षेत्रफल में सड़क, भूखंडों का चिन्हांकन कर अवैध कॉलोनी का निर्माण करा रहे थे। इन तीनों जगहों पर बीडीए की टीम ने बुलडोजर से अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया।

इस दौरान प्राधिकरण के सहायक अभियंता हरीश चौधरी, लक्ष्मण सिंह रावत, अवर अभियंता मौजूद रहे। सहायक अभियंता ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# नीट : बरेली में भी मायूसी... 650 अंक लाने के बावजूद नहीं मिल पाएगा सरकारी कॉलेज

## निजी कॉलेजों की महंगी फीस से बचने के लिए दोबारा परीक्षा में बैठेंगे तमाम अभ्यर्थी

शिवांग पांडेय, बरेली



- अनुमानित तौर पर आठ हजार अभ्यर्थी बैठे थे नीट में, करीब चार सौ ने पाई है कामयाबी
- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर जता रहे हैं अविश्वास, जांच कमेटी बनने पर भी संतुष्ट नहीं

**अमृत विचार :** नीट के परिणामों ने वैसे तो देश भर में भारी उलटफेर किया है लेकिन बरेली जैसे शहरों में इससे प्रभावित होने वाले अभ्यर्थियों की ज्यादा संख्या रहने की आशंका जताई जा रही है। आमतौर पर नीट में 720 में से 615- 650 तक अंक लाने वाले अभ्यर्थियों को केजीएमयू जैसा सरकारी मेडिकल कॉलेज मिल जाता था लेकिन इस बार उनके लिए यह दरवाजा बंद होता नजर आ रहा है। अनुमानित तौर पर बरेली के आठ हजार अभ्यर्थी नीट में शामिल हुए थे जिनमें रिजल्ट पर भारी मायूसी दिखाई दे रही है। निचले आर्थिक स्तर के तमाम अभ्यर्थियों ने निजी मेडिकल कॉलेजों की महंगी फीस से बचने के लिए दोबारा परीक्षा में बैठने की तैयारी शुरू कर दी है।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की ओर से 4 जून को घोषित परिणाम के मुताबिक नीट में शामिल हुए बरेली के करीब आठ हजार अभ्यर्थियों में से महज 350-400 ही सरकारी कॉलेजों के कट-ऑफ के मानक को पूरा कर पाए हैं। हालांकि इसके बावजूद उन्हें सरकारी कॉलेज मिलने के आसार काफी कम नजर आ रहे हैं। इसका मुख्य कारण कुछ अभ्यर्थियों को ग्रेस मार्क्स मिलना बताया जा रहा है, जिसकी वजह से कटऑफ सामान्य के मुकाबले चार-पांच गुना तक ऊपर जाने के आसार जताए जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार इस स्थिति में 650 से नीचे अंक लाने वाले अभ्यर्थी सरकारी कॉलेज में प्रवेश से वंचित रह सकते है।

नीट में कामयाब अभ्यर्थियों का कहना है कि पिछले बरसों में 720 में से 615- 650 तक अंक लाने वालों को आसानी से सरकारी मेडिकल कॉलेज मिल जाता था। लेकिन इस बार 720 में से 720 अंक पाने वाले ही 67 अभ्यर्थी हैं। इसके बाद 700 से ऊपर अंक प्राप्त करने वालों की संख्या भी 50 से ज्यादा है। ऐसे में 615-650 के बीच अंक लाने वालों के लिए संकट खड़ा हो गया है। अब तक के रिकॉर्ड के मुताबिक बरेली में नीट की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के औसत अंक 615-650 के बीच ही रहते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि नीट के परिणाम के अनुसार कटऑफ के तहत प्रवेश दिए जाएंगे तो 650 से ऊपर अंक लाने वाले बच्चों को भी केजीएमयू, जीएसवीएम कानपुर जैसे कॉलेजों में प्रवेश मिलना मुश्किल है।

### नीट के अभ्यर्थियों की दो अलग-अलग मांगें

नीट का रिजल्ट जारी होने के बाद अभ्यर्थी भी दो खेमों में बंट गए हैं। एक खेमा दोबारा परीक्षा कराने की मांग कर रहा है, जबकि दूसरा खेमा ग्रेस मार्क्स हटाकर संशोधित परिणाम जारी कराना चाहता है। शनिवार को एनटीए की ओर से की कमेटी गठित करने के फैसले पर भी अभ्यर्थी बहुत ज्यादा संतुष्ट नहीं हैं। अभ्यर्थियों में इस बात पर भी काफी असंतोष है कि यह जांच कमेटी सिर्फ 16 सौ बच्चों के परिणाम का आंकलन करेगी।

### यह रिजल्ट हमारे लिए निराशापूर्ण



मैं एक साल से नीट की परीक्षा की तैयारी कर रहा हूं। इस बार परीक्षा में 604 अंक आए हैं, लेकिन इसके बाद भी सरकारी मेडिकल कॉलेज मिलने के आसार नहीं लग रहे हैं। इसका मुख्य कारण 67 बच्चों के पूरे अंक ले आना है। इससे हमारी रैंक प्रभावित हुई है। एनटीए को दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लेना चाहिए। – **पवन कुमार**, नकटिया



मैंने परीक्षा के लिए एक साल का ड्रॉप लिया था। परीक्षा में 550 अंक आएं है लेकिन तमाम बच्चों को ग्रेस मार्क्स दे दिए जाने से मेरा प्रवेश सरकारी कॉलेज में नहीं हो पा रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, इस वजह से मैं निजी मेडिकल कालेज में प्रवेश नहीं ले सकती। मुझे एक बार फिर परीक्षा देनी पड़ेगी। – **नैंसी मीना**, इंद्रा नगर



मैं दो साल बरेली में रहकर तैयारी कर रही हूं। इस बार परीक्षा पिछले साल से थोड़ा मुश्किल रही। पहले पेपर आउट होने की खबर ने परेशान किया, अब परिणाम जारी होने के बाद और ज्यादा चिंता हो रही है। एनटीए को अभ्यर्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने के बजाय पारदर्शिता के साथ संशोधित परिणाम जारी करना चाहिए। – **इरम**, दातागंज

### विशेषज्ञ बोले- ये बच्चों के साथ अन्याय

#### एक-एक नंबर पर 50 बच्चों की रैंक होगी प्रभावित

कोचिंग संचालक मनोज शर्मा के मुताबिक देश में नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्रवेश के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में लगभग 52 हजार सीटें हैं। हर साल इन सीटों पर प्रवेश के लिए रैंक के आधार पर कट ऑफ जारी कर विद्यार्थियों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया जाता है। इस साल जारी परिणामों के अनुसार एक-एक नंबर पर 50 से अधिक बच्चों की रैंक प्रभावित होगी। इस वजह से अच्छे विद्यार्थियों को टॉप के सरकारी कॉलेजों में प्रवेश नहीं मिलेगा। मजबूरी में उन्हें औसत स्तर के विद्यालयों में ही अध्ययन को जारी रखना पड़ेगा। कुछ को दोबारा परीक्षा की तैयारी करनी होगी। यह उनके साथ बड़ा अन्याय है।

#### यहां ग्रेस मार्क्स नहीं, लेकिन नुकसान भरपूर

नीट की कोचिंग चला रहे विशाल वार्ष्णेय के मुताबिक बरेली का कोई भी बच्चा ऐसा नहीं है कि जिसे ग्रेस मार्क्स मिले हों। यहां के विद्यार्थियों को उनकी मेहनत के अनुरूप ही नंबर मिले हैं। ऐसे में जिन विद्यार्थियों को ग्रेस के नंबर मिले हैं, वे इन बच्चों की रैंक का नुकसान निश्चित तौर पर करेंगे। नीट की परीक्षा से पहले पेपर आउट होने की खबर के बाद एनटीए पैनिक मोड पर आ गया। संभवत: इसी कारण एनटीए की ओर से आनन-फानन परिणाम भी तय तिथि से पहले जारी कर दिए गए। बाकी बची कसर परिणाम की अनियमितताओं ने पूरी कर दी। विद्यार्थियों से अपील है कि वे अगले पेपर की तैयारियों पर ध्यान दें।

#### मेहनती बच्चों को हुआ ज्यादा नुकसान

नीट की कोचिंग चलाने वाले मोहम्मद कलीमुद्दीन कहते हैं कि नीट में गड़बड़ पेपर आउट होने के साथ ही सामने आनी शुरू हो गई थी। एनटीए की ओर से पेपर आउट होने के गंभीर मामले पर भी बेपरवाही दिखाई गई और परिणाम भी 4 जून को निर्धारित तिथि से 10 दिन पहले जारी कर दिया गया। इसी वजह से नीट के रिजल्ट पर तमाम सवाल खड़े हुए हैं। ज्यादा नुकसान मेहनती बच्चों का हुआ है। एनटीए की तरफ से गठित कमेटी भी सिर्फ 16 सौ बच्चों का आंकलन करेगी जो एकतरफा ही रहने की आशंका है। संशोधित परिणाम जारी होने से ही विद्यार्थियों को कुछ लाभ मिल सकता है।

## जेईई के बाद भी एनटीए पर उठे थे कई सवाल

**बरेली, अमृत विचार :** नीट से पहले जेईई आयोजित करने के बाद भी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर कई सवाल उठे थे। दरअसल नवंबर में एनटीए ने नोटिस निकाला था कि सिलेबस को कम किया है लेकिन परीक्षा हुई तो अभ्यर्थियों ने पूरे सिलेबस के प्रश्न उसमें शामिल करने का आरोप लगाया। अभ्यर्थियों के मुताबिक इसके बाद जनवरी में हुआ पेपर इतना ज्यादा आसान था कि 99 फीसदी परसेंटाइल के लिए मार्क्स बहुत हाई चले गए। उनका सोचना था कि दो सौ अंकों पर उनकी परसेंटाइल 99 प्रतिशत बन जाएगी लेकिन यह परसेंटाइल 256 नंबरों के आसपास जाकर बनी। इससे पहले दो सौ के आसपास नंबरों पर ही 99 परसेंटाइल आ जाता था।

# पांच दिन नहीं चलेगी राज्यरानी पूर्णागिरी जनशताब्दी रीशेड्यूल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 26 ट्रेनों का बदला मार्ग, 14 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया
- रेल यात्रियों को ब्लॉक से करना होगा परेशानियों का सामना

**अमृत विचार:** रविवार से रेल यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। अप और डाउन राज्यरानी एक्सप्रेस को ब्लॉक के कारण निरस्त कर दिया गया है। वहीं, बिशारतगंज-आंवला के बीच पुल पर होने वाले कार्य के चलते अप और डाउन पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस को रीशेड्यूल किया गया है, जिसकी वजह से यह ट्रेन जंक्शन पर देरी से पहुंचेगी।

दरअसल, लखनऊ जंक्शन-मानकनगर और ऐशबाग-मानकनगर रेल खंड के बीच लाइन पर प्री-नॉन इंटरलॉकिंग एवं नॉन इंटरलॉकिंग कार्य होना है। इस कारण ब्लाक लिया गया है। 26 ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। 14 ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट, ऑरिजनेट और नौ ट्रेनों को रीशेड्यूल किया गया है। इसके साथ ही 14 ट्रेनें निरस्त रहेंगी। लखनऊ जंक्शन से चलने वाली 22453 लखनऊ जंक्शन-मेरठ सिटी राज्यरानी एक्सप्रेस, मेरठ सिटी से चलने वाली 22454 मेरठ सिटी-लखनऊ जंक्शन राज्यरानी एक्सप्रेस रविवार से 14 जून तक निरस्त रहेगी। रविवार को 12035 टनकपुर-दिल्ली पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस टनकपुर से 60 मिनट रीशेड्यूल की जाएगी। 12036 दिल्ली-टनकपुर पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस दिल्ली से 210 मिनट रीशेड्यूल की जाएगी।

## बाढ़ से रेलवे ट्रैक को खतरा, इज्जतनगर रेल मंडल में 14 स्थान चिह्नित

**बरेली, अमृत विचार :** बारिश और बाढ़ रेल संचालन में रुकावट पैदा नहीं करे, इसके लिए पूर्वोत्तर रेलवे ने इंतजाम करने शुरू कर दिए गए हैं। इज्जतनगर रेल मंडल में ऐसे 14 स्थान चिह्नित किए गए हैं, जहां बाढ़ में कटान होने से रेलवे ट्रैक को खतरा हो सकता है। इन संवेदनशील स्थानों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। रेल अधिकारियों के अनुसार इज्जतनगर मंडल के 14, लखनऊ मंडल के 10 और वाराणसी मंडल के सात स्थानों पर मोबाइल पेट्रोलिंग की जाएगी। तटबंधों में उन स्थानों की खास निगरानी कराई जा रही है, जहां बीते वर्षों में कटान की दिक्कत हुई या फिर किसी कारण से नुकसान हुआ। पुलों पर ऑटोमेटिक वाटर लेवल मेजरिंग डिवाइस लगाई गई है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि संवेदनशील स्थानों की निगरानी पेट्रोल चार्ट के मुताबिक होगी।

# राहत : पद्मावत एक्सप्रेस समेत छह ट्रेनों में लगाए जाएंगे अतिरिक्त कोच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ट्रेनों में लगातार भीड़ बढ़ रही है। इस वजह से यात्रियों को परेशानी हो रही है। इसको देखते हुए रेल प्रशासन ने पद्मावत एक्सप्रेस समेत छह ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय लिया है। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी।

रेल अधिकारियों के अनुसार 14207 प्रतापगढ़ दिल्ली पद्मावत एक्सप्रेस में रविवार से 13 जून तक, 14208 दिल्ली-प्रतापगढ़ पद्मावत एक्सप्रेस में 12 से 16 जून तक, 14205 अयोध्या कैंट-दिल्ली एक्सप्रेस में 11 से 15 जून तक, 14206 दिल्ली-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस में 10 से 14 जून तक एक-एक स्लीपर कोच अतिरिक्त लगाया जाएगा।

12040 नई दिल्ली-काठगोदाम एक्सप्रेस और 12039 काठगोदाम-नई दिल्ली एक्सप्रेस में 14 जून तक एक-एक एसी चेयरकार कोच अतिरिक्त लगाया जाएगा। मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि अतिरिक्त कोच लगने से यात्रियों को राहत मिलेगी। अधिक यात्रियों के टिकट कन्फर्म सकेंगे।

### ट्रेनों के इंतजार में परेशान होते रहे तमाम यात्री

ट्रेनों की लेटलतीफी जारी है। शनिवार को 13151 सियालदह एक्सप्रेस दो घंटा, 15002 राप्ती गंगा एक्सप्रेस दो घंटा, 15654 अमरनाथ एक्सप्रेस 5 घंटा 30 मिनट, 04680 गुवाहटी समर स्पेशल दो घंटा, 04096 अयोध्या कैंट समर स्पेशल 1 घंटा 34 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंचीं। गर्मी से बेहाल यात्री ट्रेनों के इंतजार में परेशान होते रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने दोनो पुत्रों दीशांत यादव व अभिषेक यादव के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मुकेश यादव पुत्र श्री शेर सिंह यादव निवासी बाबा मंगलदास मंदिर 345, सिकलापुर, थाना बारादरी जिला बरेली।

आवश्यकता है
विश्वास डायग्नोस्टिक सेंटर
आई.टी.बी.पी. (बुखारा मोड़) लालफाटक रोड, बरेली
मो. 9695554511, 8107547973, 9760950306
हमारे यहां पर अर्जेंट जॉब खाली हैं!
रिसेप्शनिस्ट, कंप्यूटर ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, लैब कलैक्शन स्टॉफ, एक्सरे टेक्नीशियन
सैलरी 5000/- से 15000/- तक योग्यतानुसार
अति शीघ्र सम्पर्क करें!!!

सूचना
मैं अपने बड़े पुत्र राकेश एवं पुत्रवधू राजकुमारी पत्नी राकेश को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। ठाकुर दास पुत्र मूल चन्द ग्राम करमपुर थाना व तहसील मीरगंज जिला बरेली।

आवश्यकता है
रेस्टोरेन्ट में एक बिलिंग कार्य करने वाले एकाउन्टेंट की व एक तन्दूरी शेफ की।
(रहने व खाने की सुविधा फ्री)
सम्पर्क करें
श्री कृष्णा रिजॉर्ट
बड़ा बाईपास, लखनऊ-दिल्ली हाइवे, NH-27, बरेली
मो. 6398112074

बिकाऊ है
दुकान 12'x17' मय बेसमेंट जड़ समेत प्राइम लोकेशन नियर प्लाजा होटल चौपुला चौराहा, बरेली।
वास्तविक खरीदार ही सम्पर्क करें।
स्वीटी इन्टरप्राइजेज
9897805943, 9557826409

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## मुकदमे में समझौता न करने पर की फायरिंग

बरेली, अमृत विचार : मुकदमे में समझौता न करने पर साथियों संग पहुंचे एक युवक ने वादी के घर पर पहुंच उनके ऊपर फायरिंग कर दी। हालांकि गोली किसी को लगी नहीं। आरोप है कि आरोपी और उसके साथी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जोगीनवादा की रहने वाली अच्छी बी ने बताया कि हाल ही में पड़ोसियों से उनका विवाद हो गया था। इस दौरान उन्होंने उनके साथ मारपीट की थी। पीड़िता ने सभी के खिलाफ बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि उक्त मुकदमे में समझौता करने का दबाव उन पर लगातार बनाया जा रहा है। इस को लेकर शनिवार को शाम चार बजे कुछ लोग उनके घर पर आ धमके। आते ही बोले कि मुकदमे में समझौता कर लो नहीं तो नुकसान उठाना पड़ेगा। विरोध करने पर एक ने तमंचा निकाल कर हवाई फायरिंग कर दी। लोगों की भीड़ आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत बारादरी पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एडीएसआईसी बोलीं- बार-बार शिकायत के बाद भी जिला अस्पताल गेट पर अवैध कब्जे

## फंस जाती हैं एंबुलेंस, नगर निगम के बजाय अब उच्चाधिकारियों से करेंगे शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कुतुबखाना पुल बनने के बाद भी जिला अस्पताल आने वाले मरीजों को जाम से राहत नहीं मिली है। सड़क के साथ अस्पताल गेट पर भी भारी अतिक्रमण से एंबुलेंस तक फंस जाती हैं। एडीएसआईसी का कहना है कि वह कई बार नगर निगम से शिकायत कर चुकी हैं। अब उच्चाधिकारियों से शिकायत करेंगी।

अस्पताल गेट पर ई रिक्शा का जमघट लगा रहता है। इस वजह से रोज एंबुलेंस फंस जाती हैं और गंभीर मरीजों की जान खतरे में पड़ जाती है। जिला अस्पताल में ओपीडी सुबह 8 बजे शुरू होती है, लेकिन इससे



जिला अस्पताल गेट पर जाम में फंसी एंबुलेंस। ● अमृत विचार

पहले ही कुतुबखाना की ओर से जाने वाली रोड के दोनों ओर फुटपाथ पर दुकानें सज जाती हैं, जिससे ई-रिक्शा या ऑटो से अस्पताल तक आने वाले मरीज जाम में फंस जाते हैं। नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाती है, लेकिन टीम के हटते ही फिर स्थिति जस की तस हो जाती है। ओपीडी में आने वाले मरीज तो हट बचके अस्पताल में प्रवेश कर लेते हैं, लेकिन एंबुलेंस से आने वाले गंभीर मरीजों को भारी परेशानी होती है।

### सवारियों के चक्कर में गेट से नहीं हटते

जिला अस्पताल गेट ई रिक्शों का जमघट लगा रहता है। अस्पताल से लौटने वालों को रिक्शा में बैठाने के लिए बड़ी संख्या में ई-रिक्शा यहां एकत्र हो जाते हैं। ऐसे में मार्ग का रास्ता बंद हो जाता है।

> अतिक्रमण हटवाने को कई बार नगर निगम को पत्र लिखे चुके हैं। अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन दोबारा अतिक्रमण हो जाता है। एंबुलेंस कर्मी भी जाम में फंसने की शिकायत कर चुके हैं, अब उच्चाधिकारियों को पत्र लिखेंगे। **-डॉ. अलका शर्मा,** एडीएसआईसी, जिला अस्पताल

## प्लॉट कब्जाने पहुंचे दबंगों ने मांगी 50 लाख रुपये की रंगदारी, छह पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में दबंगों ने एक युवक के प्लॉट पर कब्जे की नीयत से फर्जी दस्तावेज तैयार करवा लिए। इसके बाद आरोपी प्लॉट पर जबरन कब्जा करने के लिए पहुंच गए। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट कर युवक से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के चक महमूद पुराना शहर निवासी असलम के अनुसार उन्होंने सनइया धन सिंह निवासी व्यक्ति से प्लॉट खरीदा था। आरोप है कि नवंबर 2023 में बेनीपुर चौधरी निवासी जयचंद, भागीरथ, दिलीप, सतीश, संतोष और अवसार बैनामा के फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट पर कब्जा करने पहुंच गए। असलम ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी।

# आरोप : शादी कराने के नाम पर साली को 50 हजार में बेच दिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय में की शिकायत
- कथित पति ने बंधक बनाकर किया शारीरिक शोषण

**अमृत विचार :** एक युवक ने शादी कराने के नाम पर साली को 50 हजार रुपये में बेच दिया। वह उसे एक व्यक्ति के घर छोड़ आया। कथित पति ने बंधक बनाकर उसका शारीरिक शोषण किया। आरोप है कि उसने दोस्तों के साथ मिलकर युवती के साथ दरिंदगी की कोशिश की। पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है।

उत्तराखंड के रुद्रपुर के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि उसकी बहन की शादी भोजीपुरा क्षेत्र में हुई है। चार महीने पहले बहनोई ने दोस्त से उसकी शादी करने की बात कही।

आरोप है कि बहनोई ने उसे तुलसीनगर निवासी एक व्यक्ति के हाथ 50 हजार रुपये में बेच दिया। बहनोई उसे उसके घर छोड़ आया। युवक ने उससे कहा कि अब उसे यहीं रहना पड़ेगा। उसे ही पति मानना होगा। आरोप है कि कथित पति ने रात में तीन दोस्तों को बुलाया।

चारों ने एक साथ शराब पी। विरोध करने पर सभी ने दुष्कर्म की कोशिश की। आरोप है कि भाई से शिकायत करने पर उसने कहा कि जहां बेचा है, उसी घर में ही रहना होगा। पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है। जनसुनवाई कर रहे एसपी ट्रैफिक शिवराज ने भोजीपुरा इंस्पेक्टर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## घर में घुस कर महिला पर चलाई गोली

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में एक युवक ने साथी संग महिला के घर में घुस कर फायरिंग कर दी। फायरिंग में कुछ छर्रे महिला के पेट में लगे, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के संजय नगर जोशी वाली गली की रहने वाली पिंकी शर्मा ने बताया कि उनका 12 वर्ष पूर्व तलाक हो गया था। इसके कारण उन्होंने पिछले साल संजय नगर में एक प्लॉट लेकर उस पर मकान बनवाया था। इस दौरान हजियापुर के रहने वाले क्रांति कश्यप से उनकी रेता-बजरी की दुकान से सामान लेने के कारण जान पहचान हो गई। आरोप है कि शनिवार शाम क्रांति एक अज्ञात साथी के साथ घर पर आकर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर क्रांति कश्यप के कहने पर उसके दोस्त ने तमंचे से फायर कर दिया। छर्रे उनके पेट में लगे।

## एटीएम कार्ड चोरी कर निकाले 27 हजार रुपये

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के मोहनपुर नकटिया निवासी कशिश राठौर का एटीएम कार्ड चोरी कर चोर ने 27 हजार रुपये निकाल लिये। मोबाइल फोन पर मैसेज आने के बाद उन्होंने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कशिश ने बताया कि वह 11 मई को दिन में करीब नौ बजे बैंक ऑफ बड़ौदा नकटिया के एटीएम बूथ पर कैश निकालने गया था। इस दौरान बारिश की वजह से वहां कई लोग खड़े थे। उनमें से किसी ने उसकी जेब से कार्ड चोरी कर लिया। उसके बाद एक्सिस बैंक की फरीदपुर शाखा से एक बार में 15 हजार और दूसरी बार में 12 हजार रुपये निकाल लिये। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## रास्ते में घेर कर चाकू-सरिया से किया जानलेवा हमला

**बरेली,अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में दबंगों ने एक युवक को रास्ते में घेरकर उस पर चाकू और सरिया से जानलेवा हमला कर दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की कोशिश भी की। आईजी डॉ. राकेश सिंह के आदेश पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के चक महमूद निवासी इरफान ने बताया कि वह 17 जून को मॉडल टाउन स्थित अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि शाम करीब सात बजे रास्ते में हजियापुर खजूर वाली मस्जिद के पास अदनान, अरमान, रफत उर्फ बाबा, अशफाक और अल्तमश चौधरी ने उसे घेर लिया। आरोप है कि सभी ने अभद्रता कर गालियां देना शुरू कर दीं। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडो और सरिया से इरफान की पिटाई कर दी। इस बीच अदनान ने चाकू निकाल कर इरफान पर वार किया, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। आस-पास के लोगों की भीड़ जमा होता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। आरोप है कि बारादरी पुलिस ने मेडिकल कराया था, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

# बैंककर्मियों ने मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी



बैंक परिसर में आयोजित बैठक में मौजूद संगठन के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बड़ौदा यूपी बैंक के कर्मियों में असंतोष का माहौल
- वर्षों से नई भर्ती नहीं होने से पीड़ित हो रहे बैंककर्मी

**अमृत विचार:** ग्रामीण बैंक बड़ौदा यूपी के बैंककर्मियों की ओर से इस माह नई भर्ती का विज्ञापन नहीं निकलने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी गई। बैंक कैंपस में हुई बैठक में बड़ौदा यूपी बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन के महासचिव संतोष तिवारी ने बताया कि जैसे बैंक और राष्ट्रहित हमारे लिए सर्वोपरि है, वैसे ही कार्मिकों की कमी के चलते बोझ के कारण बैंककर्मियों की पीड़ा की भी अनदेखी नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा कि यदि इस माह नई भर्ती और पदोन्नति के संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो हमें विवश होकर आंदोलन का निर्णय लेना पड़ेगा, जिसके लिए बैंक प्रबंधन उत्तरदायी होगा। आईबोक बरेली के जोनल सचिव सुनीत भटनागर ने बताया कि यदि बैंक ऑफ बड़ौदा से संबद्ध तीनों ग्रामीण बैंक में पर्याप्त नई भर्तियां नहीं निकाली गईं या पदोन्नति का परिपत्र शीघ्र जारी नहीं हुआ तो हमें विवश होकर ग्रामीण बैंक का यह आंदोलन सभी बैंक में ले जाना होगा। इस संबंध में संगठन के क्षेत्रीय सचिव और केंद्रीय संगठन के मीडिया प्रभारी अनुज गौड़ ने युवाओं से अपने हितों की रक्षा के लिए एकजुट होने व एक मजबूत आंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। संगठन के अध्यक्ष विनय कुमार लाल श्रीवास्तव, उपमहासचिव ब्रजभूषण मिश्रा, संयोजक हृदेश राय, ज्ञानेश्वर सिंह ने बैंक प्रबंधन की हठधर्मिता को अनुचित बताया।

# देवस्थान की जमीन पर कब्जा कर बनाई बाउंड्रीवाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

- सरकारी हैंडपंप समेत सोलर लाइट को भी लिया कब्जे में
- शिकायत पर पुलिस और राजस्व की टीम ने निर्माण रुकवाया

**अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र में देवस्थान की खाली पड़ी जमीन पर गांव के ही कुछ दबंगों ने कब्जा कर रातों-रात बाउंड्रीवाल खड़ी कर दी। वहां पर लगे सरकारी नल और सोलर लाइट को भी कब्जे में ले लिया। ग्रामिणों की शिकायत पर पुलिस और राजस्व टीम ने काम को रुकवा दिया। ग्रामीणों ने मामले में आठ लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव सनइया रानी मेवा कुंवर में एक देव स्थल है। देव स्थल की करीब बारह बीघा जमीन खाली पड़ी है। आरोप है कि देव स्थान के पास रहने वाले कुछ लोगों ने इस जमीन पर कब्जा कर लिया और रातों-रात नींव भर कर



देवस्थान की जमीन पर कब्जा कर बनाई बाउंड्रीवाल। ● अमृत विचार

बाउंड्रीवाल खड़ी कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। मामले में गांव के मुकेश सिंह यादव ने गांव के आठ दबंगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। उधर हल्का और लेखपाल सौरभ कुमार ने भी मौके पर पहुंचकर नाप जोख की तो उक्त जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया। पार्षद वेदराम मौर्य भी मौके पर पहुंचे। उनका कहना है वह मामले की शिकायत नगर आयुक्त और जिलाधिकारी से करेंगे।

## फेसबुक पर पीएम मोदी पर की अभद्र टिप्पणी

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव करेली निवासी युवक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर अभद्र टिप्पणी करते हुए शनिवार को फेसबुक पर पोस्ट की। कुछ ही देर में यह पोस्ट वायरल हो गई। एक यूजर ने पोस्ट का स्क्रीनशॉट लेकर पुलिस से एक्स पर शिकायत की है। बताते हैं कि जिस युवक ने टिप्पणी की है, वह थाने में कार्यक्रम के दौरान पुलिस अफसरों के पास खड़ा दिख रहा है। वहीं, पुलिस ने एक्स पर साइबर सेल से मामले की जांच कराने की बात कही है। वहीं, मामले में देर शाम भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने एसएसपी से शिकायत की।

## पुलिस के वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस के वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। थाना प्रेमनगर के वाहन में सवार होकर पुलिसकर्मी शनिवार को गश्त पर निकले थे। इस दौरान मैकेनियर रोड स्थित सीआई पार्क के पास बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने आनन-फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में एक व्यक्ति ने फंदे से लटक कर जान दे दी। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ कर शव फंदे से उतारा। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। थाना क्षेत्र के पुरानी चांदमारी गली नंबर चार निवासी किशन कुमार घई (40) शनिवार दोपहर खाना खाने के बाद अपने कमरे में चले गए। दो बजे पत्नी ने कई आवाज लगाई, लेकिन कमरे का दरवाजा नहीं खुला। कमरे की खिड़की से देखा तो पंखे से रस्सी के सहारे किशन कुमार का शव लटका हुआ था। सूचना पर सुभाषनगर थाना प्रभारी सतीश कुमार राय पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। ज्योति रानी के अनुसार पति कुछ काम नहीं करते थे। शराब पीते थे। इसकी वजह से परेशान रहते थे। बताया कि यह उसकी दूसरी शादी थी। पहले पति से उसके चार बच्चे हैं। पहले पति ने भी सुसाइड किया था। मृतक के परिजनों ने महिला पर झगड़ा कराने का आरोप लगाया है।

## नवजात को छोड़ नंदोई के साथ गई महिला

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में महिला अपने चार माह की बच्चे को घर पर छोड़कर नंदोई के साथ भाग गई। शनिवार को महिला के पति और उसकी बहन ने एसएसपी को शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। थाना क्षेत्र निवासी युवक ने तीन साल पहले प्रेम विवाह किया था। युवक एक कंपनी में काम करता है। उनका चार माह का बच्चा भी है। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद महिला की जीजा से नजदीकियां बढ़ गईं। 31 मई को युवक रात में ड्यूटी करने गया था। इस बीच महिला बच्चे को घर में छोड़कर जीजा के साथ चली गई। कुछ समय पहले भी महिला बिना बताए जीजा के साथ चली गई थी। मामले में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने महिला को बरामद कर लिया था। पति के साथ समझौता करा दिया था।

# पहले दिन जल निगम हीरोज और अफरीदी क्लब ने जीते मुकाबले




पुरस्कार के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- सेक्रेड हार्ट क्रिकेट मैदान पर बरेली टी-20 लीग मैच टूर्नामेंट शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** सेक्रेड हार्ट क्रिकेट मैदान पर शनिवार को बरेली टी-20 लीग मैच टूर्नामेंट की शुरुआत हो गई। पहले दिन जल निगम हीरोज और अफरीदी क्लब ने मुकाबले जीते।

पहले मैच में फार्मा सुपर जॉयंट्स और जल निगम हीरोज के बीच हुआ। फार्मा सुपर जॉयंट्स ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 156 रन बनाए। इसमें सुमित सोनकर 43, आशुतोष 29 और उमेश ने 27 रन का योगदान दिया। प्रसून गंगवार और रजा ने 2-2 विकेट लिए। जल निगम हीरोज की टीम ने 14.1 ओवर में 4 विकेट खोकर मैच जीत लिया। इसमें सत्यम दीक्षित ने नाबाद 46 और आलम ने 20 गेंदों पर 42 रन बनाए। प्लेयर ऑफ द मैच सत्यम दीक्षित रहे। दूसरा मैच अफरीदी क्लब और एलीट इलेवन के मध्य हुआ। अफरीदी क्लब ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 206 रन बनाए। इसमें आसिफ रजा ने 91 और विकास यादव ने 31 रन का योगदान दिया। बब्बू ने 4 विकेट झटके। एलीट इलेवन महज 144 रन ही सिमट गई। प्लेयर ऑफ द मैच आसिफ रजा रहे। इससे पहले टूर्नामेंट की शुरुआत अमन बजाज, रवि भदौरिया, अमित सक्सेना, डॉ. अमित सक्सेना, डॉ. रवि सक्सेना, एचएस बिष्ट ने की। टूर्नामेंट सचिव दानिश आदि मौजूद रहे।

# शिकायत पर दबिश देने पहुंच गया दरोगा महिला से हाथापाई कर तोड़ा मोबाइल

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

- घटना का वीडियो हो रहा वायरल बिलपुर के अत्तूनगला का मामला
- दरोगा पर जबरन घर में घुसने का आरोप

**अमृत विचार :** वैसे तो रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी पुलिस दबिश देने से कतराती है, लेकिन थाने में तैनात एक हल्का इंचार्ज इतने सक्रिय हो गए कि वह शिकायत पर देर रात गांव बिलपुर के अत्तूनगला में महिला के घर दबिश देने पहुंच गए। इस दौरान महिला के साथ हाथापाई कर मोबाइल भी तोड़ दिया। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसके बाद पुलिस को जवाब देते नहीं बन रहा है।

शुक्रवार रात एक हल्का इंचार्ज महिला के घर पहुंचे, उसके पति के बारे में पूछताछ की। पति के बाहर होने की बात बताने पर हल्का इंचार्ज जबरन घर में घुस गए। महिला ने घटना का वीडियो बनाना चाहा तो दरोगा ने गुस्से में हाथापाई करते हुए मोबाइल तोड़ दिया। इस दौरान अभद्र भाषा के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का भी आरोप है। साथ ही पति की खड़ी गाड़ी का चालान करने के बाद धमकी देकर चले गए। महिला का पति जब घर पर आया तो पूरी जानकारी हुई। जिसके बाद महिला एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है।

फतेहगंज पूर्वी के गांव बिलपुर के अत्तूनगला की गीता ने शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शुक्रवार रात पति बाहर गया हुआ था। वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान उप निरीक्षक हल्का इंचार्ज दो अन्य पुलिस कर्मी के साथ घर पर आ गए। पूछताछ में पीड़िता ने बताया पति किसी काम से बाहर गया हुआ है। वह घर पर अकेली है। बावजूद दरोगा जबरन घर में घुस गया। जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया।

> महिला के घर के ही पड़ोस में रहने वाले अवधेश की पत्नी ने कहासुनी का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया था। जिसमें दरोगा टीम के साथ दबिश देने गए थे। जहां पुलिस को देख आरोपी फरार हो गया था। वीडियो में दरोगा ने कोई अभद्रता करते नहीं दिख रहे हैं। उल्टा महिला ही पुलिस के साथ अभद्रता कर रही है। **-मदन मोहन चतुर्वेदी,** इंस्पेक्टर फतेहगंज पूर्वी

> वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है, महिला के दिए प्रार्थना पत्र की जांच करने के लिए पुलिस गई थी। आरोपी पर पहले से ही कई मुकदमे हैं। **- गौरव सिंह** क्षेत्राधिकारी फरीदपुर

## 18 से 25 जून तक बच्चों को पढ़ाया जाएगा पर्यावरण संरक्षण का पाठ

**बरेली, अमृत विचार :** प्राथमिक स्कूलों में बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए पर्यावरण शिक्षा से रूबरू कराया जाएगा। 18 से 25 जून के बीच परिषदीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रोज एक घंटा पर्यावरण से संबंधित पाठ पढ़ाने के साथ विभिन्न गतिविधियां कराई जाएंगी। इसके लिए बीएसए, डायट प्राचार्य, प्रवक्ता, बीईओ, एआरपी और एसआरजी को जिम्मेदारियां दी गई हैं।

## ओपीडी के बाहर लगा दिया टेंट, लैब के बाहर धूप से परेशान हो रहे मरीज

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम के निर्देश के बाद जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर तो टेंट की व्यवस्था कर दी गई, लेकिन पैथोलॉजी लैब के बाहर कोई इंतजाम नहीं किया गया है। यहां धूप और भीषण गर्मी के चलते लाइन में लगे मरीज परेशान हो रहे हैं। छह जून को डीएम रविंद्र कुमार ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया था। उस दौरान उन्हें ओपीडी में अव्यवस्थाओं के साथ ही पर्चा काउंटर पर भीषण गर्मी में बड़ी संख्या में मरीज धूप में गर्मी से बेहाल नजर आए थे। इस पर उन्होंने अस्पताल प्रशासन को गर्मी से राहत के इंतजाम करने के निर्देश दिए थे।

**ड्यूटी से गायब मिली थीं डॉक्टर, सीएमओ करेंगे कार्रवाई :** डीएम के निरीक्षण के दौरान महिला डॉक्टर ड्यूटी से गायब मिली थीं। डीएम के आदेश पर एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने संबंधित डॉक्टर से स्पष्टीकरण तलब कर सीएमओ को डॉक्टर पर नियमानुसार कार्रवाई को पत्र भेजा है।


## सार-संक्षेप

### अद्भुत है भक्त और भगवान के बीच का संबंध



**बरेली, अमृत विचार :** श्रीहरि मंदिर में चल रही कथा में कथा व्यास पं. ब्रजेश पाठक ने बताया कि भक्त के लिए प्रभु का संबंध ही सर्वोपरि है। शेष सभी संबंध बाद में है। जो भी भक्त भगवान को अपने हृदय में बसाकर सांसारिक संबंध निभाता है, उसका जीवन सफल हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब राम ने लक्ष्मण से अयोध्या में रह कर माता-पिता की सेवा करने के लिये कहा तो उन्होंने ने साफ कह दिया कि प्रभु मैं आप के अतिरिक्त और किसी को नही जानता। मेरे सब कुछ आप ही हैं। भगवान ऐसे समर्पित भक्तों के प्रेम पर रीझ उठते हैं. इसके बाद भक्त को भगवान के पीछे नहीं भागना पड़ता, बल्कि भगवान स्वयं भक्तों के साथ-साथ चलने लगते हैं। कथा के दौरान संगीतमय कीर्तन पर श्रद्धालु आनंदविभोर हो झूमते नजर आये। कथा विश्राम पर महाआरती, महाभोग के उपरान्त प्रसाद वितरित किया गया। अध्यक्ष सतीश खट्टर, सुशील अरोड़ा, राजेश अरोरा, राम प्रकाश लूथरा, दिलीप बत्रा, राजेंद्र कुमार, कथूरिया, विनोद भाटिया, गिरीश आनंद आदि उपस्थित रहे।

### स्वर्ण जयंती समारोह में किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** परम इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड सीबीगंज उद्योग में स्वर्ण जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में वर्तमान कर्मचारी, सेवानिवृत कर्मचारी और उनके परिवारों ने सहभागिता की। इस अवसर पर आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश सुंदरानी ने बताया कि परम इंजीनियर की स्थापना 1974 चेतन सुंदरानी (आयु 91वर्ष) ने किया था। उनकी अगुवाई में परम इंजीनियर ने विभिन्न क्षेत्रों की मशीनों का गुणवत्तापूर्वक निर्माण करके 50 वर्षों का स्वर्णिम सफर पूरा किया। इस वर्ष उसका स्वर्ण जयंती वर्ष है। परम इंजीनियर ने अपनी मशीनरी बनाकर इंडोनेशिया, नेपाल एवं श्रीलंका जैसे देशों में भी निर्यात किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी मोहम्मद जाहिद का प्रबंधन ने विशेष सम्मान किया। इस दौरान मुनीश, कपिल, लता, प्रियंका, मेहुल व विवान आदि उपस्थित रहे।

### अंतःकरण शुद्ध हो तो रीझ उठते हैं भगवान



**बरेली,अमृत विचार :** माधवबाड़ी स्थित श्रीरामायण मंदिर में आयोजित श्रीमद्भावत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतर्गत शनिवार को श्रद्धालुओं ने भागवत कथा के महत्व का श्रवण किया। इस अवसर पर कथा व्यास पं. महावीर शर्मा ने बताया कि विचारों से व्यक्तित्व का निर्माण होता है। जिस व्यक्ति का अंत:करण शुद्ध होता है, वह ही प्रभु का प्रिय होता है। शुद्ध मन वाले भक्तों पर प्रभु की असीम कृपा बरसती है। उन्होंने बताया कि अंत:करण शास्त्रों का अध्ययन, संत दर्शन और भजन से शुद्ध होता है। संत की शरणागति से अंत:करण में शुद्धता आती है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा चित्त में उतर जाए तो वह तड़पाएगी, रुलाएगी, संत और ईश्वर से भी मिलाएगी। आगे कहा कि संत भक्तों के दोष नहीं देखते हैं, बल्कि उनको स्वीकार करते हैं। भक्त में संत के प्रति शरणागति का भाव होना चाहिए। विभीषण की तरह भाव हो तो प्रभु अवगुण नहीं देखते। इस बीच भक्तिमय भजनों की धुन पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर थिरकते रहे। राम अरोड़ा, भूषण अरोड़ा, दीपांकर, धीरज, प्रिंस खुराना, अरुण, विपिन गांधी आदि उपस्थित रहे।

## 20 को अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होगा जत्था

**बरेली,अमृत विचार :** श्री शिवशक्ति मानव सेवा समिति की ओर से उपजा प्रेस क्लब में बैठक का आयोजन किया गया। शनिवार को डॉ. एसके पांडे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अध्यक्ष संजय पाराशरी ने बताया कि जम्मू व कश्मीर साइन बोर्ड की ओर से गाइडलाइन जारी कर दी गई है। 15 जून को बदायूं से जाने वाला भंडारा अब 20 जून को यहां से 100 लोगों के साथ अमरनाथ के लिए रवाना होगा। इसके बाद बरेली से 28 जून की शाम को एक और जत्था रवाना होगा। महंत पुत्तन सक्सेना, छोटे महंत विवेक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# अगले महीने रफ्तार पकड़ेंगे विधायक निधि के अटके काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आचार संहिता लागू होने से अटक गई थी टेंडर प्रक्रिया, अब तैयारी शुरू

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता की वजह से अटके विधायक निधि से प्रस्तावित काम जुलाई से रफ्तार पकड़ सकते हैं। आचार संहिता खत्म होने के बाद जून में इन प्रस्तावों पर टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए मिली पांच करोड़ की विधायक निधि से विकास कार्य कराने में जिले के ज्यादातर विधायकों ने शुरुआत में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। प्रस्ताव न दिए जाने से यह विधायक निधि उनके खातों में जस की तस पड़ी रही। लोकसभा चुनाव करीब आने पर जब ऊपर से दबाव पड़ा तब कहीं विधायकों ने प्रस्ताव देने शुरू किए। सभी नौ विधायकों की ओर से 580 प्रस्ताव दिए गए जो स्वीकृत तो हो गए लेकिन तमाम प्रस्तावों पर काम शुरू नहीं हो पाया।

इनमें एमएलसी कुंवर महाराज सिंह के 27, मंत्री धर्मपाल सिंह के 34, डॉ. अरुण कुमार के 102, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा के 98, प्रो. श्याम बिहारी के 82, संजीव अग्रवाल के 72, डॉ. एमपी आर्या के 59, डीसी वर्मा के 34, शहजिल इस्लाम के 35 और अताउर रहमान के 37 प्रस्ताव काम शुरू हो गए थे। मार्च की रिपोर्ट के अनुसार धर्मपाल सिंह के आठ, संजीव अग्रवाल के दो, डॉ. एमपी आर्या के तीन, शहजिल इस्लाम का एक, अताउर रहमान का एक, एमएलसी महाराज सिंह के तीन प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया। कहीं टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी तो कहीं कुछ और औपचारिकताएं रह गईं। इस बीच 16 मार्च को आचार संहिता लागू हुई तो ये काम अटक गए।

अब आचार संहिता खत्म होने के बाद इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन की तैयारी डीआरडीए कार्यालय ने शुरू कर दी है। सांसद निधि से भी स्वीकृत पांच प्रस्तावों के कार्य शुरू नहीं हो पाए थे। विधायक निधि से प्रस्तावित 568 कार्यों में से मार्च तक 297 पूरे हो चुके थे और 271 निर्माणाधीन हैं। सांसद निधि से 292 प्रस्ताव मंजूर हुए थे, जिनमें से 113 मार्च तक पूरे हो चुके हैं और 174 निर्माणाधीन हैं।

# विकसित भारत का स्वप्न


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था।

विकसित भारत का स्वप्न संकल्प पूरा होने की गारंटी है। यह संकल्प प्रधानमंत्री मोदी का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। भारत के इतिहास में तीन बार का कार्यकाल केवल नेहरू को मिला था। मोदी जी ने अपने 10 वर्षीय कार्यकाल में तमाम चमत्कारिक काम किए हैं। भारतीय जन गण मन उन्हें प्यार और आदर देता है। उनके नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय स्वाभिमान की नई इबारत लिखी गई है। भारतीय संस्कृति सारी दुनिया में लोकप्रिय हुई है। जम्मू कश्मीर विषयक संविधान के अनुच्छेद-370 का निरसन सारी दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय रहा है। अधिकांश सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता इसे असंभव बता रहे थे। कुछ टिप्पणीकार अनुच्छेद 370 के समाप्त करने में सांप्रदायिक दंगों का खतरा देख रहे थे,लेकिन इस सबकी परवाह न करते हुए मोदी सरकार ने 370 को हटा दिया। यह कार्य एनडीए की सरकार ही कर सकती थी। मोदी जी ने तमाम अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को शीर्ष सम्मान दिलाया। संस्कृति के क्षेत्र में इस सरकार के कार्यकाल में तमाम आश्चर्यजनक कार्य हुए हैं। कई मुस्लिम देशों ने भी भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया है। संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में राम कथा चली। दुबई के तमाम प्रतिष्ठित लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में मंदिर का लोकार्पण किया। सेकुलरपंथी मंदिर के नाम पर बेजा टिप्पणियां करते हैं,लेकिन मोदी ने देश की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया। करतारपुर साहिब में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा बहाल कराई। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्री अव्यवस्था से पीड़ित थे। चीन में होने के कारण इसकी व्यवस्था कठिन थी। मोदी जी के नेतृत्व में कैलाश मानसरोवर की यात्रा आसान हो गई। भारतीय धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिक नहीं है। मंदिर जाना, दर्शन करना भी सांप्रदायिकता नहीं है।

मोदी जी की सरकार के समय भारत के प्रत्येक जन के हृदय में उमंग और उल्लास रहा है। किसानों और गरीबों को हर तरह से समृद्ध बनाने के फैसले किए गए। मोदी ने राष्ट्रीय समृद्धि का संकल्प लिया। देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प लिए गए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय ब्रिटिश राजनेता भारत की शासन करने की क्षमता का मजाक उड़ाते थे। ब्रिटिश विद्वान भारतीय दर्शन को भाववादी बताकर उपहास उड़ाते थे। इंग्लैंड के तत्कालीन प्रधानमंत्री चर्चिल ने कहा था कि, "भारत जाति पंथ में विभाजित समाज है। वे शासन नहीं चला पाएंगे।" बात-बात में यूरोप की प्रशंसा करने वाले टिप्पणीकार शर्मिंदा होंगे कि शासन न चला पाने की भारतवासियों की क्षमता वाली बात झूठ निकली। भारत में 78 वर्ष से स्वशासन और सुशासन की धारा का प्रवाह है। हम 18वीं लोकसभा चुन चुके हैं। इस बीच भारत ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में आश्चर्यजनक उन्नति की है। कृषि वैज्ञानिक एम.एस.स्वामीनाथन के नेतृत्व में हुई हरित क्रांति याद किए जाने योग्य है। राजग सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में स्वामीनाथन को भारत रत्न दिया है।

भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति सारी दुनिया के विद्वान आकर्षित होते रहे हैं। इस ज्ञान परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता और योग्यता को प्रत्येक दृष्टि से संपन्न बनाने का ध्येय सर्वविदित है। दरअसल पश्चिम से आयातित सेकुलर विचार के विद्वानों ने भारतीय परंपरा को लगातार अपमानित किया है। मोदी जी ने भारत के स्वाभाविक विचार प्रवाह को प्रोत्साहन दिया। सांस्कृतिक प्रतीक स्वाभिमान के विषय थे और हमेशा रहेंगे। प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन कार्यक्रम में श्रेष्ठ भारत का स्वप्न रखा। इस कार्यक्रम से कथित प्रगतिशील सेकुलर मोदी पर योजना बनाकर हमलावर हुए। कथित ज्ञानी वर्ग ने प्रधानमंत्री के काशी कार्यक्रम को संविधान की भावना का अपमान बताया। आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री ने धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अच्छा नहीं किया। लेकिन मोदी जी ने ऐसी टिप्पणियों की परवाह नहीं की।

2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था। आयातित सेकुलर पंथ का दुष्प्रभाव था। राजनैतिक वातावरण भी उत्साहवर्धक नहीं था। अब सब साथ-साथ हैं। परस्पर मैत्री और मिलजुलकर काम करने का वातावरण प्रत्यक्ष है। उन्होंने 'सबका साथ और सबका विकास' के नारे को सही सिद्ध कर दिया है। उनके संकल्प में देश का विश्वास है।


योग भारत का प्राचीन विज्ञान और दर्शन है। यह विश्व को भारतीय साधना का अद्वितीय उपहार है। मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग की मान्यता का प्रस्ताव किया। मोदी के प्रस्ताव को 170 से ज्यादा देशों का समर्थन मिला। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने अयोध्या के श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के शिलान्यास में हिस्सा लिया। श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भी वे उपस्थित रहे। यह मंदिर राष्ट्र का स्वप्न था। स्वप्न सच हो रहा है। उन्होंने केदारनाथ मंदिर में 15 घंटे साधना की। वे हाल ही में कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे ध्यानरत रहे। वे भारत के सांस्कृतिक प्रतीकों की प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं। इस प्राचीन देश की मूल चेतना को प्रतिनिधित्व देते हैं। वे बांग्लादेश की यात्रा में ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे। देवी की उपासना की। नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर गए। पूजा और उपासना की। धर्म संस्कृति के प्रति सेकुलरों द्वारा बढ़ाया गया हीन भाव समाप्त हो रहा है। लोक में प्राचीन संस्कृति के प्रति आदर व आत्मविश्वास बढ़ा है।

10 साल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण ने सिद्ध कर दिया है कि धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिकता नहीं है। मंदिर जाना रूढ़िवादिता नहीं है। गंगा जैसी पवित्र नदियों को प्रणाम करना पिछड़ापन नहीं है। श्रीराम, श्रीकृष्ण और शिव की प्रत्यक्ष उपासना रूढ़िवादिता नहीं है। वातावरण बदल चुका है। भारत की जीवन शैली और सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान बढ़ा है। अब हिन्दू और हिन्दुत्व की उपेक्षा संभव नहीं है। सेकुलर राजनीति में सक्रिय वरिष्ठ महानुभाव भी हिन्दू प्रतीकों से जुड़ रहे हैं। हिन्दुत्व पर सबकी सर्वानुमति है।

मनभावन अमृत काल का अंतर्संगीत मोहक है। हिन्दू मान्यताएं सर्वमान्य हो रही हैं। भारतीय विचार के विरोधी सेकुलर पंथ की विदाई तय हो चुकी है। कला, काव्य शिल्प के क्षेत्र में भी सांस्कृतिक जागरण का जादू है। भारत का वातावरण प्रेममय हो गया है। संस्कृति तत्व लोकमान्य हो चुके हैं। नई तरह का नवजागरण है। इस राष्ट्र जागरण में भारत की रीति की प्रतिष्ठा है। भारत की प्रीति का अभिनन्दन है। यह सब काम आसान नहीं था। पहले हिन्दू होना पीड़ादाई था। अब हिन्दू होना सौभाग्यशाली होना है। यह नामुमकिन था,लेकिन मोदी के कारण मुमकिन हो चुका है। समूचा विश्व भारत की लगातार बढ़ रही प्रतिष्ठा को ध्यान से देख रहा है। मोदी के पांच प्रण-'2047 तक विकसित भारत', 'गुलामी के अहसास से आजादी', 'विरासत पर गर्व', 'एकता व एकजुटता पर जोर' व 'नागरिकों का कर्तव्य'-भारत के प्रण संकल्प हैं। राष्ट्र इनसे प्रतिबद्ध है। तीसरे कार्यकाल में ढेर सारी संभावनाएं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में सामर्थ्य की बढ़ोतरी होगी। भारत की विश्व प्रतिष्ठा और बढ़ेगी।

# अयोध्या में चुनावी हार की अनर्गल व्याख्या अनुचित

प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी।


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लोकसभा चुनाव के बाद ढेरों प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इन प्रतिक्रियाओं से सोशल मीडिया पटा हुआ है। प्रतिक्रियाएं तो चुनावों के बाद आती ही हैं,लेकिन स्वस्थ प्रतिक्रियाओं के लिए खुद की कमी की तलाश की जाती है। चूंकि सोशल साइट पर जो प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, वह व्यक्तिगत स्तर की हैं और किसी व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने से नहीं रोका जा सकता,लेकिन किसी को यह छूट भी नहीं दी जानी चाहिए जो विधिक तौर-तरीके की प्रतिक्रिया न हो। उत्तर प्रदेश में आशा के अनुरूप के अनुरूप परिणाम न आने पर व्यक्त की जा रही हैं,इनमें एनडीए जिसकी मुख्य लगाम भाजपा की है तो उसे चाहिए कि वह अपने समर्थकों को परिपत्र जारी कर मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के संबंध में व्यक्त की जा रही प्रतिक्रियाओं से विरत रहने के निर्देश दे तथा सोशल साइट से उसे हटाने के लिए निर्देशित करे।

पहली प्रतिक्रिया अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी की हार के एवज में कहा जा रहा है कि 'जिस तरह अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी हार गया,उसे देखते हुए तो समझ में अब रहा है कि क्यों भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों से ताले में बंद थे?' दूसरी प्रतिक्रिया यह है कि'अयोध्या की जनता जब राजा से संतुष्ट नहीं थी तो भाजपा प्रत्याशी किस खेत की मूली हैं'?

इन दोनों प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी। जब उन्हें राजगद्दी की जगह वनवास के लिए कह दिया गया था तब अयोध्या की जनता श्रीराम के पक्ष में थी और वनवास सुनकर वहां की जनता ने अन्न-जल त्याग दिया था। अब सवाल उठता है कि भाजपा प्रत्याशी की हार के चलते पांच सौ साल ताले में बंद रहने को जस्टिफाइड करना उस पूरे राम आंदोलन पर ही प्रश्न उठाना है जिसके लिए कितनों ने धरना प्रदर्शन, जेल,मौत को गले लगा लिया था। साथ ही लंबी कानूनी कार्रवाई के बाद बड़े धूम-धड़ाके से मूर्ति स्थापित हुई और उस स्थापना दिवस को दीवाली पर्व की संज्ञा दी गई।

इसके साथ एक प्रतिक्रिया माता सीता के लिए है कि अयोध्या की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। इस संदर्भ में गहराई से देखा जाए तो एक रजक की पत्नी के कहने पर सीता को श्रीराम ने निर्वासित कर दिया था। इस प्रसंग को चुनाव से ही जोड़कर देखा जाए तो श्रीराम ने यहां यह संदेश दिया है कि शासक को त्याग भाव में रहना चाहिए। इसके लिए वह व्यक्ति या स्थिति न देखे।

यदि अयोध्या की जनता ने जीत के लायक वोट नहीं दिया तो यह भी प्रतिक्रिया होनी चाहिए कि किसी कार्य में गैरविधिक तरीका अपना लेने पर अयोध्या की जनता उसे मान्यता नहीं देती। तथ्यों को तोड़-मरोड़कर परिभाषित करना धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना है। इसे स्वीकृति नहीं मिलनी चाहिए। आम जनता में किसी ऐतिहासिक आराध्य के लिए आस्था बनी है तो उसकी तुलना निहायत संकुचित तरीके से किया जाने लगेगा तो वेद-पुराण से लेकर अनगिनत धर्मग्रंथों का उपहास उड़ाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा जो सनातन संस्कृति के प्रतिकूल ही है।

# पलायन का दंश झेलते उत्तराखंड के गांव


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं।

उत्तराखंड राज्य को बने हुए 24 साल होने जा रहे हैं, लेकिन इस पहाड़ी राज्य में पलायन एक ऐसी समस्या है जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं खोजा गया है। भले ही पिछले कुछ सालों में सरकार ने गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ कदम अवश्य उठाए हैं,लेकिन बदली परिस्थितियों में लंबा रास्ता तय करना अभी बाकी है। वर्तमान की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने वीरान होते गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ योजनाएं बनाई हैं,लेकिन फिलहाल उनका कोई असर होता नहीं दिख रहा है। बीते वर्षों तक उत्तराखंड के गांव से निरंतर हो रहे पलायन का कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं था। लंबी प्रतीक्षा के बाद वर्ष 2018 में ग्रामीण विकास एवं पलायन आयोग (अब पलायन निवारण आयोग) अस्तित्व में आया।

गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन का सबसे अधिक असर अल्मोड़ा, टिहरी, पौड़ी और नैनीताल जिलों में देखा गया है। उधमसिंह नगर और देहरादून के गांव से अन्य जिलों की अपेक्षा कम स्थाई पलायन हुआ है। पिछले दिनों इस मुझे अपने ससुराल पक्ष के गांव 'देवनौला' जो अल्मोड़ा जनपद में लमगड़ा कस्बे से छह किलोमीटर आगे स्थित है,वहां एक पूजा में जाने का अवसर मिला। हालांकि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत गांव के पास तक सड़क पहुंच गई है,लेकिन इसके बावजूद यहां बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। गांव के अधिकांश घर खाली हो चुके हैं। विरान पड़े यह घर खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। कुछ घरों में तो तीन-चार सदस्य ही रह गए हैं तो कहीं केवल अकेली महिला ही घर में रहकर पहाड़ जैसी जिंदगी से जूझ रही है। उत्तराखंड के अधिकांश पहाड़ी गांव का यही सच है। गांव के युवा या तो फौज में हैं या फिर रोजगार की तलाश में हल्द्वानी, देहरादून, लखनऊ, दिल्ली आदि बड़े शहरों की ओर कूच कर गए हैं,जो गांव छोड़कर शहर को गया वह फिर शहर का ही होकर रह गया।

इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं। अवसर या तो किसी पूजा का होता है या शादी विवाह का। कुछ लोगों ने तो जैसे अपने गांव को भूला ही दिया है। वे सालों से अपने घरों को लौटे ही नहीं है। शहरों की ओर पलायन कर गए लोगों के इन खाली पड़े पुश्तैनी घरों की देखभाल गांव में रह गए उनके पड़ोसी या नाते रिश्तेदार ही करते हैं। पलायन हो भी क्यों न। गांव में अब न खेती-बाड़ी बची है और नहीं रोजगार के कोई साधन हैं। सरकार के विकास के पहिए शहरों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। अधिकांश गांव पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सीढ़ीदार खेतों की फसले मौसम पर ही निर्भर है,क्योंकि इनकी सिंचाई के लिए आने वाला पानी सूख चुका है। खेतों में अगर थोड़ी बहुत फसल या सब्जी होती भी है तो वह जंगली जानवरों की भेंट चढ़ जाती है। पहाड़ में भले ही नदी नीचे बहती हो,लेकिन नदी के ऊपर के गांव प्यासे हैं। इसीलिए उत्तराखंड में एक कहावत प्रसिद्ध है कि 'पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी' पहाड़ पर नहीं टिकता।

देवनौला में सत्तर वर्षीय जगदीश सनवाल बताते हैं कि उनके गांव में न कभी कोई प्रशासनिक अधिकारी आता है और न ही चुनाव के दौरान नेता वोट मांगने आते हैं। जब जिम्मेदार लोग गांव की ओर रुख करेंगे ही नहीं तो गांव का विकास कैसे होगा? यही नहीं गांव के मूल निवासी जो शहरों में जाकर बड़े पदों पर कार्यरत हैं,उन्होंने भी गांव के विकास के बारे में कभी नहीं सोचा जबकि वह चाहते तो बहुत कुछ कर सकते थे। गांव में रोजगार के स्थाई साधन तो कुछ नहीं हैं, शिक्षा के हाल भी अच्छे नहीं हैं। विद्यालय है तो शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी है। किसी विद्यालय में एक शिक्षक है तो कई विद्यालय छात्र संख्या कम होने के कारण बंद हो चुके हैं। सरकार ने भले ही हर गांव में प्राइमरी स्कूल खोल दिए हैं,लेकिन आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को कई किलोमीटर दूर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है। गांव के निवासी कहते हैं कि ऐसी परिस्थितियों में पलायन करना लोगों की मजबूरी है। रोजी-रोटी की तलाश में युवा शहरों की ओर रुख करते हैं और फिर उस शहर को ही हमेशा के लिए अपना स्थाई निवास बना लेते हैं। शहरों के बिल्डर और प्रॉपर्टी डीलर गांव छोड़ चुके इन लोगों की जमीनों को सस्ते दामों में खरीद कर वहां रिसोर्ट, भवन बनाकर बेच रहे हैं। यह एक खतरनाक स्थिति है,जो लोगों को अपनी मूल जड़ों से अलग कर रही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2018 से 2022 तक 3 लाख से अधिक लोग राज्य के विभिन्न हिस्सों से शहरों की ओर पलायन कर गए हैं। 2011 तक उत्तराखंड में 1034 निर्जन गांव थे और 2011 से 2018 तक इनकी संख्या में 734 की वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 से 2022 के मध्य 24 गांव वीरान हुए और राज्य में वीरान गांवों की संख्या 1792 तक पहुंच गई है। आंकड़ों से पता चलता है कि टिहरी में नौ गांव,चंपावत में पांच, पौड़ी और पिथौरागढ़ में तीन-तीन और अल्मोड़ा तथा चमोली में दो-दो गांव ऐसे हैं जिनमें कोई आबादी नहीं है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि देवभूमि कहलाए जाने वाले उत्तराखंड राज्य में घोस्ट विलेजों की संख्या लगातार बढ़ रही है । यह सही है कि इस बढ़ रहे पलायन को एकदम से नहीं थामा जा सकता है,लेकिन इसे रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाकर काम करने की आवश्यकता है। असल में गांव से पलायन करना लोगों की विवशता है। यदि गांव में मूलभूत सुविधाओं के साथ शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य तथा रोजगार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए,तो कोई अपनी जड़ों को छोड़कर क्यों जाएगा। गांवों के विकास और वहां रोजगार- स्वरोजगार के दृष्टिगत एकीकृत कार्ययोजना का खाका तैयार किया जाना चाहिए। विकास की दीर्घकालिक योजनाओं को आगे बढ़ाने की जरूरत है और यह सभी योजनाएं गांव केंद्रित होनी चाहिए।

# राजनीतिक उक्तियां जो झूठी साबित हुईं


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राजनीतिक गलियारों में कुछ उक्तियां और बड़े नेताओं के कथन/ वचन प्रचलित थे, वे इस बार के जनादेश और तत्परिणामी घटनाचक्र में गलत साबित हुए हैं। कहा जाता था कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है। अब की बार यह सही नहीं निकला। इसकी दो सकरी और कंकरीली पगडंडियां निकली हैं, एक आंध्रप्रदेश से और दूसरी बिहार से चली। इन पर नंगे पैर चलना भी कठिन होगा। मजबूत जूता पहनना होगा। एक और उक्ति बहुत प्रचलित थी, 'जो राम को लाए हैं, राम उन्हें लाएंगे'। यह भी हास्यास्पद निकली। स्वयं राम की नगरी में ही गलत साबित हुई।

पूरे देश में भी रामजी ने तो उन्हें बहुमत नहीं दिया, दो वे नेता उन्हें ला रहे हैं जिनका राम से सीधा संबंध नहीं था। वे कथित सेकुलर हैं और हाल के रामोत्सव में दर्शन करने भी नहीं गए। चन्द्रबाबू नायडू 2018 में मोदी सरकार के विरुद्ध लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाए थे, अब उन्हें मोदी में विश्वास हो गया यानी पहली उक्ति झूठी हो गई। थोड़ा पहले की अमित शाह की उक्ति थी कि 'अब नायडू के लिए एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यह भी झूठ निकला। दरवाजा खुला और लाल कॉरपेट भी बिछाई गई। नीतीश का कभी उद्‌घोष था कि मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। वे भी बहुत लचीले निकले। मोदी के पैर छुए और सत्ता का केक साझे में काटेंगे। प्राचीन नीतियों में एक श्लोक की एक पंक्ति याद आ रही है। "श्वासाना शरीराणां वाचानां महीपति"। यानी जैसे शरीर के लिए श्वास अपरिहार्य है, वैसे ही राजाओं के लिए वचन, किंतु आज के राजपुरुषों की कथनी क्या है और करनी क्या है, यह सामने है। तुलसीदास जी ने भी कहा है "प्राण जाय पर वचन न जाय"।

एक अन्य उक्ति बहु प्रचलित थी, 'मोदी है तो मुमकिन है'। अर्थात् मोदी असंभव को संभव बना सकते हैं, किंतु अबकी बार चुनाव में यह गलत सिद्ध हो गई। वे काम चलाऊ बहुमत भी नहीं दिला सके। मोदी का यह वाक्य बहुत प्रचारित था 'कांग्रेस मुक्त भारत'। यह भी अब दम तोड़ रहा है। कांग्रेस तो बढ़ रही है। कहीं 'मुक्त' की बजाय 'युक्त'(सत्तायुक्त) न हो जाए। अमित शाह मोदी को 2029 के लोकसभा चुनाव हेतु भी पीएम पद के लिए प्रोजेक्ट कर चुके हैं। इसे अभी झूठ या सच कहना जल्दी होगी, हालांकि ऐसा कहकर शाह खुद बहुत जल्दी किए हैं। पार्टी के गिरते ग्राफ के चलते क्या पता 2029 में इसकी जरूरत भी पड़ेगी या नहीं। फिलहाल इस समय तो यह उक्ति हवा हवाई ही कही जाएगी।

# एक अच्छी पहल


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वित्त मंत्रालय ने बैंकों से महिला उद्यमियों के लिए कुछ नई योजनाएं शुरू करने को कहा है। एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस(ईएएसई 7.0) रिफार्म एजेंडा के अंतर्गत यह योजनाएं लागू की जानी हैं। महिलाओं द्वारा विभिन्न उद्योगों में उत्साहजनक परिमाण दिए गए हैं,जो देश की तरक्की के लिए उपयोगी साबित हुए हैं। हाल के लोकसभा चुनावों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही है।

आंकड़े बताते हैं कि लगभग 31.50 करोड़ महिलाओं ने इस चुनाव में वोट किया था। माना जा रहा है कि महिलाओं का बड़ी संख्या में वोट एनडीए को गया है जिसके कारण वित्त मंत्रालय महिला उद्यमियों के लिए बैंकों के माध्यम से लोन की नई योजनाएं लाने जा रहा है जिसके लिए बैंकों से लोन मेले लगाने का भी आवाहन किया गया है।

आगे चलकर बैंक कैंप लगाकर महिलाओं को वित्त पोषण में जानकारी और सहायता देंगे ताकि महिलाओं को नई-नई तकनीकी आधारित जानकारियां प्राप्त हो सके। बैंकों से अपेक्षा की गई है कि अपनी महिला ग्राहकों को सहयोग कर उनको वित्त पोषित किया जाए। महिला उद्यमियों में पर्याप्त संभावना को देखते हुए वित्त मंत्रालय की पहल से बैंक अपनी महिला ग्राहकों को किस स्तर तक वित्त पोषित कर सकेंगे यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा। फिलहाल इसे एक अच्छी पहल तो माना जाना चाहिए।

# हंगामा है क्यों बरपा


शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अट्ठारवीं लोकसभा के चुनाव परिणाम आ गए। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार भी बनने जा रही है। बावजूद इसके इस बार के परिणामों को लेकर जितना बहस मुबाहिसा चल रहा है, सामान्यतया इससे पहले नहीं देखा गया। ये कुछ-कुछ ऐसा है कि अपने फेल होने का दुःख कम हो, पर दोस्त फर्स्ट आ जाए तो इसका दुःख ज्यादा होता है। क्या इस हंगामे की वजह बीजेपी की सीटों में कमी आना है या इंडिया गठबंधन की अच्छी परफॉर्मेंस? या अयोध्या के चौंकाने वाले परिणाम? चौंकाने वाले इसलिए, क्योंकि बीजेपी ने राम मंदिर की जबरदस्त मार्केटिंग की थी। कई सौ करोड़ रुपए पानी की तरह बहाए।

मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए इतना प्रोपेगंडा हुआ कि एक बार को लगा कि जनता इस चकाचौंध के पार देखने में असमर्थ है, लेकिन ऐसा नहीं था। जनता जमीनी हकीकत साफ-साफ देख पाई। शायद अयोध्यावासियों को अपने घरों के बदले मंदिर तो चाहिए था, पर मंदिर के नाम पर विश्वस्तरीय मॉलनुमा कॉरिडोर नहीं। उत्तर प्रदेश को गोबर पट्टी कहकर मजाक उड़ाने वालों को प्रदेशवासियों ने यह बता दिया कि देश को सर्वाधिक प्रधानमंत्री देने वाले प्रदेश को लोकतंत्र के मायने मालूम हैं। इस चुनाव का जनादेश भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देता है। भले ही एनडीए को बहुमत मिला हो, लेकिन परिणामों से प्रतिपक्ष को संजीवनी भी मिली है। पिछले लोकसभा चुनावों ने जनता ने बीजेपी को सफलता के शिखर पर पहुंचाया था जिसने पार्टी को अहंकारी और अधिनायकवादी बना दिया।

दरसअल पिछले चुनाव में विपक्ष एकदम निचले स्तर पर था जिससे नीचे जाने की जगह नहीं थी और बीजेपी अपने शिखर पर थी जिससे ऊपर जाना संभव नहीं था। बीजेपी चार सौ पार का नारा देती रही और विपक्ष हर हाल में एकजुटता दिखाता रहा। बीजेपी को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा। यहां राम मंदिर का जादू नहीं चला और न ही सांप्रदायिक विभाजन काम आया। लोग बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार को भूल नहीं पाए। नड्डा के बयानों ने रही सही कसर पूरी कर दी। उनका ये कहना कि पार्टी को आरएसएस की जरूरत नहीं और बिहार में उन्होंने कहा कि छोटे और क्षेत्रीय दलों का कोई भविष्य नहीं है, एनडीए में शामिल छोटे दलों को बीजेपी से दूर करने में सहायक हुए। बहरहाल नतीजा हमारे सामने है एक लंगड़ी सरकार दो बैसाखियों पर चलकर सरकार कैसी चलाएगी इसका अनुमान लगाना बहुत आसान है।

# दुनिया को समझने की कोशिश


द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

प्रश्न यह है कि शिक्षा के माध्यम से क्या हम दुनिया को जान सकते हैं? शिक्षा विविध भाषाओं से हमारी जान-पहचान कराती है,जानकारियों का पुलिंदा हमारे सामने पेश करती है,हमें जोड़-घटाना, गुणा-भाग करना सिखाती है,ज्ञान-विज्ञान से जोड़ती है। समझदारी विकसित करती है और आपसी प्रतिस्पर्धा का भाव रोपती है। सफल होने पर खुश होना सिखाती है और असफल होने पर पुनः प्रयास करने की उत्तेजना पैदा करती है।

चूंकि आदि काल से वर्तमान तक पढ़ाई सामूहिक क्रिया रही है। इसलिए यह हमें समाज के विभिन्न समूहों से जोड़ती है और दूसरों के साथ तालमेल करके जीना सिखाती है। दुनिया के साथ चलना और सहयोग करना और विपरीत विचारों का सम्मान करना सिखाती है,तो क्या दुनिया को अनुभव से जाना जा सकता है? अनुभव हमारे जीवन में हुई घटनाओं की स्मृतियां हैं। किसी एक क्रिया की प्रतिक्रिया अनेक ढंग से हो सकती है। हम किसी को देखकर मुस्कुराएं तो उत्तर में मुस्कराहट वापस आ सकती है, 'कोई जवाब नहीं' वापस आ सकता है,उपेक्षा वापस आ सकती है या नाराजगी भी। इस स्थिति में मुस्कुराने की प्रतिक्रिया में भी भ्रम की स्थिति है। इसलिए मुस्कराहट का उपयोग सोच-समझकर किया जाता है। जब मुस्कराहट जैसा मधुर व्यवहार अलग-अलग ढंग परिणाम देता है तो दुनिया को कैसे जाना जाए? यह समस्या केवल अहमद जैसे विद्यार्थी की ही नहीं है,प्रत्येक जिज्ञासु की है,जो शिक्षा से जुड़कर दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है तो क्या शिक्षा हमें दुनियादारी नहीं सिखाती?

सिखाती है, दुनियादारी सिखाती है,लेकिन दुनिया के रहस्य नहीं बताती,बल्कि उन रहस्यों को जानने की राह बताती है,लेकिन रास्ता इतना लंबा है कि मंजिल नजर ही नहीं आती। बस, चलते रहो, चलते रहो। अहमद ने तय किया कि वह भी पढ़ाई में मन लगाएगा। प्रभुदत्त और अहमद मिलजुल कर बातें करते और पढ़ते भी। समय बीतता गया और वे दोनों चौथी कक्षा पास हो गए। आगे की पढ़ाई झंग में संभव नहीं थी इसलिए प्रभुदत्त का झंग से पांच मील दूर मिघियाना के स्कूल में दाखिला करवा दिया गया,लेकिन अहमद झंग में ही रह गया,क्योंकि उसके अब्बा उसे झंग से बाहर जाकर पढ़ने के खिलाफ थे। अहमद ने अपनी तरफ से बहुत कोशिश की,अम्मी से कहलवाया,लेकिन बात नहीं बनी और उसकी पढ़ाई झंग के स्कूल की चारदीवारी में कैद होकर रह गई। जिस दिन प्रभु झंग से जा रहा था, वह दिन दोनों दोस्तों के लिए बहुत भारी पड़ा। अहमद रो रहा था कि वह झंग से निकल नहीं पाया और प्रभु रो रहा था कि वह झंग से निकलकर अपने जिगरी दोस्त से बहुत दूर जा रहा था। क्या पता फिर मुलाकात हो, न हो!

## आपका पत्र

# लोकतंत्र को मजबूती

बड़े आश्चर्य की बात है कि एक सामान्य मतदाता के रूप में यदि कोई भी भारतीय नागरिक जेल में बंद होता है तो वह वोट डालने का अधिकारी नहीं है, वहीं दूसरी ओर जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़ सकता है। यह बहुत बड़ी विडंबना है इसको खत्म किए जाने की आवश्यकता है। जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़े और जीत जाए, अपराधी लोग संसद में आकर कानून बनाने और बिगड़ने का काम करें। यह अपने आप में किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता। देखने में आ रहा है कि इस प्रकार के विधायकों और सांसदों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हमारे संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर एवं उनकी टीम ने कभी नहीं सोचा होगा कि इस प्रकार के अपराधी लोग भी निर्वाचित होकर संसद में सदस्य बन सकते हैं। इसीलिए जरूरी है कि उचित संशोधन करके इस प्रकार के जेल में बंद अपराधियों के सांसद बनने पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस प्रकार बार-बार के चुनाव से बचने/ सरकारी मशीनरी और पैसे के दुरुपयोग को रोकने के लिए यह भी जरूरी है कि कोई भी व्यक्ति केवल एक जगह से चुनाव लड़े। जब एक भारतीय मतदाता एक ही वोट डालने का अधिकारी है तो इस मतदाता को उम्मीदवार के रूप में दो जगह से चुनाव लड़ने पर भी रोक लगनी चाहिए, क्योंकि प्रायः यदि वह व्यक्ति दो जगह से चुनाव जीत जाता है तो एक जगह से उसे इस्तीफा देना होता है, ऐसी स्थिति में उस क्षेत्र में पुनः मतदान करवाया जाता है जिससे सरकारी संसाधनों की बर्बादी होती है। अतः जरूरी है संविधान में संशोधन किया जाए और अपराधी चरित्र के लोग न तो चुनाव लड़ पाए और न ही कोई भारतीय नागरिक केवल एक जगह से चुनाव लड़े तो इससे हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी।

**- डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी**, बड़ा बाजार नैनीताल

# इफको का किसानों से एक और वादा, जमीन देने वाले सभी लोगों को 15 जुलाई तक मिलेगा काम

## डीएम से शिकायत के बाद एसडीएम की मध्यस्थता में हुई बैठक में इफको प्रबंधन और किसानों में बनी सहमति

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** इफको में रोजगार पाने के कई साल से संघर्ष कर रहे भूदाता किसानों से इफको अधिकारियों ने एसडीएम की मध्यस्थता में आयोजित एक बैठक में शनिवार को एक बार और वादा किया है। जिसमें 15 जुलाई तक सभी भूदाता किसानों को रोजगार देने का आश्वासन दिया गया है।

भारतीय किसान यूनियन प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह, तहसील अध्यक्ष महाराज सिंह ने बताया इफको ने प्लांट निर्माण के समय किसानों की जमीन लेकर रोजगार देने का वादा किया था। जिसमें सभी किसानों को रोजगार नहीं दिया। वर्षों से किसान रोजगार पाने को संघर्ष करते आ रहे हैं। किसान संगठन कई बार धरना प्रदर्शन कर चुका है। इफको ने हर बार आश्वासन देकर रोजगार नहीं दिया। 2022 से लगातार 13 माह तक चले धरना प्रदर्शन के बाद लिखित समझौता हुआ था। जिसमें 3 महीने के अंदर सभी को रोजगार देने की सहमति बनी थी। डेढ़ साल से अधिक समय बीत चुका है।


इफको प्रबंधन से बातचीत करने पहुंचे किसान। ● अमृत विचार

किसानों के हाथ अभी भी खाली हैं। 9 जनवरी को इफको अधिकारियों ने तीन दिन में टाइम आफिस से जॉब कार्ड जारी कर रोजगार देने की बात कही थी। बाद में अपने वादे से पलट गए। इसके बाद 9 फरवरी से अब तक किसान तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रशासन और इफको अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली। शुक्रवार को डीएम से मिलने के बाद शनिवार को एसडीएम ने बैठक बुलाई थी। जिसमें 15 जुलाई तक सभी भूदाता किसानों को रोजगार देने का आश्वासन दिया गया है। इफको

### इफको रोजगार देने के लिए 20 बार कर चुकी है वादा

भूदाता किसानों ने बताया कि 13 महीने का धरना समाप्त होने के बाद 2 फरवरी 2023 को रोजगार देने को लेकर इफको और किसानों के बीच लिखित समझौता हुआ था। जिसमें एसडीएम के भी हस्ताक्षर है। 9 जनवरी 2024 को पुन: तत्कालीन एसडीएम और सीओ की मौजूदगी में इफको अधिकारियों ने मौखिक आश्वासन दिया था। उसके बाद तत्कालीन एसडीएम की मौजूदगी में हुई लगातार वार्ता में इफको आश्वासन देती आई है। शनिवार को एसडीएम नहने राम की मौजूदगी में रोजगार देने का करीब 20वीं बार पुन: आश्वासन दिया गया है।

अधिकारियों ने बैठक में कहा कि 240 भूदाता किसानों को रोजगार देने के लिए फोन किया गया। सभी ने इनकार कर दिया। इस पर किसानों ने विरोध करते हुए कहा कि ठेकेदार लिखित समझौते के आधार पर निर्धारित दिन के स्थान पर 4 से 10 दिन रोजगार देने और साफ सफाई कराने के लिए कहता है। जिसके लिए किसान मना कर देते है। लिखित समझौते के आधार पर रोजगार दिया जाए।

### पचास किसानों की सूची सोमवार को मांगी

महाराज सिंह ने बताया कि सोमवार को पचास किसानों की सूची मांगी है। उनके लिए बुधवार को जॉब कार्ड देने को कहा है। बुधवार को 50 की सूची दी जाएगी, उनके जॉब कार्ड सोमवार को मिलेगा, उन्होंने बताया कि 150 किसानों को रोजगार उपलब्ध कराने के उपरांत 15 जुलाई तक सभी को रोजगार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है। किसानों ने बताया कि सोमवार को भूदाता किसानों की बैठक बुलाई है। जिसमें विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस दौरान इफको की ओर से आरपी सिंह एच आर, सत्यमूर्ति पॉलराज डीजीएम, उज्जवल सिंह एडवोकेट और किसानों की ओर से चौधरी शिशुपाल सिंह, महाराज सिंह यादव, पंकज शर्मा, ऊदल सिंह वर्मा, मुनेश यादव, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

शनिवार को दोनों पक्षों के बीच बैठक कराई गई। जिसमें सकारात्मक वार्ता हुई है। इफको अधिकारियों ने 15 जुलाई तक सभी भूदाता किसानों को रोजगार देने की बात कही है। **– नहने राम**, एसडीएम आंवला

## एक नजर

### मीरगंज में फंदा लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज के धंतिया गांव के मजरा खुदागंज निवासी वीरेंद्र वर्मा उर्फ लाखा (45) ने गांव से कुछ दूरी पर गृह क्लेश से तंग आकर पेड़ से लटककर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वीरेंद्र की मौत से परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि वीरेंद्र वर्मा का परिवार हरियाणा में रहकर में मजदूरी करता है, वह शराब पीने का आदी था, इसी के चक्कर में उसने अधिकांश जमीन बेच दी थी। नशे की वजह से घर में काफी विवाद होता था, इस वजह से उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। परिजन शुक्रवार रात को सो रहे थे, इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि वीरेंद्र आत्महत्या कर ली है, जब सभी वहां पहुंचे तो वह पेड़ से लटके हुए थे। पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम कराया।

### तोड़फोड़ करने पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** परिवार के लोगों के बीच हुए विवाद में एक महिला ने गाली गलौज करने और सामान तोड़ने का आरोप लगाकर 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आजमपुर गांव निवासी सतीश की पत्नी कुसुम ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि परिवार के ही पांच लोगों ने उसके घर में घुसकर गाली गलौज की और विरोध करने पर तोड़फोड़ की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जगदीश, रमेश स दिनेश, अजय, भोले, के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### सफाई के दो दिन बाद ही गंदगी से पटे नाले

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बरसात को देखते हुए नगर पालिका नालों की सफाई करा रहा, लेकिन दुकानदार और सफाई कर्मी घरों और रोड से निकलने वाले कचड़े को डाल देते है, जिससे नाला फिर गंदगी पट गया। दो दिन पहले ही पालिका प्रशासन ने जेसीबी से नालों की तली झाड़ सफाई डाकखाना रोड से पंजाबी कॉलोनी चौराहे तक कराई थी, पर दो दिन बाद ही गंदगी से पट गई।

### परीक्षा देने निकली छात्रा प्रेमी के साथ चली गई

**फरीदपुर, अमृत विचार :** परीक्षा देने गई छात्रा प्रेमी के साथ फरार हो गई। पीड़ित पिता ने प्रेमी और उसकी मां के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई। फरीदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने अपने बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री 6 जून को घर से बीए की परीक्षा देने गई थी, लेकिन कॉलेज में पेपर देने नहीं पहुंची। बेटी जब घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की तब उन्हें जानकारी मिली की मनु शर्मा निवासी कुंवर गंज तिलहर शाहजहांपुर अपने मां के सहयोग से उसे बहलाकर भगा ले गया है। उन्होंने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### एसपी उत्तरी ने किया थाना देवरनियां का मुआयना

**देवरनियां, अमृत विचार :** एसपी उत्तरी ने शनिवार को देवरनियां कोतवाली का मुआयना कर लंबित विवेचनाओं को जल्द पुरा करने के निर्देश दिए। एसपी उत्तरी मुकेश चन्द्र मिश्रा ने मालखाना के साथ ही अपराध, विवेचना रजिस्टर देखे। इसके अलावा उन्होंने मैस, पुराने थाना भवन, आदि को देखा। इस दौरान सब ठीक मिला, लेकिन उन्होंने गंदगी को देखकर नराजगी जताई। खाली जगह पर पौधे लगाने के निर्देश दिए। क्राइम कंट्रोल पर इंस्पेक्टर देवेंद्र सिंह धामा और रिछा चौकी इंचार्ज श्रीषचन्द्र यादव की सरहाना की।

### नल पर नहा रहे बच्चे का महिला ने सिर फोड़ा

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** सरकारी नल पर नहा रहे 8 साल के बच्चे के सिर में महिला ने जग से वार कर दिया, जिससे उसका सिर फूट गया। बिशारतगंज थाना क्षेत्र के अखा गांव निवासी रईसपाल ने थाने में दी हुई तहरीर में बताया कि शनिवार को उसका 8 वर्षीय पुत्र आयुष मोहल्ले के सरकारी नल पर नहा रहा था, पड़ोसी महिला नल पर जग में पानी भरने आई और आयुष से उसकी कुछ कहासुनी हो गई इसी बात पर महिला ने उसके सिर में जग मार दिया।

### बाइक सवार को टक्कर मारने वाले पर रिपोर्ट


**शीशगढ़, अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र के बाइक सवार युवक को गांव जाफरपुर के निकट तेज गति से आते ई रिक्शा ने टक्कर मारी थी, घायल का बरेली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। शुक्रवार को घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शाही थाने के गांव हल्दी कला निवासी राम मोहन ने पुलिस को बताया कि 25 मई को उनका बेटा कल्यान शर्मा गांव बसई निवासी राममूर्ति की बाइक से शीशगढ़ जा रहा था। धनेटा शीशगढ़ रोड पर गांव जाफरपुर के निकट एक ई रिक्शा चालक ने दोनों को टक्कर मार दी, जिससे कल्यान घायल हो गया। बेटे के इलाज के बाद शुक्रवार को अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

# खूंखार कुत्ते के हमले से वृद्ध गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** पारा चढ़ने के साथ ही कुत्ते भी हिंसक होते जा रहे हैं। शनिवार को एक कुत्ते ने हमला करके बुजुर्ग को घायल कर दिया। उन्हें गंभीर हालत में पहले सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बुजुर्ग की हालत चिंताजनक बताई जाती है।

थाने से सटी गली मोहल्ला तलपुरा निवासी बुजुर्ग शफी अहमद अपने साथी के साथ मोहल्ला टांडा स्थित अब्दुल्ला चौक से होकर जा रहे थे। इसी दौरान एक कुत्ता उन पर टूट पड़ा। उनके साथी ने तो एक मकान की आड़ लेकर जान बचा ली पर घबराहट में बुजुर्ग गिर गए, कुत्ते ने उनके प्राइवेट पार्ट घायल कर दिया। गांव जाम में भी एक नंदिनी नामक डेढ़ साल की बच्ची पर एक कुत्ते ने हमला करके घायल कर दिया, ग्रामीणों ने किसी तरह उसे बचाया। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से कुत्तों को पकड़वाने की मांग की हैं।


अस्पताल में भर्ती वृद्ध।

# अनियंत्रित टेंपो पलटने से आठ घायल

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर शनिवार शाम तेज रफ्तार टेंपो अनियंत्रित होकर रोड पर पल्ट गई, हादसे में टेंपो सवार 8 लोग घायल हो गए। टेंपो चालक मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

शनिवार को शाम एक टेंपो मीरगंज से सांवरिया लेकर बरेली जा रहा था। तेज गति होने से ड्राइवर टेंपो से नियंत्रण खो बैठा रुकुमपुर रेलवे क्रासिंग पुल के आगे बरेली की ओर उतरते समय पलट गया। हादसे में सुशील कुमार निवासी मीरगंज, किफायत निवासी मीरगंज, जगदीश निवासी लखोरा थाना कैंट, अतुल, हरिओम, ममता, काजल और कमलावती गम्भीर घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने टेंपो को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर लिया है।


हादसे में घायल यात्री। ● अमृत विचार

### पिकअप की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** साले को देखने बरेली जा रहे बाइक सवार को सामने से तेज गति से आ रही पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी मो. तौफीक शनिवार को बीमार साले को देखने बरेली जा रहा था। हवाई अड्डे के पास सामने से तेज गति से आ रही पिकअप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गम्भीर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत चिन्ताजनक बताई जा रही है।

# नकदी और जेवर समेट ले गए चोर

संवाददाता, भमोरा

**अमृत विचार :** भमोरा क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। शुक्रवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए अलमारी में रखें 10 लाख के जेवर समेत 20 हजार की नकदी चुरा ली।

ग्राम मकरंदपुर ताराचंद निवासी प्रेमपाल ने बताया वह राजस्व विभाग में संग्रह अमीन है, शुक्रवार रात वह पत्नी मोरकली और बच्चों के साथ छत पर सो रहे थे, वहीं ऊपर बने कमरे में बेटा ध्रुव और उसकी पत्नी सो रहे थे जब पत्नी सुबह नीचे आई तो देखा कमरे का दरवाजा खुला हुआ था और अलमारी अस्त -व्यस्त थी, अलमारी में रखें करीब 10 लाख के जेवर और 20 हजार रुपये गायब थे। गांव निवासी समरजीत और सुरेश जब चोरी की बात सुनकर घर की तरफ आ रहे थे तो उन्हें रास्ते में सोने का टीका पड़ा मिला जो चोरों से गिर गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करा जांच कर रही हैं।


चोरी के बाद टूटी अलमारी दिखाता युवक।

### बंद मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**आंवला, अमृत विचार :** ताला लगाकर गांव गए एक परिवार के घर में चोरों ने धावा बोलकर नकदी समेत सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं पीड़ित परिवार ने चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आंवला की राजनगर कॉलोनी निवासी नरेश पाल वर्मा ने बताया कि उसका पैतृक गांव भूरीपुर है। वह बच्चों की शिक्षा के लिए मकान बनाकर आंवला में रह रहा हैं। स्कूलों की छुट्टी होने के कारण वह परिवार के साथ गांव चला गया। शुक्रवार की रात चोर उसके बंद मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। उन्होंने घर खंगाल कर जेवर और 50 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली।

# अदालत के आदेश पर चार लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा

संवाददाता, आंवला

● घर में घुसकर युवती के साथ तमंचे के जोर पर किया था सामूहिक दुष्कर्म

**अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर आंवला पुलिस ने चार लोगों पर महिला से तमंचे के बल पर सामूहिक दुष्कर्म की 50 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली। आंवला थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसका मायका इसी थाना क्षेत्र के एक गांव में है।

वह 19 अप्रैल सुबह करीब 3 बजे मायके में बेटी के साथ सो रही थी। इसी बीच चार लोग छत के रास्ते घर में घुस आए। उसकी बेटी को कमरे में बंद कर तमंचे के बल पर चारों लोगों सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। वह मायके से किसी तरह ससुराल पहुंची और घटना की जानकारी पति को दी। वह पति के साथ थाने पहुंची और कार्रवाई की मांग की।

परंतु पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने अदालत के आदेश पर ओम शंकर निवासी मजरा दौलतपुर आंवला, मोरपाल निवासी मल्लपुर सम्भल, ठाकुरदास और सालिकराम निवासी आनंदपुर उर्फ उदयभानपुर आंवला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरम्भ कर दी है।

# रिक्त पंचायतों में सहायकों की जल्द नियुक्ति की जगी उम्मीद

**बरेली, अमृत विचार :** पंचायत सहायकों के पदों पर नियुक्ति करने के शासन के जारी आदेश के बाद जिले के भी 80 से अधिक ग्राम पंचायतों में खाली चल रहे पदों के भरने की उम्मीद जगी है। पिछले डेढ़ साल से ज्यादा समय से पंचायत में पद खाली होने से विभाग के सामने कई तरह की समस्याएं आ रही थीं।

आचार संहिता निष्प्रभावी होते ही सीएम ने खाली पदों पर भर्ती के आदेश दिए थे, जिसको लेकर पंचायतों में लंबे समय से खाली चल रहे पंचायत सहायकों के पदों को भरने के लिए तैयारी शुरू हो गई है। जिले में 1188 ग्राम पंचायतें हैं। इसमें से करीब 100 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं, जहां पर डेढ़ साल से ये पद खाली चल रहे थे। हालांकि, पूर्व में विभाग की ओर से पंचायत सहायकों की संविदा पर ग्राम पंचायतों में तैनाती की गई थी। किसी ने मानदेय कम होने के कारण तो किसी की दूसरी जगह नौकरी लग गई। ऐसे में इन सभी ने पंचायत सहायक की नौकरी छोड़ दी थी।

डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार के अनुसार ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों के पद खाली चल रहे हैं। इन्ही ग्राम पंचायतों में किसी एक व्यक्ति की पंचायत सहायक के पद पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए जिले से संबंधित व्यक्ति को जिला पंचायत राज अधिकारी, ब्लॉक और ग्राम पंचायतों के कार्यालय में 15 से 30 जून तक आवेदन जमा करने होंगे।

### रिश्तेदारी में गई युवती लापता, शिकायत

**नवाबगंज, अमृत विचार :** खमरिया पूरनपुर की एक विधवा महिला ने नवाबगंज थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पुत्री नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी बहन के घर रिश्तेदारी में गई थी, जहां गांव के ही एक युवक का आना जाना था। उसकी पुत्री 6 जून को उसके घर गई थी जो नहीं लौटी। जानकारी होने पर जब उसने आरोपी के घर पूछताछ की तो कहा कि उसकी बेटी कही गई हुई है आ जाएगी पर अभी तक उसकी बेटी घर नहीं लौटी है। उसे आशंका है कि आरोपी ने उसे कही गायब कर दिया है।

# डीएम- एसएसपी ने जनता की सुनीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** थाना दिवस के पर डीएम रविंद्र कुमार और एसएसपी सुशील घुले ने शनिवार को इज्जतनगर और प्रेमनगर थाने में शिकायतें सुनीं। इस दौरान अधिकारियों ने थाना प्रभारियों को सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर डीएम और एसएसपी पहले थाना प्रेमनगर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने यहां पर जनसुनवाई की और थाने का रिकॉर्ड चेक किया। इसके बाद वे लोग थाना इज्जतनगर पहुंचे और वहां भी जनसुनवाई के साथ ही रजिस्टर का रखरखाव देखा। दोनों अधिकारियों ने थाना प्रभारियों को जन शिकायतों को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए और सभी अभिलेख दुरुस्त रखने की हिदायत दी।

**फरीदपुर में 6 में से 4 का निस्तारण:** थाना समाधान दिवस में सीओ गौरव सिंह व इंस्पेक्टर रामसेवक सुबह से ही फरियादियों की समस्याओं को सुनने के लिए बैठ गए थे। हालांकि शिकायतें बहुत ज्यादा नहीं पहुंची और ऐसा माना जा रहा है कि जो शिकायतें थाने पर पहुंची वह रोजमर्रा में थाने पर आती ही हैं बस प्रार्थना पत्र लिखने वालों ने संबोधन में थाना समाधान दिवस अधिकारी कर दिया।

पुलिस ने समाधान दिवस में पहुंची कुल 6 शिकायतों में से जमीन संबंधी 1 व अन्य विवाद संबंधी 3 शिकायतों को पुलिस को मौके पर भेज कर तत्काल ही उनका निस्तारण करा दिया। दो अन्य भूमि संबंधी विवादों की शिकायतों को राजस्व विभाग के सुपुर्द किया गया। इस दौरान कोतवाली का स्टाफ व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।


समस्याएं सुनते डीएम- एसएसपी।

### नायब तहसीलदार ने सुनीं समस्याएं

**भुता, अमृत विचार :** आदर्श आचार संहिता हटते ही थाना समाधान दिवस शुरू हो गया। शनिवार को नायब तहसीलदार, थाना अध्यक्ष, कानूनगो ने बैठकर जनता की समस्याओं को सुना और कुछ प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण किया। कुछ जगह पर राजस्व विभाग एवं पुलिस की टीम गठित कर समस्या का निस्तारण के लिए भेजा गया। समाधान दिवस में नायब तहसीलदार अभिषेक तिवारी, एवं थाना अध्यक्ष सतीश कुमार, ने आने वाले फरियादियों की समस्या को सुना। भुता के पूर्व प्रधान लक्ष्मण प्रसाद ने समाधान दिवस पर डाबोरा गंगापुर के लेखपाल पर क्षेत्र में न आने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा मैंने कभी भी गंगापुर में लेखपाल को नहीं देखा है जिसकी वजह से मेरे खेत की पैमाइश होने को रुकी हुई है। नायब तहसीलदार ने पूर्व प्रधान से प्रार्थना पत्र लेते ही तुरंत निस्तारण के लिए आदेश किया। अधिकांश प्रार्थना पत्र जमीन जगह से संबंधित आए। समाधान दिवस पर पुलिस स्टाफ व राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### नवाबगंज सब्जी मंडी में लोगों को पिलाया शरबत



**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे की सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं ने प्याऊ लगाकर शरबत पिलाया। इससे राहगीरों को गर्मी में कुछ राहत मिली। इस दौरान सभासद पति आशीष गुप्ता, जावेद, मोहम्मद हसीन उर्फ भूरा, प्रवेश गुप्ता, टिंकू गुप्ता, भूरा भाई, मोहम्मद तसलीम, मंजूर अहमद, गोकुल मौर्य, गिरीश मौर्य, दीपक मौर्य, इकबाल डिपो आदि ने सहयोग किया।

### एसी मैकेनिक आपस में भिड़े, क्रॉस केस दर्ज

**फरीदपुर, अमृत विचार :** एसी फिटिंग को लेकर दो मैकेनिक आपस में भिड़ गए, एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई। कस्बे के मोहल्ला ऊंचा निवासी उमर ने बताया कि उसने लगभग 10 दिन पहले नगर के मोहल्ला बीसलपुर रोड पर एक ग्राहक के घर एक की फिटिंग की थी जिसमें कुछ कमी छूट गई थी, इसलिए ग्राहक ने नगर के मोहल्ला मिर्धान निवासी दानिश को एसी की फिटिंग ठीक करने के लिए बुलाया। दानिश ने ग्राहक के घर से ही फोन कर उमर से अभद्रता शुरू कर दी, उमर ने विरोध किया तो दानिश ने साथियों के साथ उसे मोहल्ले में घेर लिया और उससे मारपीट की। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### भागवत कथा सुनने से दूर होता है दोष



**शीशगढ़, अमृत विचार :** शीशगढ़ के गांव ढकिया ठाकुरान में शनिवार से सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा शुरू हुई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ उठा रहे हैं। कथा वाचक आरती किशोरी ने कहा कि आज की भाग दौड़ की जिंदगी में समय की बहुत ज्यादा दिक्कत है फिर भी समय मिले तो भागवत कथा का रसपान जरूर करें। कलयुग में प्रभु की कृपा ही सहारा है। भागवत कथा श्रवण से दोष और पाप का निवारण होता है। इस अवसर पर कथा वाचक आरती किशोरी, साध्वी राजकुमारी शर्मा, लविश गंगवार, अनिल गंगवार, कृष्णपाल गंगवार समेत अन्य मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा शुरू

**देवरनियां, अमृत विचार :** देवरनियां के ग्राम पंचायत बसुधरन जागीर में श्रीमद् भागवत कथा से पहले महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। शिव मंदिर परिसर से कलश यात्रा पूजा अर्चना के बाद निकाली गई। कथा वाचक आचार्य प्रवीन कुमार पाठक ने पहले दिन भक्तों को विविध प्रसंग सुनाए। इस दौरान परीक्षित चन्द्रहास उपाध्याय, आकाश कुमार, लाल बहादुर, डॉ. राजपाल गंगवार, धर्मेन्द्र कुमार, सोनू रस्तोकी, रामाशंकर, प्रधान पति मुन्ना लाल, रामवहादुर, पोशाकी लाल, रविशंकर सक्सेना समेत अन्य रहे।

### छेड़खानी के आरोपी ने युवती के पिता को धमकाया

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एक समुदाय विशेष के युवक ने युवती से छेड़खानी की, विरोध करने पर युवती की पिटाई कर दी। पीड़िता के पिता ने मुकदमा लिखाया तो उन्हें भी जान से मारने की धमकीदी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को भोजीपुरा के ही गांव अभयपुर निवासी हसमूद उर्फ़ बड्डू ने गत दिवस छेड़खानी की, विरोध पर आरोपी ने उसकी पिटाई कर दी। उसने परिजनों से शिकायत की। युवती को लेकर पिता भोजीपुरा थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ छेड़खानी मारपीट करने और जान से मारने की धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसकी जानकारी होते ही आरोपी ने युवती के पिता को घेर लिया और बोला रिपोर्ट लिखाने का अंजाम बुरा होगा। रिपोर्ट वापस नहीं ली तो जान मार दूंगा। सूचना पर भोजीपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

### कार्यशाला में सौंपी जाएंगी जिम्मेदारियां

**बरेली, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद की ओर से प्रांतीय कार्यशाला और दायित्व ग्रहण कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया जाएगा। शनिवार को जानकारी देते हुए प्रांतीय महासचिव राहुल यदुवंशी ने बताया कि रविवार को सिविल लाइंस स्थित रोटरी भवन में कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में प्रांतीय स्तर पर पदाधिकारियों को विधिवत उनका दायित्व ग्रहण कराया जाएगा। कार्यशाला में इस वर्ष की गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी भी दी जाएगी। इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष संजीव जौली सहित क्षेत्रीय पदाधिकारी आदि भी उपस्थित रहेंगे।

### संगोष्ठी में किसानों को दी मिट्टी शोधन की जानकारी

**शेरगढ़, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत शरीफनगर में कृषि विभाग की ओर से दो दिवसीय किसान पाठशाला एवं कृषक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को बेहतर फसल उत्पादन का मंत्र दिया गया। कृषि विशेषज्ञों ने भूमि शोधन, बीज शोधन, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई, हरी खाद का प्रयोग, नर्सरी की देखरेख, कीट एवं बीमारियों से बचाव आदि से लेकर भंडारण तक की जानकारी दी गई। ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक दर्शन गंगवार ने बताया कि बेहतर फसल उत्पादन के लिए अन्नदाताओं का प्रशिक्षित होना अत्यंत जरूरी है।

### गायत्री मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को पिलाया शरबत



**मीरगंज, अमृत विचार :** इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से लोग परेशान है, राहगीरों को राहत देने के लिए शनिवार को गायत्री मंदिर परिसर में शीतल शरबत पिलाया गया। गायत्री मंदिर के पुजारी ने बताया कि गर्मी के चलते गायत्री मंदिर की ओर से राहगीरों को शरबत पिलाया गया है। इससे राहगीरों को राहत मिली। शरबत वितरण कार्यक्रम में मंदिर पुजारी श्रवण कुमार शुक्ला, भानु प्रताप सिंह, रवि यादव, सुनील कुमार, सोमेश यादव, नंदू, आदि भक्तगणों का सहयोग रहा।

### बंदी में दुकानें खोलने पर पांच व्यापारियों को नोटिस

**आंवला, अमृत विचार :** कस्बे में साप्ताहिक बंदी के दिन दुकाने खोलने की शिकायत पर लेबर विभाग के अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई की। दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर फरार हो गए। टीम ने पांच दुकानदारों को नोटिस सौंपा है। श्रम विभाग के राकेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने गंज, महाराजपुरम, चांदनी चौक में साप्ताहिक बंदी में दुकानें खुली मिलने पर उन्हें नोटिस जारी किए। राकेश कुमार ने बताया कि किसी भी दुकान पर यदि बाल श्रमिक काम करते पाए जाएंगे, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रेमविवाह के बाद युवती ने पुलिस से मांगी सुरक्षा

**देवरनियां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने एक युवक से प्रेम विवाह कर लिया, इससे उसके परिजन नाराज हो गए। युवती को परिजनों ने धमकी दी कि यदि वह और उसका पति उन्हें गांव में दिखाई देगा तो उसे जान से मार देंगे। जान को खतरा देखते हुए युवती ने प्रेमी के साथ एसएसपी से मिलकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत गिधरपुर निवासी बबली ने अपनी मर्जी से गांव के ही वसीम अहमद से 25 मई 2024 को प्रेम विवाह किया है, दोनों ने निकाह का पंजीकरण भी करा लिया है। इससे उसके परिजन नाराज हो गए, उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे है। दोनों को डर है, कि कही उनकी हत्या न कर दी जाए। इस मामले में शनिवार को दोनों एस एसपी आफिस पहुंचे और शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### पार्क का रास्ता बंद करने पर समिति ने जताया रोष

**नवाबगंज, अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क विकास समिति अध्यक्ष महावीर प्रसाद के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों नगर पालिका ईओ को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों ने बताया कि कस्बे के डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क का मुख्य गेट की ओर का रास्ता पालिका की ओर से लगाई गई स्टील रेलिंग से बंद कर दिया गया है। पालिका ने इससे पूर्व पार्क में काफी विकास कार्य कराए है पर रेंलिग से मुख्य द्वार का रास्ता न होने से स्थानीय लोगों में रोष है। समिति ने राजमार्ग की ओर से पार्क के अंदर आने – जाने के लिए 15 फुट का रास्ता बनाए जाने की मांग की है। इस दौरान हरस्वरूप गौतम, कुवरसेन, ओमेन्द्र देव आर्य, सत्यवीर आदि के साथ ही बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### हथियारबंद लोगों के साथ दिखे वन क्षेत्राधिकारी निलंबित

**बहराइच, एजेंसी।** बहराइच जिले के कतर्नियाघाट अभयारण्य क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमावर्ती निषेध क्षेत्र पर कुछ गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) सदस्यों को हथियार सहित देखे जाने पर धर्मापुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी को निलंबित कर दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) बी. शिवशंकर ने शनिवार को बताया कि बीते दिनों कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के धर्मापुर वन क्षेत्र में 20-25 नेपाली नागरिक वन विभाग की अस्थाई चौकियों को आग के हवाले कर नेपाल भाग गये थे। घटना के बाद वन क्षेत्राधिकारी मोबीन आरिफ को इलाके में गश्त करने, सतर्कता बरतने और सक्रियता बढ़ाने के आदेश दिए गये थे लेकिन विगत चार जून को इसी इलाके में वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सदस्यों को हथियारों सहित गश्त करते देखा गया।

### दुष्कर्म पीड़िता ने की आत्महत्या की कोशिश

**कौशांबी, एजेंसी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो सार्वजनिक किये जाने के बाद दुष्कर्म पीड़िता किशोरी ने आहत होकर आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस मामले में आरोपी को आज गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रयागराज जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर ने बताया कि पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करने वाले आरोपी राजू सिंह लोध उर्फ सुरेंद्र को थाना क्षेत्र के रोही ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार कोखराज थाना क्षेत्र के एक विद्यालय के प्रधानाचार्य डीके मिश्रा ने कथित तौर पर अप्रैल माह में विद्यालय की 15 वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म किया था। इस घटना का वीडियो राजू ने चार जून को सार्वजनिक कर दिया।

### बाइकों की भिड़ंत में दो लोगों की मौत

**बदायूं/बिल्सी, अमृत विचार :** बिल्सी के मोहल्ला छह निवासी हेमराज उर्फ छोटे (40) पुत्र नन्नूमल शनिवार को बाइक से किसी काम से बदायूं गए थे। शाम लगभग पांच बजे वापस आ रहे थे। बदायूं-बिजनौर राजमार्ग स्थित गांव गढ़ौली के पास विपरीत दिशा से आ रहे गांव पुसगवां निवासी तेजपाल (20) पुत्र रनवीर सिंह की बाइक से आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में हेमराज व तेजपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस दोनों घायलों को बिल्सी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर दोनों के परिवारों में कोहराम मच गया। बिल्सी पुलिस ने बताया कि दोनों के शवों का पोस्टमार्टम रविवार को किया जाएगा।

### सीवर लाइन को खोदे गड्ढे में गिरा अखबार का हॉकर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में गली-गली में बिछाई जा रही सीवर लाइन के लिए खोदे गए गड्ढे राहगीरों के लिए आफत बने हुए हैं। शनिवार सुबह साइकिल से अखबार वितरित करने निकले युवक की गड्ढे में गिरने से रीढ़ की हड्डी टूट गई। शहर के मोहल्ला लोधीपुर निवासी दिनेश श्रीवास्तव शनिवार सुबह साइकिल से अखबार बांटने के लिए निकले। सुबह करीब सात बजे वह चौक क्षेत्र में चित्रा टॉकीज के पास कुम्हारों वाली गली में मोहल्ला मोहम्मदजई पहुंचे, वहां सीवर लाइन बिछाए जाने के लिए खोदी गई सड़क पर मिट्टी डालकर पाटा गया था। दिनेश उस पर से गुजरे तभी मिट्टी धंस गई और वह गड्ढे में गिर गए जिससेगंभीर रूप से चोटिल हो गए। परिवार वाले दिनेश को अस्पताल लेकर गए। डॉक्टर ने एक्सरे कराया तो उसमें रीढ़ की गुरिया टूटी निकली, वहीं शरीर के अन्य हिस्सों पैरों आदि में भी गंभीर चोट आई है।

### अब्बास अंसारी पैरोल पर गाजीपुर भेजा गया



**कासगंज, अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी के विधायक पुत्र अब्बास अंसारी को पैरोल पर गाजीपुर भेज दिया गया। शनिवार दोपहर कड़ी सुरक्षा के बीच उसे जिला जेल से रवाना किया गया। अब्बास अंसारी तीन दिन गाजीपुर में रहकर अपने पिता की प्रार्थना सभा में शामिल होगा। वहां से 12 जून को कांसगंज लाने के बाद अब्बास अंसार को जिला जेल में दाखिल कर दिया जाएगा। माफिया मुख्तार अंसारी का विधायक बेटा अब्बास अंसारी कासगंज जेल में निरुद्ध है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उसे नौ से 11 जून तक पैरोल मिली है। इसके लिए अब्बास अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी डाली थी, जो मंजूर हो गई। गाजीपुर में अब्बास अंसारी 9,10 और 11 जून तक रहकर अपने पिता मुख्तार अंसारी की प्रार्थना सभा में शामिल होगा। वकील केशव मिश्रा ने बताया शनिवार दोपहर एक बजे पुलिस अब्बास अंसारी को लेकर गाजीपुर के लिए रवाना हुई। तीन दिन तक अब्बास अंसारी गाजीपुर में रहेगा। वहां अब्बास अंसारी अपने पिता मुख्तार अंसारी की प्रार्थना सभा में शामिल होगा। शाम पांच बजे तक अब्बास अंसारी को उनके परिवार के लोगों से मिलने दिया जाएगा। छह बजे के बाद उसे गाजीपुर जेल में रखा जाएगा। 12 को उसे कासगंज लाने के बाद जिला जेल में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

# बदायूं में दामाद को बचाने आई वृद्धा की लाठी से पीटकर हत्या

## थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव भेड़ा में दो लोगों में हुआ था विवाद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** हजरतपुर थाना क्षेत्र के गांव भेड़ा निवासी वनासुर की सास सरस्वती (70) निवासी गांव सनेकपुर जिला मऊ उनके पास ही रहती थीं। शुक्रवार रात को भेड़ा गांव के तेजपाल और और वनासुर मं विवाद हो गया।

ग्रामीणों ने दोनों को शांत करा दिया। कुछ देर बाद तेजपाल लाठी लेकर वनासुर के घर में घुस गया और हमला कर दिया। वनासुर को बचाने आई सरस्वती पर भी लाठियों से प्रहार कर दिए। एक लाठी सरस्वती के सिर में लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हजरतपुर थाना प्रभारी बृजेश सिंह मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। पुलिस ने आरोपी तेजपाल को हिरासत में ले लिया है। शनिवार को एसपी देहात राममोहन सिंह और सीओ दातागंज केके तिवारी गांव पहुंचे और जानकारी ली। थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेजा जाएगा। शराब के नशे में दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें सरस्वती की मौत हो गई। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस कर्मी तैनात कर दिए गए हैं।

### दामाद के यहां वर्षों से रहती थीं सरस्वती

ग्रामीणों ने बताया कि हजरतपुर के भेड़ा निवासी वनासुर का विवाह कई वर्ष पूर्व जिला मऊ के गांव सनेकपुर निवासिनी लीलावती के साथ हुआ था। लीलावती की मां की देखभाल करने वाला कोई नहीं था। तब वह बेटी-दामाद के पास रहने लगीं। शुक्रवार को हुए विवाद के बाद तेजपाल ने लाठी से पीटकर सरस्वती की हत्या कर दी। बताया जाता है कि दोनों के बीच शराब के नशे में विवाद हुआ था।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बस पलटी, तीन मरे

**आगरा, एजेंसी।** फिरोजाबाद जिले के नसीरपुर क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर तीर्थ यात्रियों से भरी बस पलटने से उसमें सवार तीन यात्रियों की मृत्यु हो गई जबकि 27 अन्य घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर माइलस्टोन 51 के निकट एक बस शनिवार भोर असंतुलित होकर एक गड्ढे में पलट गई। बस में करीब 65 यात्री सवार थे जिनमें 30 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। यूपीडा के कर्मचारी और थाना पुलिस और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

# प्रेमी की धमकी से आहत किशोरी ने खाया जहर, मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में एक किशोरी ने प्रेमी की धमकी से आहत होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवार वाले उसे अस्पताल लेकर आए। वहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कांट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री का सप्त्यारा गांव के मुनीश से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार शाम मुनीश ने किसी बात को लेकर बेटी से गाली गलौज करते हुए धमकी दी, जिससे आहत होकर उसने शनिवार सुबह करीब पांच बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर बेटी को जिला अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला के मुताबिक आरोपी मुनीश के घर शिकायत करने गए तो आरोपी ने अपने भाइयों अवधेश, दिनेश व देवराज के साथ मिलकर उनको पीटा और पुलिस से शिकायत करने पर धमकी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# टहलने निकले बुजुर्ग की दो सांड़ों की लड़ाई में मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदा के रहने वाले मंगली प्रसाद ने बताया कि गांव के बाहर से बीसलपुर ब्रांच नहर गुजर रही है। वहां पर आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है। शनिवार सुबह करीब नौ बजे पिता 82 वर्षीय चेतराम मौर्य घर से टहलने के लिए निकले थे।



चेतराम।

नहर के करीब पहुंचते ही वहां पर पहले से दो सांड आपस में लड़ रहे थे। पिता ने बचने का काफी प्रयास किया लेकिन वह दोनों सांड के बीच फंस गए और उन्हें पटखनी मार दी। गांव के ही कुछ लोगों ने देखा तो लाठी डंडे फटकार कर सांड भगाए। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल पिता को पड़ोस के गांव फूटाकुआं में एक निजी क्लीनिक पर ले गए। मगर वहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख जवाब दे दिया। परिजन वापस घर ले गए थे। कुछ ही देर में मौत हो गई।

**नहीं मिल रहा प्रमोशन- लखनऊ।** पांच ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कालेजों में शिक्षकों को पदोन्नति नहीं मिल रही है। बीते डेढ़ साल से प्रमोशन न होने के बावजूद चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय चुप्पी साधे है। अयोध्या, बस्ती, शाहजहांपुर, बहराइच व फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज में बीते लगभग डेढ़ साल से शिक्षकों के प्रमोशन नहीं हुए हैं।

## 14 तक करा लें आधार कार्ड में संशोधन, फिर देना होगा शुल्क

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अगर आपने कई वर्षों से अपने आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है तो यह खबर आपके काम की है। आधार कार्ड को मुफ्त में अपडेट करवाने की आखिरी तारीख 14 जून 2024 (शुक्रवार) है। इसके बाद आधार कार्ड में कुछ भी बदलाव कराने के लिए आपको 50 रुपये का शुल्क अदा करना पड़ेगा। डाक विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आधार कार्ड में जन्मतिथि गलत लिख गई है तो आप यूआईडीएआई के नियमानुसार केवल एक बार ही संशोधन करा सकते हैं। इसके लिए जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, अंकपत्र, कार्यदायी संस्था की ओर से दिया गया फोटोयुक्त पहचानपत्र में से कोई एक दस्तावेज लाना जरूरी है। अभी तक कोई भी आधार कार्ड में सिर्फ एक बार अपने निकट के डाकघर में जाकर संशोधन करा सकता था लेकिन अब इसमें बदलाव करते हुए शुल्क लेने की व्यवस्था तय कर दी गई है। अब 14 जून के बाद आधार कार्ड में संशोधन कराने पर 50 रुपये का शुल्क देना होगा।

# पत्नी व बेटी सहित सीओ सिटी के खिलाफ रिपोर्ट

- पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को सीओ सिटी पद से हटाया
- महिला मित्र राजस्थान सरकार में है राज्य नियंत्रण अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बस्ती जिले में तैनात सीओ सिटी की महिला मित्र ने उन पर, उनकी पत्नी व बेटी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, सीओ सिटी को लेकर जिले एवं पुलिस विभाग में चर्चा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने शनिवार दोपहर आरोपी सीओ को पद से हटाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अटैच कर दिया। सीओ रुदौली को अब सीओ सिटी बनाया है।

महिला डाक्टर ने सीओ विनय सिंह चौहान पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह राजस्थान स्वास्थ्य विभाग में राज्य नियंत्रण अधिकारी के रूप में तैनात हैं। उसके पति राजस्थान के एक नगर निगम में तैनात हैं। सीओ विनय सिंह चौहान से उनका पांच वर्ष पुराना रिश्ता है। उनकी लगातार मुलाकातें होती रहती हैं। महिला डाक्टर ने दी गई तहरीर में बताया कि 26 मई 2024 को वह राजस्थान से बस्ती सीओ विनय सिंह से मिलने सरकारी आवास पहुंची थी। तभी अचानक विनय सिंह की पत्नी और बेटी पहुंची और उसे पीटने लगी। इसके बाद महिला कांस्टेबल को बुलवाकर भी मुझे पीटा गया। उस समय विनय सिंह ने मुझे गिरफ्तार भी कराया। घटना के बाद मैंने मौखिक रूप से एसएचओ महिला थाना और बस्ती के एएसपी को पूरी बात बताई। इस दौरान एएसपी बस्ती ने घटना के लिए मुझे सोच-समझकर जवाब देने को कहा। महिला डाक्टर ने बताया कि विनय ने मुझे छोड़कर अपने परिवार का साथ दिया। विनय ने कहा कि तुम मर जाओ, मैं अपने परिवार का साथ नहीं छोड़ुंगा। जबकि सीओ मेरे साथ पांच साल से जुड़े हैं और कई बार विवाह से जुड़ी बातें भी हो चुकी हैं। पीड़ित महिला की तहरीर पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी सीओ, उनकी पत्नी व बेटी के खिलाफ धारा 342, 323, 341, 504, 34 के अलावा एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्टदर्जकियाहै।

## अशरफ के दोनों सालों सद्दाम व जैद मास्टर की खोली गई हिस्ट्रीशीट

- पुलिस रिकार्ड में दर्ज हुआ 34 बी व 35 बी नंबर

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के बाद अब उनके रिश्तेदारो पर गाज गिरना शुरु हो गयी है। पुरामुफ़्ती पुलिस ने अब

माफिया अशरफ के साले जैद मास्टर और सद्दाम की हिस्ट्रीशीट खोलते हुए हिस्ट्रीशीट नंबर जारी कर दिया है। सद्दाम को मिला नंबर 34 बी व जैद मास्टर को 35 बी नंबर जारी किया गया है।

अशरफ का साला सद्दाम इन दिनों बदायूं जेल में बंद है। वह उमेशपाल हत्याकांड मामले में आरोपी बनाया गया है। जैद मास्टर पर 2009 से 2024 तक कई अपराधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जबकि सद्दाम पर 2015 से अब तक कुल 15 मामले दर्ज हैं। वह इस घटना की पूरी साजिश में शामिल हुआ था। जेल में बंद रहे अशरफ से सभी शूटरो को सद्दाम ने ही मिलवाया था। उमेशपाल हत्याकांड के बाद बरेली जेल में लगे सीसीटीवी फुटेज से सारा सच सामने आया था। दोनो को हिस्ट्रीशीटर घोषित कर दिया गया है। जिसके बाद

जैद मास्टर की हिस्ट्रीशीट नंबर 35 बी है। जबकि सद्दाम की हिस्ट्रीशीट नंबर 34 बी है।

## पीडीए है सपा का वास्तविक एजेंडा: अखिलेश यादव

**लखनऊ, अमृत विचार:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा का वास्तविक एजेंडा पीडीए (पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक) है जिसमें सामाजिक न्याय की अवधारणा है। यह एक पड़ाव है। समाजवादी व्यवस्था परिवर्तन के रास्ते पर चलने के लिए संकल्पित है। अब हमें सन् 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी करनी होगी। पार्टी मुख्यालय में शनिवार को अखिलेश यादव, सपा के नवनिर्वाचित सांसदों को संबोधित कर रहे थे। सभी को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति कोई विश्वास नहीं है।


## कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम लघु डाल खण्ड, अल्मोड़ा

पत्रांक : 18 / स.अ.प्र. / निविदा / 2024-25 दिनांक : 07-06-2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-01/स0अ0प्र0/2024-25**

निम्नलिखित कार्यों की मुहरबन्द निविदायें दिनांक 24-06-2024 पूर्वान्ह 12:00 बजे तक सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकदारों से आंमत्रित की जाती है, जो उसी दिन 1:00 बजे अपरान्ह सहायक अभियन्ता कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22-06-2024 तक बेची जायेगी। कार्य संबंधी विवरण निविदा खोलने से पूर्व में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक कार्यालय में देखा जा सकता है। पंजीकृत ठेकेदार अथवा उनके प्रतिनिधि प्रपत्र का निर्धारित मूल्य देकर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र एवं राष्ट्रीकृत बैंक की एफ०डी०आर० के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, लघु डाल खण्ड, अलमोड़ा के नाम बंधक होगी, मान्य होगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का एवं कार्य की मात्रा कम या ज्यादा करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। निविदा के साथ रू० 100.00 के कोर्ट स्टैम्प पेपर पर 3 माह की वैधता हेतु रू० 1.00 के राजस्य टिकट में हस्ताक्षर कर लगाना होगा। निविदा आमंत्रण की तिथि से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर ले।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | Repairing M.S. Pipe Line 4"&6" Dia and Installation of Mechanical & Electrical Equipment at Hwalbagh L.I.S and Tatik L.I.S Block Hawalbagh, Distt. Almora Under Head-District Plan | 9.35 | 18710.00 | 3 माह | 1000+ जी.एस.टी. |
| 02 | Carriage & Laying of M.S. Pipe Line 4"&6" Dia and Construction of Masonary Chamber at Gwalakot L.I.S, Judhkafoon L.I.S and Pakhuda L.I.S Block-Hawalbagh, Distt. Almora Under Head- District Plan | 8.67 | 17400.00 | 3 माह | 1000+ जी.एस.टी. |
| 03 | Carriage & Laying M.S. Pipe 6" Dia, Repairing M.S. Pipe Line 4" Dia & Installation of Mechanical & Electrical Equipment at Bimola L.I.S. Block-Hawalbagh, Distt. Almora Under Head-District Plan | 8.45 | 16900.00 | 3 माह | 1000+ जी.एस.टी. |

नोट : 1. जी० एस० टी० नियमानुसार देय होगी।
2. अन्य शर्तें व विशिष्टियों निविदा के साथ उपलब्ध होगी।

सहायक अभियन्ता, प्रथम
लघु डाल उपखण्ड, अल्मोड़ा


## उत्तराखंड

# नैनीताल में वीकेंड पर पार्किंग व होटल भरे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन चरम पर है। लोकसभा चुनाव के बाद हर दिन हजारों की संख्या में सैलानी नैनीताल, पंगोट, मुक्तेश्वर, भीमताल व सातताल सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहे हैं। सैलानियों की भीड़ के कारण कई जगह सड़कों पर जाम भी लग रहा है। जिससे सैलानियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार को वीकेंड पर बड़ी संख्या में सैलानी सरोवर नगरी नैनीताल पहुंचे। सैलानियों की आमद से नगर की सभी पार्किंग और होटल पैक हो चुके हैं। जिसके चलते दिनभर सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार देखने को मिली। सुबह से लेकर शाम तक वाहन रेंग-रेंगकर चलते रहे।



नैनीताल में सैर-सपाटा करते पर्यटक। ● अमृत विचार

जाम के कारण स्थानीय लोगों को भी भारी फजीहत उठानी पड़ी। शनिवार को सैलानियों ने नैनी झील में नौकायन का जमकर लुत्फ उठाया। साथ ही बारापत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी का भी आनंद लिया। इसके अलावा हिमालय दर्शन, केप गार्डन, सरियाताल, लवर्स पॉइंट आदि पर्यटन क्षेत्रों से नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता को अपने कमरे में कैद किया। इधर, मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## रिटायर बैंक अफसर से महिला ने मांगे 10 लाख

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एक सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी को एक महिला ब्लैकमेल कर रही है। वह अधिकारी को अपनी बेटी का बाप बता रही है और 10 लाख रुपये की मांग कर रही है। आरोप है कि मामले में मुखानी पुलिस और एसएसपी से शिकायत के बावजूद उनकी शिकायत पर सुनवाई नहीं की गई। प्रेमपुर लोश्ज्ञानी मुखानी निवासी पूर्व बैंक अधिकारी ने सुनवाई न होने पर न्यायालय से गुहार लगाई। तब मुकदमा दर्ज हुआ। उनके मुताबिक अल्मोड़ा में उनके पड़ोस में रेडियो इंस्पेक्टर का परिवार रहता था। रेडियो इंस्पेक्टर के निधन के बाद उनकी बेटी ने अलग-अलग समय पर उधार लिया था।

# बेटा लाता था स्मैक पुड़िया में बेचती थी मां

हल्द्वानी, कार्यालय

**अमृत विचार :** बेटा स्मैक खरीद कर लाता था और उसकी मां चच्ची स्मैक की पुड़िया बनाकर बेचती थी। चच्ची पहले भी पकड़ी जा चुकी है और एक बार फिर पुलिस के चुंगल में है। इस बार उसे एसओजी और पुलिस ने मिलकर पकड़ा है। चच्ची के पकड़े जाते ही स्मैक खरीद कर लाने वाला उसका शातिर बेटा फरार हो गया। अब पुलिस फरार बेटे की तलाश कर रही है।

बीती 7 जून को मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी फिरोज आलम और एसओजी प्रभारी संजीत राठौर टीम के साथ मल्ला देवला बागजाला के पास चेकिंग कर रहे थे। उन्हें बागजाला गांव की ओर एक महिला एक बाइक सवार को कुछ देती दिखाई दी। पुलिस आगे बढ़ी तो मोटर साइकिल सवार फरार हो गया, लेकिन महिला पकड़ी गई। तलाशी में महिला के पास से 48.35 ग्राम स्मैक और 10450 रुपये मिले। पूछताछ में उसने अपना नाम 60 वर्षीय बागजाला निवासी शकीला उर्फ चच्ची पत्नी महबूब बताया। साथ ही बताया कि स्मैक उसका बेटा शोएब खरीदकर लाता था और वह उसे पुड़िया बनाकर बेचती थी। पुलिस ने बताया कि स्मैक खरीद कर लाने वाला शोएब फरार है।

### फर्जी हस्ताक्षर कर किया 8.38 लाख रुपये का गबन

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** जिला बाल संरक्षण इकाई में तैनात लेखाकार द्वारा 8.38 लाख रुपये का गबन करने का मामला सामने आया है। लेखाकार इतना शातिर था कि जिला प्रोबेशन अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर सरकारी योजना की धनराशि तक निकाल ली। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि महिला कल्याण विभाग के तहत मिशन वात्सल्य योजना जिला बाल संरक्षण इकाई जिला मुख्यालय द्वारा संचालित है। इकाई में आउटसोर्स एजेंसी क्रिएटिव सर्विसेज पिथौरागढ़ द्वारा भूरारानी रुद्रपुर निवासी रामपाल सिंह इकाई में लेखाकार के पद पर तैनात है। बताया कि 31 मई 2024 को जांच के दौरान पाया कि लेखाकार द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के तहत आने वाली सरकारी धनराशि का अवैध ढंग से भुगतान किया।

### पंत विवि से एमटेक का छात्र लापता, हड़कंप

**पंतनगर, अमृत विचार :** पंतनगर विवि में अध्ययनरत एक छात्र शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। अधिकारियों ने छात्र के परिजनों और पुलिस को सूचना देकर परिसर में लगे सीसीटीवी खंगाले, लेकिन छात्र का खबर लिखे जाने तक कोई पता नहीं चल सका है। त्रिवेणीपुरम झूंसी, प्रयागराज (यूपी) निवासी राघव सिंह परमार (24) पुत्र रणंजय सिंह परमार जीबी पंत कृषि विवि के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एमटेक (सिविल इंजीनियरिंग) प्रथम वर्ष का छात्र है। राघव प्राध्यापक डॉ. ज्योति प्रसाद की एडवाइजरी में शिवालिक भवन छात्रावास के कमरा नंबर-202 में रहकर पढ़ाई कर रहा है। शुक्रवार दोपहर 12 बजे शिवालिक के अन्य अंत:वासी छात्रों ने भोजन के दौरान राघव को नहीं देखा। उन्होंने राघव की पूरे छात्रावास में खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला।

# टहनियों के सहारे बिछा दी मौत की लाइन, बुजुर्ग की जान गई

## पेड़ की तीन डालों पर इंसुलेटर बांधकर दौड़ा दी 11 हजार की लाइन

लखीमपुर खीरी कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले के बिजली विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण बुजुर्ग की जान चली गई। लापरवाही तो देखिए, एक सूखे पेड़ की टहनियों पर इंसुलेटर बांधकर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन दौड़ा दी गई। शुक्रवार को इंसुलेटर पर बंधा तार नीचे आ गया, जिसकी चपेट में आने से बुजुर्ग की जान चली गई।

शनिवार को सोशल मीडिया पर सूखे पेड़ की टहनियों में बंधे तार की फोटो वायरल हुई तो बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आ गई। वहीं, बिजली विभाग के अधिकारी संविदाकर्मियों की लापरवाही बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। साथ ही पेड़ से तारों को हटा लिया है। यह भी कहा कि मृतक को शासन से मुआवजा दिया जाएगा। मामला लखीमपुर खीरी जनपद के मितौली बिजली सब स्टेशन अंतर्गत गांव डहर का है। बिजली विभाग के जिम्मेदारों ने एक सूखे पेड़ की तीन डालों पर इंसुलेटर बांधकर 11 हजार वोल्ट की लाइन दौड़ा दी। शुक्रवार की तड़के आई आंधी के कारण इंसुलेटर बंधी लाइन नीचे आ गई। सुबह डहर गांव के मजरा बहोरी पुरवा निवासी 60 साल के रामपाल भार्गव खेत में घास काटने गए थे तो वह इस लाइन की चपेट में आ गए। गांव वालों के साथ परिजनों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की।



सूखे पेड़ की टहनियों पर बंधे इंसुलेटर और हाईटेंशन लाइन।

### अधीक्षण अभियंता गंभीर, अधिशासी अभियंता करेंगे जांच

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रथम राम शबद मामले को लेकर गंभीर हैं। उनका कहना है कि यह सब संविदा कर्मियों की लापरवाही से हुआ है। मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। पिछले दिनों आए तूफान के कारण बिजली पोल गिर गया था, जिसके कारण आनन-फानन लाइन बिछा दी गई थी, लेकिन यह जेई स्तर की बड़ी लापरवाही है। मामले की जांच अधिशासी अभियंता ग्रामीण अमित कुमार को सौंप दी गई है। उनकी जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# खेत की रखवाली कर रहे किसान की पीट-पीटकर हत्या

**लखीमपुर/ढखेरवा, अमृत विचार:** थाना पढुआ क्षेत्र के गांव चंदैयापुर निवासी एक किसान को उधार नमकीन न देने की कीमत जान देकर गंवानी पड़ी। दो आरोपियों ने शुक्रवार की रात खेत की रखवाली कर रहे किसान की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी है। इस पर भी गुस्सा शांत नहीं हुआ तो उसके पैर पकड़कर खेत में कुछ दूर तक घसीटा और फिर उसे छोड़कर भाग निकले। दोनों आरोपी शातिर अपराधी बताए जाते हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। गांव चंदैयापुर निवासी धीरज वर्मा ने बताया कि उनके पिता हरिनाम वर्मा (58) ने घर पर परचून की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार को उसके पिता परचून की दुकान पर बैठे थे। इसी बीच पड़ोसी गांव कंडौहा निवासी अमन यादव उर्फ मंगू और नंद किशोर यादव उर्फ गड्डे आ गए। दोनों ने शराब पी रखी थी। दोनों आरोपी उधार लेने की बात कहते हुए दुकान पर टंगे नमकीन के पैकेट तोड़ने लगे, जिसका पिता ने विरोध किया। इस पर आरोपी भड़क गए।

# मौलाना की धारदार हथियार से हत्या

संवाददाता, प्रतापगढ़

- मृतक के बेटे की तहरीर पर दंपती, उनके दो बेटे समेत पांच लोगों के रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** जमीन के विवाद में धारदार हथियार से सोनपुर गांव के मौलाना फारूक अहमद (65) की निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घर पर पथराव किया और दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करके उग्र भीड़ को खदेड़ा। मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने गांव के दंपती, उनके दो बेटे समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना के बाद से गांव में तनाव व्याप्त है।



मौलाना फारूक।

अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भास्कर एवं पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज प्रेम गौतम घटना स्थल पहुंचे। डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल, एएसपी पश्चिमी संजय राय आदि ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मृतक के परिजनों से बात कर पूरे मामले को शांत कराया। पुलिस के अनुसार जेठवारा थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव के मौलाना फारूक अहमद (65) सोनपुर मदरसा के संस्थापक और कादीपुर मदरसा के संचालक के साथ-साथ जमीयत उलमा हिंद-प्रतापगढ़ के महासचिव थे। कादीपुर गांव में फारूक ने चंद्रमणि तिवारी को जमीन खरीदने के लिए पैसे दिए थे। तिवारी ने वह प्लॉट किसी और को बेच दिया। शनिवार सुबह जब फारूक सोनपुर गांव में तिवारी के घर गया तो उस पर हमला कर दिया गया और उसके सिर पर लोहे की रॉड, फावड़ा व कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई।

### फूटा लोगों का गुस्सा बोले- कहां है बाबा का बुलडोजर

सोनपुर गांव में मौलाना फारूक की हत्या के बाद शव को सड़क पर रखकर धरने पर बैठे ग्रामीणों को समझाने में डीएम और एसपी को पसीने छूट गए। मौके पर ग्रामीणों को समझाने पहुंचे डीएम और एसपी से आक्रोशित परिजनों ने कहा कि योगी बाबा का बुलडोजर अब कहां है। जब तक आरोपियों के घर को बुलडोजर से नहीं ढहाया जाता तब तब वह शव को पुलिस को छूने नहीं देंगे। काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी रही। परिजन और ग्रामीण आरोपियों के घर को ढहाने की मांग पर अड़े रहे।

### डीएम और एसपी के आश्वासन पर माने परिजन

50 लाख रुपए मुआवजा, एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी, शस्त्र लाइसेंस और तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी पर की मांग पूरी करने के डीएम संजीव रंजन एवं एसपी सतपाल अंतिल के आश्वासन पर परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने पर तैयार हुए। शासन स्तर से भी सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### परिवार को न्याय मिलना चाहिए : सांसद

मौलाना फारूक की हत्या पर नवनिर्वाचित सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने दु:ख व्यक्त किया। डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल से फोन पर बात की। कहा कि मृतक के परिवार के साथ हमारी संवेदना है। उनके परिवार को न्याय मिलना चाहिए।

# 30 तक सभी लाभार्थियों के खाते में पहुंच पेंशन: योगी

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए वित्तीय वर्ष के पहली तिमाही की वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन व कुष्ठावस्था पेंशन की राशि 30 जून तक पात्र लोगों के बैंक खातों में भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में हर पात्र व्यक्ति को इन पेंशन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए अभियान चलाकर नए लाभार्थियों को जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को लोक भवन में पेंशन योजनाओं की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 55.68 लाख वृद्धजनों, 33.54 लाख निराश्रित महिलाओं व 10.40 लाख दिव्यांगजन को हर माह एक हजार की धनराशि पेंशन के रूप में सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। इसी प्रकार, 11,551 कुष्ठ पीड़ितों को हर मह तीन हजार की पेंशन उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को वर्तमान में पेंशन का लाभ प्राप्त कर रहे लोगों का नियमानुसार वार्षिक सत्यापन कराने का निर्देश दिया।

# रांची से इटावा सफारी में आए चार भालू

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार:** इटावा सफारी पार्क की भालू सफारी में काफी दिनों से अकेले रह रहे नर भालू कालिया को अब मादा भालू ललिता का साथ मिला है। इसके बाद चार और भालू आ जाने से अब सफारी में भालुओं की संख्या 6 हो गई है।

सफारी में पिछले कई महीनों से कालिया नर भालू अकेले रह रहा था लेकिन 4 जून को ललितपुर से ललिता नामक मादा भालू के आने से भालुओं की संख्या 2 हो गई है। इटावा सफारी पार्क के डायरेक्टर की ओर से भालू लाने के लिए 5-6 माह में किए गए पत्राचार का असर दिखा और 4 जून को एक भालू आने के बाद 7 जून की देर रात वन्यजीव प्रभाग रांची से 4 भालूओं को इटावा सफारी पार्क में लाया गया। सफारी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल ने बताया कि इन भालुओं को प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव के निर्देश पर पहले आगरा भालू संरक्षण केंद्र में 6 जून को लाया गया था। जहां इनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सभी भालू स्वस्थ पाए गए। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव की अनुमति के बाद 7 जून को इन भालुओं को इटावा सफारी पार्क में लाया गया।



पिंजड़े में बंद भालू।

# अयोध्या के लोगों के खिलाफ अपशब्द कहने वालों पर कार्रवाई हो

**अयोध्या, एजेंसी :** अयोध्या से समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक एवं राज्य सरकार के पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय उर्फ पवन पांडेय ने लोकसभा चुनाव में फैजाबाद सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार के बाद अयोध्या के लोगों को अपशब्द कहने तथा उनके साथ दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। तेज नारायण ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद से ही कई लोग सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों के जरिए अयोध्या के लोगों के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सपा नेता ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने अयोध्या के अधिकारियों से मांग की कि अयोध्या के लोगों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों की पहचान की जाए।

# करोड़ों की वक्फ संपत्ति बेचने में पूर्व मुतवल्ली समेत 10 पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** बेबिस कंपाउंड दलेलपुरवा में 5000 वर्ग गज बेशकीमती वक्फ संपत्ति का बड़ा हिस्सा पूर्व मुतवल्ली ने बेच डाला। मामले की जांच होने पर भूमि के एक्सचेंज का बड़ा खेल निकल कर सामने आया। इस मामले में डीएम राकेश कुमार सिंह के आदेश पर संपत्ति बेचने वाले पूर्व मुतवल्ली और नौ खरीदारों समेत दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

दलेलपुरवा स्थित 89/208 बेबिस कंपाउंड संपत्ति वक्फ बोर्ड में वर्ष 1899 के आधार पर वक्फ संख्या 187 पर दर्ज है। इसका रकबा 5000 वर्ग गज है। यह संपत्ति वक्फ शेख अब्दुल रहीम के नाम से जानी जाती है। इस संपत्ति की देखरेख के लिए साल 2001 से 2003 तक शादाब अहमद सिद्दीकी निवासी कैंट को मुतवल्ली बनाया गया था। इसी दौरान वक्फ की यह संपत्ति बेच डाली गई। वर्तमान में तीन साल के लिए वक्फ प्रबंधन ने मोहम्मद वसीम निवासी प्रेमनगर, चमनगंज को मुतवल्ली नियुक्त किया है। उन्हें काम संभालने के बाद पिछले माह संपत्ति बेचने की जानकारी हुई। इस पर मुतवल्ली मो. वसीम ने डीएम राकेश कुमार सिंह के पास साक्ष्य समेत शिकायत की थी।

### इन लोगों के खिलाफ दर्ज हुई रिपोर्ट

संपत्ति बेचने में पूर्व मुतवल्ली शादाब अहमद सिद्दीकी के साथ जमीन खरीदने वालों में अनवरगंज के रईस अहमद, कर्नलगंज के मोहम्मद मीर, शास्त्रीनगर के राहुल तोमर, बेकनगंज के सरशार अहमद खां, बेकनगंज के शहनवाज अहमद खां, जाजमऊ मोतीनगर की खुर्शीदा बेगम, बेकनगंज के शाहनिहाल अहमद खां आदि के नाम हैं।

# ट्रक ने टक्कर मार व्यापारी को 200 मीटर घसीटा

संवाददाता शिवली(कानपुर)

- बकरी बेचने कानपुर जाते समय प्रतापपुर के पास हादसा, खड्ड में घुसा ट्रक

**अमृत विचार।** बाइक से कानपुर बाजार बकरी बेचने जा रहे व्यापारी को विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार ट्रक में फंसकर करीब दो सौ मीटर घिसटता चला गया और खड्ड में घुस गया। पुलिस ने व्यापारी को गंभीर हालत में शिवली सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शिवली कस्बे के गांधी नगर मोहल्ला निवासी ऋतिक चक्रवर्ती (20) जानवरों की खरीद-फरोख्त का काम करते थे। शनिवार की भोर पहर वह बाइक से कानपुर बाकरगंज बकरी बेचने जा रहा था। वह शिवली-कल्याणपुर मार्ग पर प्रतापपुर गांव के पास पहुंचा था। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ़्तार ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत ट्रक में फंस गया और करीब दो सौ मीटर तक घिसटता चला गया। इसके बाद ट्रक खड्ड में जा घुसा। घटना में व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यापारी को बाहर निकाल कर सीएचसी शिवली भेजा।

जहां ईएमओ अंकिता चंद्रा ने ऋतिक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की मां दीपा बदहवास हो गई। जबकि पिता मुकेश उर्फ पप्पू भाई आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

# आईजीआरएस पर मिले आवेदनों का तेजी से हो निस्तारण:योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- थाना, तहसील व जिला स्तर हो रही प्रगति की मंत्रिगण भी समीक्षा करें

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने पर बधाई दी। साथ ही, सांसद निर्वाचित होने वाले मंत्रीगणों को बधाई दी। यहां जनसुनवाई को वरीयता देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रिगण हों, अन्य जनप्रतिनिधि हों अथवा अधिकारी, कर्मचारी, हर किसी की यह जिम्मेदारी है कि आईजीआरएस(इंटीग्रेटेड ग्रीवेंस रिड्रेसल सिस्टम/जन सुनवाई प्रणाली) पर प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निस्तारण किया जाए।

इसी क्रम में योगी ने कहा कि आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर आने वाले आवेदनों को लेकर थाना, तहसील और जिला स्तर हो रही प्रगति की मंत्रिगण भी समीक्षा करें। उन्होंने मंत्रिपरिषद की बैठकों के लिए ई- कैबिनेट व्यवस्था और सभी विभागों में ई- ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया।

विभागीय कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। इसमें हर विभाग की जिम्मेदारी पहले से तय है। यह मंत्रीगणों की जिम्मेदारी है कि वह लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा करें, जहां गड़बड़ी हो तत्काल सुधार कराएं। वहीं भावी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में पौधारोपण, स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण के कार्यक्रम होने हैं। इनकी सफलता के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में मंत्रीगण योगदान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का खर्च किया जाना तय किया जाए। संबंधित मंत्रीगण अपने विभागीय स्थिति की समीक्षा करें। योगी की बैठक से निकले सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने मीडिया कहा कि अपने-अपने विभागों में बेहतर काम करने के लिए कहा गया है। उन्होंने दोनों उपमुख्यमंत्रियों अनुपस्थिति पर कहा कि दिल्ली में नरेंद्र मोदी का शपथ ग्रहण समारोह है, जहां दोनों मौजूद रहेंगे।



### बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्रियों का न रहना बना चर्चा का विषय

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में उप्र. से भाजपा को लगे झटके के बाद से यहां से लेकर दिल्ली तक मंथन जारी है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शनिवार को मंत्रियों की बुलाई बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्रियों ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य का मौजूद न होना चौंकाने वाला रहा। राजनीति और शासन के गलियारों में इसकी चर्चा रही। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली में हुई संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद दोनों उपमुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी लखनऊ वापसी के बजाय शनिवार को दिल्ली में ही बने रहे। इधर लखनऊ की बैठक में सहयोगी दलों की तरफ से आशीष पटेल, ओम प्रकाश राजभर संजय निषाद और अनिल कुमार मौजूद रहे। इनके अलावा मंत्री से सांसद बने अनूप वाल्मीकि और जितिन प्रसाद भी यहां आए। इन्हीं मंत्रियों में से एक ने बताया कि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक दिल्ली से ऋषिकेश जाएंगे। वहीं केशव मौर्य के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया।

# 16 विधानसभा सीटों पर हो सकता है उपचुनाव

**लखनऊ, अमृत विचार:** उप्र. में शीघ्र 16 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो सकते हैं। लोस. चुनाव लड़ने वाले नौ विधायक अब सांसद बन गए हैं। इसमें भाजपा के पांच और सपा के अखिलेश यादव समेत चार एमएलए शामिल हैं। इसके अलावा सपा राज्यसभा चुनाव में पार्टी लाइन से अलग जाकर वोट करने वाले छह विधायकों की सदस्यता भी खत्म कराना चाहती है। इसमें मनोज पांडेय, अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह, राकेश पांडे, आशुतोष मौर्या और विनोद चतुर्वेदी शामिल हैं। वहीं, सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा सुनाए जाने के साथ अब उनकी विधानसभा की सदस्यता भी समाप्त हो सकती है। मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव दोनों ने अपनी-अपनी बैठकों में अपने पार्टीजनों, नेताओं से उप चुनावों के लिए कमर कस लेने को कहा है।


## वर्ग पहेली-95

**बाएं से दाएं**

1. 1. काटा हुआ 2. निरस्त किया हुआ, रद्द
2. क्रिकेट (खेल) का डंडा जो बल्लेबाज़ के ठीक पीछे (तीन की संख्या में) खड़ा होता है।
4. देवता से संबंधित
5. 1. विचारशील, सोचने-विचारने वाला 2. चिंतन की क्षमता वाला 3. आचार-विचार वाला, सोच-विचारकर चलने वाला।
7. एक प्रकार का अलंकार।
8. वह वस्त्र जो किसी राजा की ओर से सम्मानपूर्वक दिया जाता है, ख़िलअत।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. सोचने की क्रिया या भाव, अनुभूति 2. कल्पना, विचारण 3. परीक्षण 4. तर्क 5. (साहित्य) वह स्थिति जिसमें कविता या नाटक के पात्र के साथ पाठक या दर्शक का तादात्म्य होता है।
3. सोच-विचार करने में सक्षम, बुद्धिमान, चिंतनशील, समझदार।
4. 1. देवताओं के रहने का स्थान, स्वर्ग 2. मंदिर, देवालय।
6. 1. दुर्गा, पार्वती 2. (संगीत) बिलावल ठाठ की एक रागिनी।



### वर्ग पहेली -94 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 सं | स् | का | री | |
| 2 वि | | क | | | | 3 धू |
| भा | | ट | | 4 रे | | म |
| 5 ज | ग | म | गा | ह | ट | |
| न | | य | | न | | 6 फे |
| का | | | | ना | | र |
| री | | 7 ब | न | मा | ली | |

## सुडोकू -8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 7 | | 2 | | | 5 |
| | 6 | 1 | | 8 | | 2 | | |
| | | | 3 | | 1 | | | 8 |
| | | | | 2 | | | 9 | 3 |
| | | 7 | 5 | | 4 | 6 | | |
| 4 | 8 | | | 1 | | | | |
| 2 | | | 1 | | 6 | | | |
| | | 8 | | 5 | | 1 | 4 | |
| 9 | | | 4 | | 8 | | | 6 |

### सुडोकू - 7 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 |
| 8 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 15 .44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग

3 चं. | 4 | बु. | 1 मं. | रा. 12 | गु. सू. शु. 2 | 5 | 11 श. | 8 | के. 6 | 7 | 10 | 9

दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुनर्वसु 20 .20 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष:** आज का दिन किसी विशेष घटना से आपको अवगत कराएगा। कारोबार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रभावित रहेंगे।

**वृष:** आज अहंकारी व्यवहार के कारण कुछ नजदीकी लोग आपसे दूरी बनाने की कोशिश करेंगे। शाम के समय आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखद और सौहार्दपूर्ण रहेगा। कड़े और मजबूत निर्णय आप ले सकते हैं।

**मिथुन:** आज विदेशों में जॉब के इच्छुक लोगों के लिए दिन काफी अनुकूल है। परिजनों के लिए आप कुछ उपहार खरीद सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। फिल्म और अन्य ललित कलाओं से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है।

**कर्क:** आज व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार परिणाम न मिलने से थोड़े मायूस हो सकते हैं, लेकिन इस बीच आप नया कुछ जानने की भी चेष्टा करते रहेंगे। मित्रों से आप अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। संभव है की आपको परेशानियों का समाधान मिल जाए।

**सिंह:** आज किसी कार्यक्रम में सम्मिलित भी हो सकते हैं। भविष्य को लेकर भय उत्पन्न होने की संभावना है। आपको अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना पड़ सकता है। जल्दबाजी में किए गए कार्य खराब हो सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**कन्या:** आज व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक ग्राहकों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। विरोध करने लोग भी आपके अनुकूल हो जाएंगे। सभी काम अच्छी गति से होते रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला:** आज मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। स्वतंत्र होकर काम करना पसंद करेंगे। सामाजिक हितों के कार्यों में आप भाग लेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। आप अपने काम को बदलने का भी विचार कर सकते हैं। व्यवसाय में सहयोगियों के साथ धन को लेकर मतभेद हो सकते हैं।

**धनु:** आज परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। परिजनों के साथ कहीं घूमने की भी योजना बना सकते हैं, किंतु रात के समय वाहन चलाने से आपको बचना चाहिए। आप घर में काफी अच्छा समय बिताएंगे। प्रेमी जन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**मकर:** आज आंखों में दर्द की शिकायत हो सकती है। शोध कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा है। घर में साधु-संतों का आगमन हो सकता है। किसी कानूनी मामले का बातचीत से समाधान निकल सकता है। जीवनसाथी आपकी काफी मदद करेगा।

**कुंभ:** आज ऐसे लोगों के सामने अपनी बात न रखें जो आपका सम्मान न करते हैं। लोग आपका अपमान कर सकते हैं। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कमीशन से जुड़े व्यवसाय में अच्छा लाभ हो सकता है। घर के रख-रखाव में धन खर्च होगा।

**मीन:** आज आप किसी अनावश्यक बात को लेकर परेशान रहेंगे। धार्मिक विषयों को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। छात्रों को पढ़ाई में बाधा का सामना करना पड़ेगा। आप आराम करने के मूड में रहेंगे। बिगड़े रिश्तों को सुधारने पर काम कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
फर्ज — दोपहर : 12 .00
मेला — रात : 07 .39

**&pictures**
खिलाड़ी 786 — सुबह : 10 .58
गली बॉय — रात : 08 .00

**Sony Pix**
ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 10 .38
इफ चैप्टर टू — रात : 08 .45

**Zee Cinema**
त्रिशूल — सुबह : 09 .50
सारांश — रात : 07 .45

**Colors Cineplex**
द रिर्टन ऑफ रिबेल — सुबह : 08 .26
पुलिसवाला गुंडा 2 — शाम : 05 .03

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी तैयार होकर अपने पति से पूछती है, बताओ मैं कैसी लग रही हूं?
पति – कसम से दिल कर रहा है कि तुम्हें उठाकर पाकिस्तान फेंक आऊं
पत्नी – क्या मतलब ?
पति–मतलब कि तुम बम लग रही हो बम...

एक औरत साड़ी की दुकान पर साड़ी लेने गई।
दुकानदार– बताइए मैडम जी, आपको कैसी साड़ी दिखाऊ?
औरत– मेरी सास, जेठानी, नंद, पड़ोसन सब देखकर जल जाएं ऐसी साड़ी दिखाओ।

# संशोधन के लिए नीट-यूजी ग्रेस मार्क्स की होगी जांच

## नीट परीक्षा विवाद: गठित की गई समिति एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को सौंपेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में अंक बढ़ाए जाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक (ग्रेस मार्क्स) वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय एक समिति गठित की है। एनटीए ने कहा कि समिति फिर से जांच करके अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें पेश करेगी, जिससे नतीजों में संशोधन में किया जा सके।

एनटीए ने किसी भी अनियमितता का खंडन करते हुए कहा है कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों में बदलाव तथा परीक्षा केंद्र में समय जाया होने के लिए दिए गए कृपांक




विद्यार्थियों के अधिक अंक आने की वजह हैं। इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने कथित अनियमितताओं की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की है। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पर्चा लीक, धांधली और भ्रष्टाचार कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गए हैं। पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर युवाओं को धोखा देने और उनके भविष्य से खेलने का भी आरोप लगाया है। कई वर्गों से पुनः परीक्षा कराने की मांग की जा रही है और आरोप लगाया गया है कि छह परीक्षा केंद्रों पर वक्त जाया होने की भरपाई के लिए दिए गए कृपांक के कारण अंक बढ़ गए हैं जिससे अन्य अभ्यर्थियों के अवसर प्रभावित हुए हैं। ये केंद्र मेघालय, हरियाणा के बहादुरगढ़, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बालोद, गुजरात के सूरत और चंडीगढ़ में हैं। मेडिकल प्रवेश परीक्षा का परिणाम चार जून को घोषित किया गया था। परीक्षा में 67 अभ्यर्थियों ने पहला स्थान प्राप्त किया था, जिनमें से छह हरियाणा के एक ही केंद्र से थे। इस वर्ष परीक्षा के लिए रिकॉर्ड 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था।

एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा-1,500 से ज्यादा अभ्यर्थियों के नतीजों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति एक हफ्ते में अपनी सिफारिशें पेश करेगी और इन अभ्यर्थियों के नतीजों में संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने कहा-कृपांक दिए जाने से परीक्षा के योग्यता मानदंड पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और प्रभावित अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा से प्रवेश प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### महाराष्ट्र सरकार ने नीट परीक्षा को रद करने की मांग की, राज्य के छात्रों के साथ अन्याय का आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने पिछले महीने हुई राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) को तत्काल रद करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि नतीजों में राज्य के छात्रों के साथ अन्याय हुआ है। देश के 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा का आयोजन किया गया था और चार जून को इसका परिणाम जारी किया गया था, जिसके बाद अभ्यार्थियों ने परिणाम में धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए बताया कि 67 अभ्यर्थियों को शीर्ष रैंक के साथ 720/720 अंक मिले हैं, जिसमें हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र के छह अभ्यार्थी शामिल हैं। महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने इस मुद्दे पर शुक्रवार को बात करते हुए कहा-शायद नीट की परीक्षाएं पैसे लेकर आयोजित की गई थीं। इसके परिणाम ऐसे हैं कि महाराष्ट्र के किसी भी छात्र को राज्य के सरकारी या निजी कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश नहीं मिलेगा।

# मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई नेतृत्व का अधिकार खो दिया : सोनिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- संसदीय दल की प्रमुख बनने के बाद कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर किया प्रहार

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख फिर से चुने जाने के बाद सोनिया गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा प्रहार किया और कहा कि इस लोकसभा चुनाव में मोदी की राजनीतिक एवं नैतिक हार हुई तथा उन्होंने अब नेतृत्व का अधिकार खो दिया है।

उन्होंने 'संविधान सदन' (पुरानी संसद) के केंद्रीय कक्ष में नवनिर्वाचित सांसदों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि विफलता की जिम्मेदारी लेने की बजाय प्रधानमंत्री रविवार को फिर से शपथ लेने का इरादा रखते हैं। सोनिया गांधी का कहना था, हम उनसे यह उम्मीद नहीं करते हैं कि वे अपने शासन की शैली को बदल देंगे, न ही (वह) लोगों की इच्छा का संज्ञान लेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी को सीपीपी प्रमुख नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका पार्टी के तीन सांसदों गौरव गोगोई, तारिक अनवर और के. सुधाकरन ने अनुमोदन किया। सोनिया गांधी 1999 से लगातार पार्टी की संसदीय दल की प्रमुख की जिम्मेदारी निभाती आ रही हैं।


संसद भवन में बैठक के दौरान पार्टी नेता के साथ सोनिया गांधी। • एजेंसी

संसदीय दल की प्रमुख एक बार फिर से चुने जाने पर सोनिया गांधी ने कहा-आप सभी ने एक बार फिर मुझ पर जो बड़ी जिम्मेदारी डाली है, उसके प्रति मैं पूरी तरह सचेत हूं...आपने सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कठिन चुनाव लड़ा है। आपने कई बाधाओं को पार किया है और बहुत प्रभावी ढंग से अभियान चलाया है। आपकी सफलता ने हमें लोकसभा में अधिक उपस्थिति और इसकी कार्यवाही में ज्यादा प्रभावी आवाज प्रदान की है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के नतीजों के उल्लेख करते हुए कहा-कांग्रेस ने एक बार फिर अपनी दृढ़ता का प्रदर्शन किया है।

## एक नजर

### दिल्ली में 14 लड़कियों सहित 21 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस, जिला अधिकारियों और स्वैच्छिक संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के समन्वय से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से चलाए गए एक अभियान के तहत दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से 14 लड़कियों सहित लगभग 21 बच्चों को छुड़वाया गया। राजधानी में दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापों की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बीबीए की शिकायत पर कार्रवाई की गई है।

### दो आतंकियों की करोड़ों की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे दो आतंकवादियों की करोड़ों रुपये की संपत्ति को कुर्क कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, बारामूला के तिलगाम निवासी जलील अहमद राठेर और मोहम्मद अशरफ मीर आतंकवादियों के आकाओं के तौर पर पिछले कुछ समय से पाकिस्तान से गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र न्यायालय से कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद पुलिस ने आठ कनाल और चार मरला जमीन कुर्क की।

# उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में लगाई आग

इंफाल, एजेंसी

**मणिपुर में फिर हिंसा**

- उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए एक कमांडो की टुकड़ी भेजी गई

मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों ने शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे बराक नदी के किनारे चोटोबेकरा इलाके में स्थित जिरी पुलिस चौकी को आग के हवाले कर दिया था। राज्य की राजधानी इंफाल से लगभग 220 किलोमीटर दूर स्थित जिले के मोधुपुर क्षेत्र के लामताई खुनौ में पहाड़ी क्षेत्र के संदिग्ध उग्रवादियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर कई हमले किए।

जिरीबाम के जिलाधिकारी ने बताया कि जिरीबाम के बाहरी इलाके के कई घरों में आग लगा दी गई, हालांकि अभी सटीक संख्या की पुष्टि नहीं की जा सकती। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए मणिपुर पुलिस की एक कमांडो टुकड़ी को शनिवार सुबह इंफाल से जिरीबाम भेजा गया। आंतरिक मणिपुर लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने राज्य सरकार से जिरीबाम जिले के लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने का आग्रह किया है। अकोईजाम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा-मैंने जिरीबाम के जिला अधिकारियों से बात की है। उन्होंने कहा कि वहां अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी पहुंच गए हैं। शहर में रहने वाले लोगों को भी सुरक्षा दी जा रही है, लेकिन शहर के सीमाई क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा रही है।

### हमले के बाद पुलिस अधीक्षक का तबादला

मणिपुर सरकार ने शनिवार को जिरीबाम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ए. घनश्याम शर्मा को संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा जिले में दो पुलिस चौकियों पर आगजनी और हमले की खबरों के बाद स्थानांतरित कर दिया। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिरीबाम के पुलिस अधीक्षक को मणिपुर पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज के अतिरिक्त निदेशक के पद पर तैनात किया गया है। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के अतिरिक्त निदेशक के रूप में कार्यरत एम प्रदीप सिंह, जिरीबाम जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

# व्यभिचार का आरोप वाली तस्वीरों का साक्ष्य साबित करना जरूरी

- भरण-पोषण के मामले में हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि डीपफेक के युग में पति या पत्नी द्वारा दूसरे साथी पर व्यभिचार का आरोप लगाते हुए पारिवारिक अदालत के समक्ष दाखिल की गई तस्वीरों को साक्ष्य के तौर पर साबित करना होगा। अदालत ने यह टिप्पणी एक व्यक्ति की उस दलील पर गौर करते हुए की जिसमें उसने पत्नी पर व्यभिचार संबंधी आरोप लगाये थे।




हाईकोर्ट ने पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए पति द्वारा दायर अपील खारिज कर दी। पारिवारिक अदालत ने व्यक्ति को पत्नी और नाबालिग बेटी को 75,000 रुपये का भरण-पोषण देने का निर्देश दिया था। जब याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत का ध्यान व्यक्ति की पत्नी की कुछ तस्वीरों की ओर आकृष्ट किया तो न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति अमित बंसल की पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि तस्वीरों में मौजूद व्यक्ति क्या प्रतिवादी/पत्नी ही है, जैसा कि अपीलकर्ता पति के वकील ने कहा है। पीठ ने कहा, हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान ले सकते हैं कि हम डीपफेक के युग में रह रहे हैं और इसलिए, यह एक ऐसा पहलू है जिसे अपीलकर्ता पति को पारिवारिक अदालत के समक्ष साक्ष्य के माध्यम से साबित करना होगा। पीठ द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या हिंदू विवाह अधिनियम के तहत पत्नी की याचिका पर पति के उत्तर में व्यभिचार के इस कथन का उल्लेख किया गया था, पति के वकील ने माना कि जवाब में इस पहलू का कोई उल्लेख नहीं था। पीठ ने कहा कि चूंकि पति द्वारा तलाक के लिए दायर याचिका पर निर्णय लंबित है, इसलिए यदि इस मुद्दे पर जोर दिया जाता है, तो अदालत पक्षकारों को अपने-अपने मामलों के समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दे सकती है।

# नरेला में खाद्य प्रसंस्करण इकाई में आग लगने से तीन लोगों की मौत, छह घायल

**नआ दिल्ली।** राजधानी के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में एक खाद्य प्रसंस्करण इकाई में शनिवार तड़के आग लगने के बाद विस्फोट होने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गए। दिल्ली पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तड़के तीन बजकर 35 मिनट पर सूचना मिली कि मूंग दाल का प्रसंस्करण करने वाली श्याम कृपा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के कारखाने में आग लग गई है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आग कारखाने में फैल गई और कुछ श्रमिक उसमें फंस गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल की 14 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और दोपहर तक आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया।

# ओडिशा में पोंजी फर्म का निदेशक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने निवेशकों से 123 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में एक कंपनी के निदेशक तुषार भांजो को पश्चिम बंगाल के हरिदेवपुर पुलिस थाने के अंतर्गत उसके आवास से गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू सूत्रों ने कहा आरोपियों ने ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, असम, त्रिपुरा, महाराष्ट्र और यहां तक कि बंगलादेश के लगभग 34,000 निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की थी। आरोपी निदेशक भांजो को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था।

# कार्रवाई के विरोध में बीकेई ने निकाला रोष मार्च

सिरसा, एजेंसी

**कंगना रनौत हवाई अड्डा प्रकरण**

- बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा

पंजाब के मोहाली हवाई अड्डे पर हुए घटनाक्रम में महिला सीआईएसएफ कर्मचारी कुलविंदर कौर के खिलाफ की गई एकतरफा कार्रवाई के विरोध में शनिवार को भारतीय किसान एकता (बीकेई) ने सिरसा में जोरदार रोष मार्च निकाला गया। रोष मार्च यहां नेहरू पार्क से शुरू होकर जनता भवन रोड से होते हुए सुभाष चौक, शहीद भगत सिंह चौक, सुरखाब चौक पर आकर संपन्न हुआ।

बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की फितरत बन चुकी है कि वह किसानों और उनके परिवारों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नवनिर्वाचित सांसद कंगना



रनौत का विवादों के साथ पुराना रिश्ता है। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर पिछले 16 सालों से अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभा रही हैं। शहीद भगत सिंह एयरपोर्ट पर पिछले ढाई साल से उसकी पोस्टिंग है। इतने लंबे समय में एक भी शिकायत उसके खिलाफ नहीं है। फिर कंगना रनौत के साथ ही ऐसा क्यों हुआ, यह भी जानने का विषय है। अलौख ने कहा कि प्रशासन कुलविंदर कौर द्वारा मोहाली हवाई अड्डे पर कंगना रनौत को थप्पड़ मारने की सच्चाई को छिपाकर उसे गलत तरीके से पेश कर रहा है।

### सुरक्षाकर्मियों को कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए : आजमी



**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी ने अभिनेत्री से नेता बनीं कंगना रनौत को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की एक महिला कॉन्स्टेबल द्वारा कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना पर शनिवार को कहा कि सुरक्षाकर्मियों को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान एक कॉन्स्टेबल ने उनके चेहरे पर थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2085, राज श्री 1400, फॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4550, खजाना 4550, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# भारत में अपनी कंपनियों के माध्यम से रोमांचक काम करने को उत्साहित : मस्क

## ईवी कंपनी टेस्ला के मालिक ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनाव में जीत की बधाई देते हुए कहा

नई दिल्ली, एजेंसी


अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वे अपनी कंपनियों के माध्यम भारत में रोमांचक कार्य किए जाने को लेकर उत्साहित हैं। मोदी 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह उनका प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में जीत पर नरेन्द्र मोदी को बधाई! भारत में मेरी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले रोमांचक काम को लेकर उत्साहित हूं।



इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने इससे पहले अप्रैल में टेस्ला संबंधी भारी दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी। मस्क 21 और 22 अप्रैल को भारत दौरे पर रहने वाले थे। इस दौरान उनका प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम था। हालांकि, बाद में उन्होंने एक्स पर ही सूचित किया था कि वे इसी साल बाद में भारत दौरे पर आने के लिए उत्साहित हैं।

पिछले साल जून में मस्क ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि वह 2024 में भारत आने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की मस्क की शुभकामनाओं की सराहना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जवाब में एक पोस्ट में कहा कि एलन मस्क, आपकी शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीय युवा, देश की जनसांख्यिकी, पूर्वानुमानित नीतियां और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति इसके सभी भागीदारों के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करती रहेगी।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,400-54,600 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,000 |
| चांदी पक्की | 885 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 91,700। |

# पान मसाला और तंबाकू निर्माता कंपनियों को टैक्स चोरी में अब होगी मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी

- जीएसटीएन ने तंबाकू निर्माताओं के लिए जारी किया नया फार्म

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कर चोरी रोकने के लिए पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के लिए एक नया फार्म जारी किया है। इस फार्म के जरिए निर्माता कच्चे माल और तैयार माल का ब्योरा कर अधिकारियों को देंगे। यह नया फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 है।

जीएसटीएन ने इससे पहले ऐसे निर्माताओं की मशीनों के पंजीकरण के लिए जीएसटी एसआरएम-1 फॉर्म जारी किया था। जीएसटीएन ने सात जून को अपने करदाताओं को सूचित किया, फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 नामक दूसरा फॉर्म भी पोर्टल पर उपलब्ध है। पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माण में शामिल करदाता अब संबंधित महीने के लिए खरीदे गए और खपत किए गए कच्चे माल और तैयार माल का विवरण बता सकते हैं। मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि नए फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 में कच्चे माल और तैयार माल का विस्तृत मासिक विवरण देना होगा।

# एसकेआरएयू के 20वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे राज्यपाल

**बीकानेर।** राजस्थान में बीकानेर के स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 20वां दीक्षांत समारोह 11 जून को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र होंगे। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने शनिवार को बताया कि विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बी.आर.छींपा, दीक्षांत अतिथि केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय इम्फाल के पूर्व कुलाधिपति कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष पद्मभूषण प्रो.राम बदन सिंह होंगे।

# बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आईपीओ के लिए दाखिल किए दस्तावेज

**नई दिल्ली।** बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 7,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 4,000 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और मूल कंपनी बजाज फाइनेंस द्वारा 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। शेयर बिक्री भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों का पालन करने के लिए की जा रही है, जिसके अनुसार ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) को सितंबर, 2025 तक शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होना आवश्यक है।

# दूसरी उड़ान के लिए यात्रियों को चेक-इन नहीं ले जाना पड़ेगा अपना सामान

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्रियों का सामान टर्मिनल-1 से सीधे टर्मिनल-3 पर पहुंचाने का प्रस्ताव

दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर उतरकर टर्मिनल-3 से दूसरी उड़ान में सवार होने वाले यात्रियों को जल्द ही अपना चेक-इन सामान नहीं ले जाना पड़ेगा। हवाई अड्डे का परिचालन करने वाली कंपनी डायल यात्रियों के सामान को अंदर ही हस्तांतरित करने की योजना बना रही है।

मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) को इस संबंध में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की मंजूरी का इंतजार है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद टर्मिनल-1 से टर्मिनल-3 के बीच यात्रियों के चेक-इन सामान को अंदर ही हस्तांतरित किया जा सकेगा। अधिकारियों ने कहा कि इसी तरह,



अंतर्राष्ट्रीय उड़ान के यात्रियों के लिए टर्मिनल-3 से टर्मिनल-1 तक अंदर ही अंदर सामान के हस्तांतरण पर भी विचार किया जाएगा।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें टर्मिनल-3 से संचालित होती हैं। एक बार नई व्यवस्था लागू होने के बाद यात्रियों को टर्मिनल-3 से कनेक्टिंग फ्लाइट लेते समय अपना सामान साथ नहीं ले जाना होगा।

# ब्रिटेन में निवेश करने में महाराष्ट्र-कर्नाटक व दिल्ली शीर्ष पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीआईआई और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार रिपोर्ट में किया गया खुलासा

ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले भारत के शीर्ष तीन राज्य- महाराष्ट्र, उसके बाद कर्नाटक और दिल्ली हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार की गई एक नई संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

इस सप्ताह लंदन में पेश की गई रिपोर्ट से पता चला कि महाराष्ट्र में मुख्यालय वाली कंपनियों ने 2023 में ब्रिटेन में सबसे अधिक 20 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया। इसके बाद कर्नाटक (12 प्रतिशत) और दिल्ली (8.6



प्रतिशत) का स्थान है। शीर्ष 10 राज्यों में गुजरात (7.1 प्रतिशत), तमिलनाडु (6.7 प्रतिशत), तेलंगाना (6.5 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (5.9 प्रतिशत), हरियाणा (4.5 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (3.14 प्रतिशत) और केरल (3.05 प्रतिशत) शामिल हैं। यह भारत से ब्रिटेन में कुल एफडीआई का 78 प्रतिशत है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने लंदन में रिपोर्ट जारी करते हुए कहा-भारत-ब्रिटेन गलियारे की पुनर्कल्पना करने वाले हमारे कारोबार सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को साकार करेंगे। विश्लेषण में पाया गया कि कंपनियों और कर्मचारियों की संख्या के लिहाज से भारत से एफडीआई लाने वाला अग्रणी क्षेत्र आईटी और सॉफ्टवेयर है। अन्य निष्कर्षों में एक यह भी है कि पिछले वर्ष ब्रिटेन के छात्र वीजा में 5% की वृद्धि के साथ नए भारतीय छात्रों ने कुल मिलाकर ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में अनुमानित 4.3 अरब पाउंड का योगदान दिया है।



# भारत-पाकिस्तान के मुकाबले में पिच पर रहेगी नजर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

आत्मविश्वास से ओतप्रोत और हालात के अनुकूल ढल चुकी भारतीय टीम नासाउ काउंटी की पेचीदा पिच पर टी-20 विश्व कप के बहुचर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी जिसका मनोबल पहले ही मैच में मिली अप्रत्याशित हार ने तोड़ दिया है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा भीड़ खींचने वाला मुकाबला 34000 दर्शक क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जायेगा। इस मैदान की पिच लगातार चर्चा में बनी हुई है। इसकी भारी आलोचना के बाद आईसीसी ने आधिकारिक रूप से इसे स्वीकार किया। अब तक इस स्टेडियम पर हुए तीन मैचों की छह पारियों में दो बार ही टीमें सौ रन के पार पहुंच सकी है।

पूर्व क्रिकेटरों को तो यह भी लगता है कि कम स्कोर वाले मैचों से कैसे अमेरिकी बाजार में क्रिकेट का प्रचार प्रसार किया जायेगा। एडीलेड ओवल के मैदानकर्मी डेमियन हाउज के मार्गदर्शन में अप्रैल में यहां चार 'ड्रॉप इन' पिचें बिछाई गई जो अभी तक जम नहीं पाई हैं। पिच से मिल रहा असमान उछाल बल्लेबाजों की सुरक्षा पर सवालिया ऊंगली उठा रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आयरलैंड के खिलाफ मैच में कंधे में चोट लगी थी जिससे उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। रोहित ने मैच के बाद कहा था कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि पिच से क्या अपेक्षा की जाये। हम हालात के अनुरूप तैयारी करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा। भारत के मैच के एक दिन बाद आईसीसी को पिच को लेकर तमाम आशंकाओं के निवारण के लिये बयान जारी करना पड़ा।



**मैच का समय : रात आठ बजे**

- **नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच की आलोचना के बाद आईसीसी ने इसे स्वीकारा**

## क्यूरेटर भी न्यूयॉर्क की पिचों को लेकर भ्रमित हैं : रोहित शर्मा

**न्यूयॉर्क।** नासाउ काउंटी मैदान के पिच के अप्रत्याशित बर्ताव से हैरान भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि उन्हें नहीं पता कि पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले में इससे क्या उम्मीद की जाए क्योंकि यहां की ड्रॉप-इन विकेट को लेकर क्यूरेटर भी भ्रमित हैं। ड्रॉप-इन पिचों को आयोजन स्थल से दूर तैयार करने के बाद मैदान में लगाया जाता है। न्यूयॉर्क में खेले गये मैचों में कम स्कोर बने हैं। इसमें आयरलैंड के खिलाफ भारत का पहला मैच भी शामिल है, जब आयरलैंड 100 से कम स्कोर पर आउट हो गया था। आईसीसी को भी पिच की खामियों को स्वीकार करते हुए एक बयान जारी करना पड़ा। रोहित ने पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि न्यूयॉर्क हमारा घरेलू मैदान नहीं है। हमने यहां दो मैच खेले हैं लेकिन हमें इसकी प्रकृति के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। यह अलग-अलग दिनों में अलग-अलग तरीके से व्यवहार करता है, इसलिए क्यूरेटर भी भ्रमित है। उन्होंने कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि हमें किस तरह की सोच रखने की जरूरत है। हम नहीं जानते कि हम किस पिच पर पाकिस्तान के खिलाफ खेल रहे हैं, इसलिए जो भी बेहतर क्रिकेट खेलेगा वह मैच जीतेगा। रोहित ने कहा कि आउटफील्ड धीमी होने से चिंताएं और बढ़ गयी हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि आउटफील्ड धीमी है। कुछ शॉट्स को मैदान पर बहुत अधिक उछाल मिलता है, और कुछ मैदानी शॉट में गति नहीं रहती है। ऐसे में विकेटों के बीच दौड़ना महत्वपूर्ण है। हमें परिस्थितियों के अनुसार खेलने की जरूरत है। रोहित ने कहा कि बेहतर क्रिकेट खेलकर ऐसे बाहरी कारकों को बेअसर किया जा सकता है और टीम के उनके साथी अक्सर कठिन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**पाकिस्तान:** बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मो. रिजवान, नसीम शाह, सैम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान।

# पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं कोहली और बुमराह: फवाद आलम

नई दिल्ली, एजेंसी



- **एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित उनसे पार पाना होगा काफी मुश्किल**

पाकिस्तान के ऑलराउंडर फवाद आलम ने कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को अगर रविवार को होने वाले बहुप्रतीक्षित मैच में भारत को हराकर टी-20 विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ियों पर लगाम लगानी होगी। भारत ने जहां आयरलैंड के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शुरुआत की वहीं पाकिस्तान को मेजबान अमेरिका से सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा।

आलम ने कहा कि विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह अपने अनुभव और कौशल से भारत की तरफ से मैच में अपनी छाप छोड़ेंगे। वे बड़ी आसानी से पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित है और उनसे पार पाना वास्तव में बेहद मुश्किल होगा। पाकिस्तान की तरफ से 19 टेस्ट, 34 वन डे और 24 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले आलम ने कहा कि मोहम्मद आमिर को भारत के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन करना होगा जैसा कि उन्होंने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में किया था।

## पाकिस्तान के खिलाफ भारत की स्थिति मजबूत : क्रिस गेल



**न्यूयॉर्क।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्रिस गेल ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में भारत को जीत का प्रबल दावेदार करार दिया। गेल ने रविवार को खेले जाने वाले मैच को लेकर आईसीसी से कहा कि पाकिस्तानी टीम का मनोबल गिरा हुआ है और उलटफेर वाली हार के बाद सीधे भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलना चुनौती है।

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 36 रन से दी मात

## बल्लेबाज ट्रेविस हेड और डेविड वॉर्नर के बाद गेंदबाज कमिंस और जैम्पा का रहा जलवा

बारबाडोस, एजेंसी

टी-20 विश्वकप के मैंच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 36 रन से हरा दिया है। बारबाडोस के केनसिंगटन ओवल में खेले गए ग्रुप बी के इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाए थे। लक्ष्य पाने उतरी इंग्लिश टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर मात्र 165 रन ही बना सकी। टी-20 विश्व कप के 17वें मैच में किसी टीम ने 200 रन का आंकड़ा छूआ है। अब ऑस्ट्रेलिया का सामना 11 जून को नामीबिया से और इंग्लैंड का सामना 13 जून को ओमान से होगा।

इस जीत से ऑस्ट्रेलियाई टीम ग्रुप-बी में दो मैचों में दो जीत और 4 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, स्कॉटलैंड 3 दूसरे स्थान पर है। नामीबिया तीसरे और इंग्लैंड चौथे स्थान पर है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 201 रन बनाए। सबसे खास बात यह रही कि कोई भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज 40 का आंकड़ नहीं पार कर सका। ट्रेविस हेड और डेविड वॉर्नर ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई थी। दोनों ने 5 ओवर में 70 रन की साझेदारी की।

हेड 18 गेंद में 34 रन और डेविड वॉर्नर 16 गेंद में 39 रन बनाकर आउट हुए। हेड ने दो चौके और तीन छक्के लगाए, जबकि वॉर्नर ने दो चौके और चार छक्के लगाए। हेड को आर्चर ने और वॉर्नर को मोईन अली ने क्लीन बोल्ड किया। कप्तान मिचेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल के बीच 65 रन की साझेदारी हुई। लियाम लिविंगस्टोन ने मार्श को आउट किया। मार्श ने 35 रन बनाएं। आदिल रशीद ने मैक्सवेल (28 रन) को सॉल्ट के हाथों कैच कराया।

क्रिस जॉर्डन ने टिम डेविड को लिविंगस्टोन के हाथों कैच कराया। वह 11 रन बना सके। स्टोइनिस ने 17 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 30 रन की पारी खेली। जॉर्डन ने उन्हें आउट किया। वहीं, मैथ्यू वेड 17 रन बनाकर नाबाद रहे। जवाब में इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर और फिल सॉल्ट ने 43 गेंद में 73 रन जोड़ लिए थे। इसके बाद एडम जैम्पा ने फिल सॉल्ट और बटलर को पवेलियन भेजा। सॉल्ट 23 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 37 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, बटलर ने 28 गेंद में पांच चौके और दो छक्के की मदद से 42 रन की पारी खेली। इन दोनों के आउट होने के बाद इंग्लैंड की पारी धीमी पड़ गई और कोई भी बल्लेबाजी आक्रामक शॉट नहीं लगा पाया।



मैच जीतने के बाद जश्न मनाते आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी।

**स्कोर बोर्ड**

**ऑस्ट्रेलिया :** 201/7, ट्रैविस हेड 34, डेविड वॉर्नर 39, मिचेल मार्श 35, ग्लेन मैक्सवेल 28, मार्कस स्टॉयनिस 30 **गेंदबाज़ी :** मोईन अली 1, जोफ़्रा आर्चर 1, आदिल रशीद 1, क्रिस जॉर्डन 2, लियम लिविंगस्टन 1

**इंग्लैंड :** 165/6 फ़िल सॉल्ट 37, जॉस बटलर 42, विल जैक्स 10, मोईन अली 25, हैरी ब्रूक 20*, लियम लिविंगस्टन 15 **गेंदबाज़ी :** जॉश हेज़लवुड 1, पैट कमिंस 2, मार्कस स्टॉयनिस 1, ऐडम ज़ैम्पा 2

# मिलर ने किया नीदरलैंड का शिकार दक्षिण अफ्रीका चार विकेट से जीता

न्यूयॉर्क, एजेंसी

ट्रिस्टन स्टब्स (33) के बाद डेविड मिलर (59*) के साहसिक प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्वकप के लो स्कोरिंग मुकाबले में शनिवार को नीदरलैंड्स को 7 गेंद शेष रहते 4 विकेट से हरा दिया।

नैसो काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर नीदरलैंड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 103 रन बनाए, दक्षिण अफ्रीका ने 18.5 ओवर में 6 विकेट पर 106 रन बना कर लक्ष्य हासिल किया। डेविड मिलर ने अपनी टीम को नीदरलैंड के खिलाफ तीसरी हार से बचा लिया। 104 रन के मामूली दिख रहे लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के 4 विकेट (क्विंटन डिकॉक, रीजा हैड्रिक्स,एडन मार्करम और हेनरिच क्लासेन) 12 रन पर गिर गए। ऐसे समय में मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने टीम के स्कोर को 77 रन तक पहुंचाया। स्टब्स बास डि लीडी की गेंद पर आउट हो गए। मार्को जानसन (3) के तौर पर छठा विकेट गिरने के बाद मैच बराबरी का हो गया था। मिलर ने 19वें ओवर में ही डि लीडे को दो छक्के और एक चौका लगा कर सात गेंद शेष रहते जीत दिला दी। नीदरलैंड को जीत की उम्मीद जगाने में हालांकि गेंदबाजों ने कोई कोरकसर नहीं छोड़ी थी। बल्लेबाजी के बाद गेंद से भी बैन वीक ने प्रदर्शन किया और दो दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को पवेलियन की दिशा दिखायी वहीं विविआन किंगमा ने भी 12 रन देकर 2 अहम विकेट झटके। इससे पहले एंगलब्रेख्त और वैन बीक ने दक्षिण अफ्रीका के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के समक्ष जुझारु खेल का प्रदर्शन करते हुये अपनी टीम को लड़ने की स्थिति में पहुंचाया।

ऑटनील बार्टमैन (11 रन पर 4 विकेट) और मार्को यानसन (20 रन पर 2 विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी के समक्ष नीदरलैंड्स के छह बल्लेबाज मात्र 48 रन पर पवेलियन वापस पहुंच चुके थे। ऐसे कठिन समय में वैन बीक क्रीज पर आये और एक छोर पर टिके एंगलब्रेख्त के साथ मिल कर टीम के स्कोर को तीन अंको तक पहुंचाया। नीदरलैंड्स के लिये सातवें विकेट के लिये यह सबसे अधिक रनो की साझीदारी रही। नीदरलैंड्स का स्कोर और ज्यादा हो सकता था मगर आखिरी ओवर में बार्टमैन ने दो रन खर्च कर एक के बाद एक तीन विकेट झटक लिये और नीदरलैंड्स को नौ विकेट पर 103 रनों पर सीमित कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिये अनरिख़ नॉर्खिये (19 रन पर दो विकेट) तीसरे सफल गेंदबाज रहे। हालांकि उनके लीड गेंदबाज कागिसो रबाडा विकेट चटकाने में असफल रहे।



मैच जीतने के बाद नीदरलैंड के माइकल लेविट से हाथ मिलाते डेविड मिलर।

**स्कोर बोर्ड**

**नीदरलैंड्स :** 103/9, विक्रमजीत सिंह 12, साइब्रैंड एंगलब्रेख्त 40, लोगन वैन बीक 23, **गेंदबाज़ी :** मार्को यानसन 2, ऑटनील बार्टमैन 4, अनरिख़ नॉर्खिये 2

**साउथ अफ़्रीका :** 106/6 (18.5 ओवर) ट्रिस्टन स्टब्स 33, हाइनरिक क्लासन 4, डेविड मिलर 59*, मार्को यानसन 3 **गेंदबाज़ी :** विवियन किंगमा 2, लोगन वैन बीक 2, बास डलीडे 1

## खेल डायरी

### अंशु ने बुडापेस्ट में जीता रजत



**बुडापेस्ट।** भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक फाइनल में चीनी की केक्सिन होंग से पार पाने में नाकाम रही और उन्हें बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट के 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। अंशु को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 1-12 से हार झेलनी पड़ी। भारत की अंतिम पंघाल ने इससे पहले 53 किग्रा वर्ग में रजत जीता जबकि स्टार पहलवान विनेश फोगट 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की जियांग झू से 0-5 से हार गईं थीं। अंशु ने मोल्दोवा की अनास्तासिया निचिता के खिलाफ 6-5 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। उन्होंने विश्व चैंपियन झांग क्यूई की चुनौती को 2-1 से पार करके एक और चीनी खिलाड़ी से खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सहरावत ने पहले दिन रजत जीता था।

### भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी से 2-4 से हारी



**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में 6 हार का क्रम शनिवार को जर्मनी के खिलाफ 2-4 से मैच गंवाकर रोकने में विफल रही। भारतीय टीम दो गोल की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी, जिससे उसे सातवीं हार मिली। सुनिलिता टोप्पो (नौवें मिनट) और दीपिका (15वें मिनट) ने शुरुआती क्वार्टर में गोल किए लेकिन जर्मनी की विक्टोरिया हस (23वें और 32वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर बराबर कर दिया। स्टिन कुर्ज (51वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 55वें मिनट में जूल ब्लूएल ने मैदान गोल दाग कर जर्मनी की जीत पक्की कर दी। भारत पिछले महीने एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ सभी 4 मैच हार गया था। भारतीय टीम रविवार को इस दौरे का आखिरी मैच ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी।

### अदिति एलपीजीए क्लासिक में संयुक्त 51वें स्थान पर



**गैलोवे (अमेरिका)।** भारत की अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाई तथा पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाने के बाद वह संयुक्त 51वें स्थान पर हैं। अदिति का इस सत्र में प्रदर्शन औसत रहा है। उन्होंने पहले 10 होल में चार बर्डी बनाईं, लेकिन उसके बाद दो शॉट गंवा दिए। थाईलैंड की अर्पिचया युबोल ने 10 अंडर 61 का कार्ड खेलकर एकल बढ़त हासिल की। उनके पास एक समय 59 का भी कार्ड खेलने का मौका था। दक्षिण कोरिया की जेनी शिन और नारिन एन क्रमश: 63 और 64 का कार्ड खेल कर दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सात खिलाड़ियों ने 6 अंडर 65 का कार्ड खेला और वे संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

# बांग्लादेश ने श्रीलंका को 2 विकेट से हराया

डैलस, एजेंसी

श्रीलंका को बांग्लादेश ने शनिवार को रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हरा दिया। ग्रैंड प्रायरी स्टेडियम में श्रीलंका ने पहले खेलते हुए 9 विकेट पर 124 रन बनाए, जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 125 रनों का लक्ष्य 6 गेंद शेष रहते 8 विकेट के नुकसान पर हासिल किया।

ग्रुप डी के मुकाबले में श्रीलंका एक समय 4 विकेट पर 100 रन बनाकर मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ रहा था मगर रिशाद हुसैन (22 रन पर 3 विकेट) ने 15वें ओवर में दो गेंदों पर चरिथ असलंका (19) और कप्तान वानिंदु हसरंगा (0) का विकेट लिया। अगले ओवर में धनंजय डिसिल्वा (21) को चलता किया। इसके बाद श्रीलंका के 5 खिलाड़ी महज 24 रन ही बना सके। रिशाद हुसैन के अलावा मुस्तफ़िज़ुर रहमान (17 रन पर 3 विकेट) ने श्रीलंका को मौका नहीं दिया। तस्किन अहमद ने 2 विकेट लिए। पथुम निसंका (47) ने 28 गेंदो में 7 चौके और 1 छक्का लगाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश एक समय 3 विकेट खोकर मात्र 28 रनों पर संघर्षरत थी मगर तौहीद हृदोय (40) और लिटन दास (36) ने श्रीलंकाई गेंदबाजों को धुना। तौहीद ने चार छक्के लगाए और हसरंगा की गेंद पर आउट हुए, वहीं, दास भी हसरंगा के 108वां शिकार बने। 18वें ओवर में नुवान तुषारा में रिशाद और तस्किन को आउट किया मगर जीत के लिए आखिरी दो ओवर में जरुरी 12 रनों को महमुदउल्लाह (16 नाबाद) ने बांग्लादेश की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया।



बांग्लादेश को जीत दिलाने के बाद महमुदउल्लाह।

# अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर किया बड़ा उलटफेर

जार्जटाउन, एजेंसी

कप्तान राशिद खान और फजलहक फारूकी की गेंदबाजी के बाद गुरबाज की बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने ग्रुप सी के मैच में न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर सुपर आठ चरण में प्रवेश का दावा पुख्ता कर दिया।

जीत के लिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आल आउट हो गई जो उसका चौथा न्यूनतम स्कोर है। फारूकी और राशिद दोनों ने 17-17 रन देकर 4-4 विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी को आई अफगानिस्तान के गुरबाज और इब्राहिम जदरान में पहले विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी पर 6 विकेट पर 159 रन बनाए। गुरबाज ने 56 गेंद में 5 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। वहीं इब्राहिम 44 रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान अब दो मैचों में 4 अंक लेकर शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज और युगांडा उसके बाद हैं जबकि पापुआ न्यू गिनी और न्यूजीलैंड ने खाता नहीं खोला है। अफगानिस्तान का सामना अब पापुआ न्यू गिनी से और न्यूजीलैंड की टक्कर वेस्टइंडीज से होगी। गुरबाज और इब्राहिम ने युगांडा पर पहले मैच में मिली 125 रन से जीत में 154 रन की साझेदारी की थी।



# कार्लसन ने जीता खिताब प्रज्ञाननंदा से हारे नाकामुरा

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर अपने अभियान का अंत किया और तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान का अंत किया।

विजेता बनने पर उन्हें 65000 डॉलर की इनामी राशि मिली। उन्होंने प्रत्येक दौर में जीत दर्ज की। इनमें क्लासिकल टाइम कंट्रोल और आर्मगेडन दोनों शामिल हैं। नाकामुरा ने अंतिम दौर में हारने के बावजूद 15.5 अंक के साथ दूसरा स्थान पाया जबकि प्रज्ञाननंदा 14.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रज्ञाननंदा के लिए यह राहत की बात रही कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में विश्व के चोटी के तीन खिलाड़ियों को हराया।

**नॉर्वे शतरंज**



आर प्रज्ञाननंदा



मैग्नस कार्लसन

### महिला खिलाड़ियों ने भी अंक किए अर्जित

महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने 19 अंक लेकर पहले, अन्ना मुजीचुक 16 अंकों से दूसरे, बाद लेई (14.5), भारत की आर वैशाली (12.5) और कोनेरू हम्पी (10) तथा पिया क्रैमलिंग (8) का नंबर आता है।

# इगा स्वियातेक ने लगाई खिताबी हैट्रिक

पेरिस, एजेंसी

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शनिवार को फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार महिला एकल का खिताब जीता। पोलैंड की स्वियातेक ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाने वाली पाओलिनी को 6-2, 6-1 से हराया।

स्वियातेक पहले सेट में 1-2 से पीछे चल रही थी, इसके बाद उन्होंने लगातार 10 गेम जीते। पाओलिनी ने दूसरे सेट के छठे गेम में अपनी सर्विस बचाई लेकिन स्वियातेक ने अपनी सर्विस पर आसानी से मैच अपने नाम किया। स्वियातेक ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यह स्थान बहुत पसंद है। मैं हर साल यहां आने की प्रतीक्षा करती हूं। स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 21 मैच तक पहुंचा दिया है। रोला गैरां में अब उनका रिकॉर्ड 35-2 हो गया है। जस्टिन हेनिन के बाद पोलैंड की स्वियातेक पहली ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने फ्रेंच ओपन में लगातार तीन खिताब जीते। स्वियातेक ने 2020 में भी फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन में भी जीत हासिल की थी। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में उनका रिकॉर्ड 5-0 हो गया है। पाओलिनी ने कहा कि मैं आपको बधाई देती हूं इगा। मुझे लगता है कि आपके खिलाफ खेलना बड़ी चुनौती है। पाओलिनी के पास हालांकि महिला युगल का खिताब जीतने का मौका है, जिसमें उन्होंने सारा ईरानी के साथ जोड़ी बनाई है। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका सामना अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी से होगा।



महिला फाइनल में जीत के बाद ट्रॉफी के साथ पोलैंड की इगा स्विएटेक।

### कार्लोस अल्काराज का फाइनल में होगा अलेक्जेंडर ज्वेरेव से सामना

**पेरिस।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने चार घंटे नौ मिनट तक चले मैराथन सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के यानिक सिनेर को हराकर फाइनल में जगह बना ली जहां उनका सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। अल्काराज ने पहली बार रोलां गैरो पर फाइनल में जगह बनाई। अब वह क्लेकोर्ट पर फ्रेंच ओपन फाइनल खेलेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज का सामना चौथी वरीयता प्राप्त जर्मनी के ज्वेरेव से होगा जिन्होंने नॉर्वे के कैस्पर रूड को सेमीफाइनल में मात दी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# नई सरकार में अच्छी खासी होगी सहयोगियों की भागीदारी

## नड्डा को सरकार में स्थान देने की संभावना, महाराष्ट्र में अक्टूबर जबकि बिहार में अगले साल होंगे विधानसभा चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के राम मोहन नायडू, जद(यू) के ललन सिंह, संजय झा और राम नाथ ठाकुर तथा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान उन सहयोगियों में शामिल हैं जो नयी सरकार का हिस्सा हो सकते हैं। जद(यू) कोटे से सिंह या झा को शामिल किया जाएगा। महाराष्ट्र जहां भाजपा-शिवसेना-राकांपा गठबंधन का प्रदर्शन खराब रहा है और बिहार जहां विपक्ष ने वापसी के संकेत दिए हैं, सरकार गठन की कवायद के दौरान केंद्र में रह सकते हैं।

महाराष्ट्र में अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि बिहार में अगले साल चुनाव होंगे। भाजपा के संगठन में होने वाले बदलाव भी पार्टी के मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देते समय चयनकर्ताओं के मन में होंगे। लोकसभा चुनावों के कारण नड्डा का कार्यकाल बढ़ा दिया गया था और संगठनात्मक अनिवार्यताएं पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण विचारणीय विषय होगा, क्योंकि चुनाव परिणामों ने संकेत दिया है कि हो सकता है कि उसकी विशाल मशीनरी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। सूत्रों ने कहा कि इससे पार्टी में किसी अनुभवी व्यक्ति को भेजे जाने और नड्डा को सरकार में स्थान दिए जाने की संभावना भी बनी हुई है।

### हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर रविवार को अपराह्न तीन बजे से रात 11 बजे तक हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि के दौरान गैर-निर्धारित उड़ानों और चार्टर्ड विमान के उड़ाने भरने तथा उतरने की अनुमति नहीं होगी।



नई दिल्ली में समारोह की पूर्व संध्या पर रिहर्सल के दौरान कर्तव्य पथ पर एक कारकेड। • एजेंसी

### मध्य दिल्ली की कई सड़कें रहेंगी बंद

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने परामर्श जारी करके कहा है कि रविवार को प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के मद्देनजर राष्ट्रपति भवन के आसपास की सड़कों पर यातायात प्रतिबंध रहेगा और कई जगह मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। परामर्श में कहा गया कि राष्ट्रपति भवन के आसपास सुचारू यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए संसद मार्ग, नॉर्थ एवेन्यू रोड, साउथ एवेन्यू रोड, कुशक रोड, राजाजी मार्ग, कृष्ण मेनन मार्ग, तालकटोरा रोड और पंडित पंत मार्ग अपराह्न दो बजे से रात 11 बजे तक बंद रहेंगे और केवल पैदल चलने वालों को ही आवाजाही की अनुमति होगी। राष्ट्रपति भवन के आसपास की सड़कों पर डीटीसी बसों को चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### निमंत्रण मिलने पर विचार करेगा इंडिया गठबंधन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण फिलहाल इंडिया गठबंधन के नेताओं को नहीं मिला है, लेकिन न्योता मिलने के बाद इस पर विचार किया जाएगा। मोदी प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए नौ जून को शपथ ग्रहण करेंगे। उनके साथ उनके मंत्रिपरिषद के कई दूसरे सदस्य भी शपथ ले सकते हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, कल के शपथ ग्रहण समारोह के लिए सिर्फ अंतरराष्ट्रीय नेताओं को निमंत्रण गया है। अभी तक हमारे नेताओं को निमंत्रण नहीं आया है।

### विदेशी प्रतिनिधि और विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के कुछ नेता उन गणमान्य व्यक्तियों तथा विशेष आमंत्रित लोगों में शामिल हैं, जो राष्ट्रपति भवन में रविवार शाम को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि समारोह में शामिल होने वाले अतिथियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गई हैं, जिनमें शपथ लेने वाले मंत्रिपरिषद के सदस्यों और अति-विशिष्ट लोगों (वीवीआईपी) के लिए निर्धारित स्थल भी शामिल हैं।

## शेख हसीना दिल्ली पहुंचीं

नयी दिल्ली, एजेंसी

- सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ पहले ही दिल्ली पहुंचे

भारत ने शनिवार को घोषणा की कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना सहित उसके पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के सात देशों के नेता नौ जून को प्रधानमंत्री पद के लिए नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। हसीना और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह में हसीना और अफीफ के अलावा समारोह में भाग लेने वाले अन्य नेताओं में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हैं। शनिवार को हसीना के दिल्ली पहुंचने के कुछ ही देर बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमारे सबसे मूल्यवान साझेदारों में से एक की यह यात्रा भारत-बांग्लादेश के बीच मित्रता के घनिष्ठ और गहरे संबंधों को और मजबूत करेगी।



विमान से उतरतीं प्रधानमंत्री शेख हसीना।

## एक नजर

### डेनमार्क की प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन पर हमला

**कोपेनहेगन (डेनमार्क)।** कोपेनहेगन में एक व्यक्ति ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर शुक्रवार को हमला कर दिया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पुलिस ने पुष्टि की कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ एक घटना हुई है और एक 39 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसे शनिवार को सुनवाई पूर्व हिरासत के लिये कोपेनहेगन जिला अदालत में पेश किया जाएगा।

### मैक्रों ने पेरिस में बाइडन का स्वागत किया

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन का शनिवार को स्वागत किया। बाइडन पेरिस की राजकीय यात्रा पर हैं जिस दौरान दोनों सहयोगी देशों का लक्ष्य वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर अपनी साझेदारी प्रदर्शित करना तथा व्यापार संबंधी तनावों से आगे बढ़ना है। राजकीय यात्रा आर्क द त्रियॉम्फ में एक समारोह के साथ शुरू हुई, जिसमें फ्रांस के अज्ञात सैनिक की कब्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

### यूक्रेन की पूर्व प्रधानमंत्री रूस की वांछितों में

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन की पूर्व प्रधानमंत्री यूलिया तिमोशेंको का नाम अपनी वांछित सूची में शामिल किया है। सरकारी मीडिया ने गृह मंत्रालय से मिली सूचना के आधार पर यह जानकारी दी। रूसी समाचार एजेंसी तास ने कहा कि तिमोशेंको को अनिर्दिष्ट आपराधिक आरोपों में वांछित के रूप में सूचीबद्ध किया है। इस सूची में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और उनके पूर्ववर्ती पेट्रो पोरोशेंको तथा यूक्रेन और नाटो देशों के कई अधिकारी और सांसद शामिल हैं।

### कराची में रासायनिक विस्फोट, एक की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में शनिवार को एक रासायनिक टैंकर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। स्थानीय पुलिस ने मीडिया से कहा कि यह विस्फोट तब हुआ जब खड़े टैंकर में कुछ वेल्डिंग का काम चल रहा था।

# इजराइल ने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ाया

## सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान कर लिया गया था अपहरण

यरूशलम, एजेंसी

- बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया
- 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं, जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा

इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ा लिया है, जिनका फलस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान अपहरण कर लिया था। इसके साथ ही मध्य गाजा में भीषण लड़ाई में बच्चों सहित कम से कम 94 फलस्तीनी मारे गए। सेना ने कहा कि उसने नुसीरात में एक जटिल अभियान में नोआ अर्गामानी (25), अल्मोग मीर (21), एंड्री कोज़लोव (27) और श्लोमी जिव (40) को बचा लिया। इसने कहा कि बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मध्य गाजा में भारी लड़ाई हुई, जहां बंधकों को बचाया गया तथा शनिवार को हुए कई हमलों में बच्चों सहित कम से कम 94 लोग मारे गए। मध्य गाजा स्थित एक अस्पताल के अधिकारी खलील देगरान ने बताया कि गाजा में उस जगह पर भीषण लड़ाई जारी है, जहां से इजराइली सेना ने शनिवार सुबह चार बंधकों को रिहा कराया। उन्होंने कहा कि डेर अल बलाह स्थित अल-अक्सा अस्पताल में लगभग 100 फलस्तीनियों के शव लाए गए और 100 से अधिक घायल भी लाए गए। इजराइल का कहना है कि 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा है। बंधकों की वापसी के मुद्दे पर इजराइल में लोगों में रोष गहराता जा रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से अभियान के दौरान जीवित बचाए गए कुल बंधकों की संख्या सात हो गई है।



नवंबर में एक सप्ताह के संघर्षविराम के दौरान बंधकों में से लगभग आधे लोगों को रिहा कर दिया गया था। इजराइली सेना ने कहा कि जिन चार बंधकों को छुड़ाया गया उन्हें हेलीकॉप्टर से चिकित्सीय जांच के लिए ले जाया गया और वे 246 दिन तक अपहर्ताओं के चंगुल में रहने के बाद अपने प्रियजनों से मिल पाए।

## पूर्व अंतरिक्ष यात्री एंडर्स की विमान दुर्घटना में मौत

**सिएटल, एजेंसी।** सेवानिवृत्त मेजर जनरल एवं अपोलो 8 के पूर्व अंतरिक्ष यात्री विलियम एंडर्स की शुक्रवार को एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। वह 90वर्ष के थे। एंडर्स विमान को अकेले उड़ा रहे थे और विमान वाशिंगटन के सैन जुआन द्वीप के पास पानी में गिर गया। उनके बेटे और वायुसेना में लेफ्टिनेंट कर्नल रहे ग्रेग एंडर्स ने एसोसिएटेड प्रेस से उनके निधन की पुष्टि की।



विलियम एंडर्स ने 1968 में प्रतिष्ठित अर्थराइज तस्वीर खींची थी। अर्थराइज पृथ्वी और चंद्रमा की सतह के एक हिस्से की तस्वीर है जो एंडर्स ने चंद्र की कक्षा से ली थी। उनके बेटे ग्रेग एंडर्स ने कहा, परिवार बहुत दुखी है। वह कुशल विमान चालक थे और हमें उनकी बहुत याद आएगी। विलियम एंडर्स ने कहा था कि यह फोटो (अर्थराइज) अंतरिक्ष कार्यक्रम में उनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान है।

# चेरुकुरी रामोजी राव का निधन

हैदराबाद, एजेंसी

ईनाडु समूह के अध्यक्ष चेरुकुरी रामोजी राव का शनिवार तड़के यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि राव को सांस लेने में तकलीफ के चलते पांच जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि इलाज के दौरान शनिवार को तड़के 04.50 बजे उनका निधन हो गया। सूत्रों ने बताया कि उनके पार्थिव शरीर को रामोजी फिल्म सिटी स्थित उनके आवास पर ले जाया जाएगा, जहां परिवार, मित्र और प्रशंसक उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



### कृषक परिवार में जन्मे थे रामोजी

आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के पेदापरुपुडी में एक कृषक परिवार में जन्मे रामोजी के स्वामित्व वाली कंपनियों में मार्गदर्शी चिट फंड, ईनाडु अखबार, ईटीवी नेटवर्क शामिल हैं। राव के छोटे पुत्र चेरुकुरी सुमन की 07 सितंबर, 2012 को ल्यूकेमिया से मृत्यु हो गई थी। राव रामोजी समूह के प्रमुख थे, जो दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म निर्माण केंद्र रामोजी फिल्म सिटी, ईनाडु अखबार, टीवी चैनलों के ईटीवी नेटवर्क और फिल्म निर्माण कंपनी उषा किरण मूवीज के मालिक थे। उनके अन्य व्यावसायिक उपक्रमों में मार्गदर्शी चिट फंड, डॉल्फिन ग्रुप ऑफ़ होटल्स, कलंजलि शॉपिंग मॉल, प्रिया अचार और मयूरी फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स शामिल हैं। उन्होंने तेलुगु सिनेमा में अभिनय के लिए चार फिल्मफेयर पुरस्कार, पांच नंदी पुरस्कार और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त किए थे। वर्ष 2016 में पत्रकारिता, साहित्य और शिक्षा में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार आज

ईनाडु मीडिया समूह के अध्यक्ष एवं रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का अंतिम संस्कार रविवार को रामोजी फिल्म सिटी के पास राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को राव का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्देश दिया।

### द्रौपदी मुर्मू और मोदी ने जताया शोक

"उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। रामोजी राव के निधन से भारत ने मीडिया और मनोरंजन जगत के एक दिग्गज व्यक्ति को खो दिया। – द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

"रामोजी राव के समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत में अमिट छाप छोड़ी है। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनसे बातचीत करने और उनके ज्ञान से लाभ उठाने के कई अवसर मिले। – नरेंद्र मोदी

## कश्मीर के समाधान के लिए एकतरफा कार्रवाई का विरोध

बीजिंग, एजेंसी

- चीन और पाकिस्तान ने संयुक्त बयान जारी किया
- शहबाज शरीफ ने कश्मीर की स्थिति से चीन को अवगत कराया

चीन और पाकिस्तान ने शनिवार को दक्षिण एशिया में कश्मीर सहित सभी लंबित मुद्दों के समाधान के लिए किसी भी एकतरफा कार्रवाई का विरोध किया। चीन की यात्रा पर पहुंचे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर की स्थिति से चीनी नेतृत्व को अवगत कराया। दोनों देशों ने अपनी सेनाओं के बीच बेहतर समन्वय को लेकर भी चर्चा की।

शरीफ की चार दिवसीय चीन यात्रा आज संपन्न हुई, जो मार्च में शुरू हुए उनके दूसरे कार्यकाल के बाद उनकी पहली यात्रा थी। इस यात्रा के दौरान शरीफ का ध्यान चीनी निवेश और सहायता को बढ़ाने पर था, क्योंकि उनका देश गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। यात्रा के अंत में जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, दोनों पक्ष दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व, सभी लंबित विवादों के समाधान की आवश्यकता तथा किसी भी एकतरफा कार्रवाई के विरोध को रेखांकित करते हैं। इसमें कहा गया, पाकिस्तानी पक्ष ने चीनी पक्ष को जम्मू कश्मीर की स्थिति के नवीनतम घटनाक्रमों से अवगत कराया। चीनी पक्ष ने दोहराया कि जम्मू कश्मीर विवाद इतिहास से उपजा है और इसे शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जाना चाहिए।

## मोदी पूरे दक्षिण एशिया के लिए बेहतर

वाशिंगटन, एजेंसी

- पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी एक साक्षात्कार में की तारीफ
- कहा- मोदी पर पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित

पाकिस्तानी मूल के एक अमेरिकी व्यवसायी ने दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफल संचालन पर भारत के लोगों को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थिरता की गारंटी हैं।



पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने एक एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा कि भविष्य में भारत की स्थिरता के लिए मोदी का नेतृत्व आवश्यक है जो कई दलों को आने और संविधान को अस्थिर करने से रोकेगा। मोदी का नेतृत्व भारत की स्थिरता और भारत के भविष्य की गारंटी है। उन्होंने कहा कि मोदी पर इस्लाम और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

### बुशरा बीबी ने सजा निलंबन के लिए याचिका दायर की

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की पत्नी बुशरा बीबी ने शनिवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर फर्जी विवाह मामले में सजा निलंबित करने और बाद में उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को इद्दत मामले नाम से चर्चित एक मामले में दोषी ठहराया गया था। उन्होंने इद्दत काल में कथित रूप से शादी की थी।

### सिख तीर्थयात्री जोर मेला के लिए पाकिस्तान पहुंचे

**लाहौर, एजेंसी।** भारत के 800 से अधिक सिख श्रद्धालु गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर लगने वाले तीन दिवसीय जोर मेले में भाग लेने के लिए शनिवार को यहां पहुंचे। जोर मेला 15 जून से यहां गुरुद्वारा डेरा साहिब में आयोजित किया जाएगा। इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अधिकारी गुलाम मोहुद्दीन ने एजेंसी को बताया कि पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष एवं पंजाब के अल्पसंख्यक मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा और ईटीपीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने वाघा सीमा पर 846 सिख तीर्थयात्रियों का स्वागत किया।

## रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में हमलों में 28 की मौत

कीव, एजेंसी

- यूक्रेन में आंशिक कब्जे वाले खेरसोन क्षेत्र के छोटे शहर साडोव में हुआ हमला
- फ्रांस निर्मित बम गिराए और अमेरिका से मिली हिमारस मिसाइल दागी गई

रूस के आंशिक कब्जे वाले खेरसोन और लुहांस्क जैसे क्षेत्रों में यूक्रेन के हमले में कम से कम 28 लोगों की जान चली गयी। इन क्षेत्रों में रूस द्वारा नियुक्त किये गये अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनके अनुसार, दोनों देशों की सेनाओं ने बीती रात एक दूसरे पर ड्रोन दागे। मास्को (रूस) समर्थित गवर्नर व्लादिमीर साल्डो ने बताया कि यूक्रेन में आंशिक कब्जे वाले खेरसोन क्षेत्र के छोटे शहर साडोव में शुक्रवार को यूक्रेन के हमले में 22 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 15 घायल हो गये।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, साल्डो ने कहा कि शहर पर यूक्रेनी सैन्य बलों ने पहले फ्रांस निर्मित बम गिराये और फिर अमेरिका से मिली हिमारस मिसाइल दागी। यूक्रेन में ही (रूस के) आंशिक कब्जे वाले लुहांस्क क्षेत्र में रूसी गवर्नर पासेचनिक ने शनिवार को बताया कि इस क्षेत्र की राजधानी लुहांस्क (लुहांस्क की राजधानी का नाम भी लुहांस्क है) में शुक्रवार को यूक्रेन के मिसाइल हमले के बाद मलबे से दो और शव निकाले गये और इस तरह मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी।

## बॉलीवुड हलचल

### हॉरर कॉमेडी फिल्म में नजर आयेंगे संजय दत्त

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त हॉरर कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आयेंगे। संजय दत्त अपनी अगली फिल्म द वर्जिन ट्री में न केवल अभिनय, बल्कि इसका सहनिर्माण भी कर रहे हैं। इस फिल्म में वह घोस्टबस्टर यानी भूत पकड़ने वाले बने हैं। फिल्म की घोषणा साल 2022 में ही हुई थी, लेकिन फिर इसे लेकर खास जानकारियां सामने नहीं आई थी। अब फिल्म के निर्माता दीपक मुकुट ने फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हॉरर कॉमेडी होने के साथ ही फिल्म म्यूजिकल भी है। आजकल हॉरर जॉनर काफी पसंद किया जा रहा है। कुछ वर्षों पहले मैंने ही संजय को एक म्यूजिक वीडियो के लिए अप्रोच किया था। उनके पास इस फिल्म कहानी थी। उन्होंने मुझे कहानी सुनाई और हम इससे जुड़ गए। हमने स्क्रिप्ट और कास्ट को फाइनल कर लिया। सिद्धांत सचदेव फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। दीपक मुकुट ने बताया संजय फिल्म में घोस्टबस्टर जरूर बने हैं, लेकिन उनके पास तरह-तरह के गैजेट्स यानी यंत्र होंगे, जिससे वह आत्माओं और भूत-प्रेत को ढूढेंगे और पकड़ेंगे। फिल्म की कहानी एक पेड़ के इर्द-गिर्द घूमेगी, जिसमें सुपरनेचुरल शक्तियां होंगी।

### बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 49 वर्ष की हुईं

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी आज 49 वर्ष की हो गयी। 08 जून 1975 को कर्नाटक के मैंगलोर में जन्मी शिल्पा ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1991 में महज 16 वर्ष की उम्र में लिम्का के विज्ञापन से की। शिल्पा ने बतौर अभिनेत्री अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म बाजीगर से की। इस फिल्म में शिल्पा ने शाहरूख खान की प्रेयसी की भूमिका निभाई थी। शिल्पा ने अपने सिने करियर में उस दौर के सभी दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, सलमान खान और गोविंदा के साथ काम किया है। वर्ष 2009 में शिल्पा ने जानेमाने उद्योगपति राज कुंद्रा के साथ विवाह कर लिया।शिल्पा ने वर्ष 2014 प्रदर्शित फिल्म ढिसकियाऊं से बतौर निर्माता अपने करियर की शुरूआत की लेकिन यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी।



### सन्नी देओल ने शेयर किया अपना शर्टलेस लुक

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल ने सोशल मीडिया पर अपना शर्टलेस लुक शेयर किया है। सन्नी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लाहौर 1947 को लेकर चर्चा में हैं। फिलहाल फैंस उनकी इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सन्नी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका गजब का ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिल रहा है। सन्नी देओल शर्टलेस नजर आ रहे हैं और सनग्लासेज में उनका लुक काफी शानदार लग रहा है। सन्नी ने अपने इस लुक की कई झलकियां वीडियो में दिखाई है। इसमें उनका चेहरा भी काफी बदला हुआ दिख रहा है। सन्नी देओल ने अपने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा।

## परिवार के रिसॉर्ट का अवैध हिस्सा ढहाया

**पुणे पोर्श हादसा**

**सातारा।** महाराष्ट्र के सातारा जिले में प्रशासन ने शनिवार को महाबलेश्वर में उस रिसॉर्ट में अवैध निर्माण को ढहा दिया, जिसका स्वामित्व पुणे पोर्श दुर्घटना में कथित रूप से शामिल किशोर के परिवार के पास है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला अधिकारियों ने महाबलेश्वर के मलकम पेठ क्षेत्र में परिवार के स्वामित्व वाले एमपीजी क्लब में अनधिकृत निर्माण को बुलडोजर से गिरा दिया। पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को एक पोर्श कार ने मोटरसाइकिल सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित रूप से टक्कर मार दी थी जिससे दोनों की मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया है कि यह किशोर नशे की हालत में कार चला रहा था। दुर्घटना तब सुर्खियों में आई, जब किशोर को बचाने के लिए काफी प्रयास किए गए।

**खगोल विज्ञान** पृथ्वी से नजर आएगा दुर्लभ नोवा विस्फोट

# वैज्ञानिकों को ब्रह्मांड में धमाके का इंतजार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में एक भयानक नोवा विस्फोट होने जा रहा है। यह विस्फोट पृथ्वी से देखा जा सकेगा। दुनियाभर के वैज्ञानिकों को इस धमाके का इंतजार है। हमसे तीन हजार प्रकाश वर्ष की दूरी पर यह धमाका होगा।

इस दुर्लभ खगोलीय घटना की खबर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जारी की है। कभी भी यह धमाका हो सकता है। इसकी निश्चित तिथि अभी तय नहीं है। मगर वैज्ञानिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जिस कारण वैश्विक खगोलविद इस दुर्लभ नोवा विस्फोट का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही पेशेवर और शौकिया खगोलविद की नजरें रात के आकाश में गहरे एक छोटे तारामंडल पर केंद्रित हैं। यह कोरोना बोरेलिस के उत्तरी क्राउन के सात सितारों के बीच एक अंधेरा स्थान है, जहां नोवा विस्फोट की यह घटना होगी। विस्फोट की चमक इतनी उज्ज्वल कि यह पृथ्वी पर नग्न आंखों से दिखाई देगी। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार इस तरह आकाशीय घटना जीवन में एक बार देखने को मिलती है। यह विस्फोट युवा वैज्ञानिकों के लिए ब्रह्मांड में होने वाली घटनाओं के शोध के लिए पुख्ता सबूत दे जाएगी। नासा ने इस घटना के वैज्ञानिक कारण को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की है।

वैज्ञानिक रिबका हौन्सेल नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर में नोवा घटनाओं में विशेषज्ञता रखने वाली वैज्ञानिक हैं। उनका कहना है कि अगली पीढ़ियों के वैज्ञानिकों के लिए यह घटना एक नई ऊर्जा के समान होगी।

### सुपरनोवा से अलग है नोवा विस्फोट की घटना

किसी तारे के अंत मे होने वाली घटना सुपरनोवा कहलाती है, लेकिन नोवा इससे अलग घटना होती है, जो तारे के बौना बन जाने के बाद भीतर की ऊर्जा विस्फोट के सात बाहर फेक देता है। नोवा विस्फोट कई बार होते रहता है। विस्फोट की घटना हजारों साल तक चलते रहती है, जो बहुत छोटे चक्रों के साथ लगभग सौ वर्ष में एक बार होती है।



अंतरिक्ष में नोवा विस्फोट की काल्पनिक तस्वीर।